

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853 9802414328



TITLE CODE :UPHIN49919

# दैनिक समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब, बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 1 अंकः 161 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) सोमवार 27 मार्च 2023 http://samajjagran.in पेज 12 मूल्य 05 रुपया


# 'कांग्रेस ने वोट बैंक के लिए आरक्षण का किया उपयोग', कर्नाटक में कांग्रेस पर जमकर बरसे अमित शाह

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उसने उन लोगों को कभी याद नहीं किया, जिन्होंने ''क्रूर'' निजाम शासन से हैदराबाद की मुक्ति के लिए संघर्ष किया और अपने प्राणों की आहुति दी. जिले के गोरता गांव में गोरता शहीद स्मारक और देश के पहले गृहमंत्री दिवंगत सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा का उद्घाटन करने के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने दावा किया कि मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली तेलंगाना सरकार आज भी हैदराबाद मुक्ति दिवस मनाने में ''हिचकती'' है.



केंद्रीय मंत्री शाह ने नौ मई, 1948 को गोरता में हुई बर्बर घटना को याद करते हुए कहा कि देश आजाद होने के बावजूद ''क्रूर'' निजाम ने 200 लोगों का नरसंहार किया था. शाह ने कहा, ''यहां गोरता में क्रूर निजाम ने 200 से ज्यादा लोगों का नरसंहार किया, लेकिन कांग्रेस ने अपनी तुष्टीकरण की नीति के चलते उन लोगों को कभी याद नहीं किया, जिन्होंने हैदराबाद की मुक्ति के लिए संघर्ष किया और कुबार्नी दी.'' सरदार पटेल को श्रद्धाजंलि देते हुए उन्होंने कहा कि पटेल न होते तो हैदराबाद आजाद नहीं होता.

अमित शाह ने कहा, ''तेलंगाना सरकार हैदराबाद मुक्ति दिवस मनाने से हिचक रही है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने इस दिन को भव्य तरीके से मनाने का फैसला किया है. अमित शाह ने रविवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण देने का कोई प्रावधान नहीं है.

# परिवहन मंत्री कल जनपद बलिया में 10 नई बसों को दिखाएंगे हरी झंडी

**-जिले का सुविधा विस्तार**
**-जीरावस्ती कार्यशाला, बलिया डिपो का भूमि पूजन भी करेंगे**

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र



प्रभार) दयाशंकर सिंह 27 मार्च को उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम, जीरावस्ती कार्यशाला बलिया डिपो का भूमि पूजन करेंगे एवं 10 नई बसों का उद्घाटन भी करेंगे। 10 नई बसों के डिपो में शामिल हो जाने से क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधाएं होंगी। यह जानकारी देते हुए सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक, बलिया ने बताया कि जीरावस्ती कार्यशाला बलिया के उद्घाटन से सम्बंधित समस्त तैयारियां चल रही हैं। उन्होंने बताया कि 10 नई बसों को हरी झंडी दिखाने की सभी व्यवस्था हो चुकी है।

## परिवहन मंत्री ने किया मोबाइल वेटरनरी यूनिट का शुभारंभ

ईएसवीएचडी योजनान्तर्गत रविवार को मोबाइल वेटेरिनरी यूनिट का शुभारम्भ दयाशंकर सिंह परिवहन मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) उ0प्र0 सरकार, जयप्रकाश साहू जिलाध्यक्ष भाजपा के साथ जिलाधिकारी रवींद्र कुमार बलिया एवं मुख्य विकास अधिकारी, बलिया, परियोजना निदेशक एवं मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, बलिया द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया।

मोबाइल वेटेरिनरी वाहन का टोल फ्री नं० 1962 है। जनपद में सात मोबाइल वेटेरिनरी वाहन आवंटित की गयी है। 50 प्रतिशत मोबाइल वेटेरिनरी वाहन प्रतिदिन निर्धारित रूट पर प्रातः 08:00 बजे से अपरान्ह 02:00 बजे तक चिकित्सा कार्य करेंगी तथा शेष 50 प्रतिशत मोबाइल वेटेरिनरी वाहन इमरजेन्सी रूट पर प्रातः 10:00 बजे से रात्रि 08:00 बजे तक चिकित्सा कार्य करेंगी। रात्रि 08:00 बजे के बाद प्राप्त इमरजेन्सी काल अगले कार्य दिवस में अटेन्ड की जायेगी। निर्धारित रूट पर चलने वाले वाहन प्रतिदिन कम से कम 03 ग्राम पंचायतों में जाकर बीमार पशुओं का उपचार करेगी। टोल फ्री नं0 1962 पर पशुपालकों द्वारा काल की जायेगी। उस काल परीक्षण काल सेन्टर पर उपलब्ध पशु चिकित्साविद द्वारा किया जायेगा। तदपश्चात इमरजेन्सी होने की दशा में मोबाइल वेटेरिनरी वाहन पर तैनात पशु चिकित्साविद को काल ट्रान्सफर की जायेगी। मोबाइल वेटेरिनरी वाहन तत्काल सम्बन्धित पशुपालक के द्वार पर प्रस्थान कर उपचार करेगी।

पशुपालक द्वारा की गयी काल का काल सेन्टर पर तैनात पशु चिकित्साविद द्वारा इमरजेन्सी का परीक्षण करने के उपरान्त यदि पशुपालक की समस्या इमरजेन्सी श्रेणी में नही है तो टेलीमेडिसीन प्रेसक्राइब कर पशुपालकों की समस्या का समाधान किया जायेगा। पशुपालाकों का उनके द्वार पर निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। पशुपालकों से सिर्फ पंजीकरण शुल्क लिया जायेगी। शासन द्वारा प्रति बड़े पशु (गाय, भैंस, घोड़ा आदि) रू0 05.00 प्रति छोटे पशु (भेंड़, बकरी, सुकर आदि) तथा प्रति कुत्ता बिल्ली रू0 10.00 निर्धारित किया गया है। सरकार की इस योजना से दुरस्थ ग्रामों में निवास करने वाले पशुपालकों को निःशुल्क पशु चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी। जिससे पशुपालकों के आय में वृद्धि होगी। इस मौके पर जनपद के समस्त उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी / पशु चिकित्साधिकारी तथा कार्यालय स्टाफ एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।


**रिपोर्टर चाहिए दिल्ली नोएडा से प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र को**

* देश में तेजी से फैलते दैनिक समाज जागरण सीपी एच को अंशकालीन पत्रकारों की आवश्यकता है।
अपने क्षेत्रों में रहकर एरिया वाइस युवक युवतियां हरियाणा पंजाब हिमाचल के हर क्षेत्र से विज्ञापन प्रतिनिधि और रिपोर्टर संपर्क करें *
योग्यता अनुसार मानधन दिया जाएगा संपर्क 9802414328

**,सोमवार से पढ़िए घर समाज में धन प्रतिष्ठा कमाएं**
**खाटूश्याम जी की मनमोहक कला कीर्ति से ज्वेलरी मंगाईए नरेश गुप्ता ज्वेलरी खाटूश्याम जी मनमोहक ज्वेलरीअंबाला कैंट, खाटू श्याम भक्त की कलम बताएगी चमत्कार केसे होगा संकट से बेड़ा पार-**
9802414328


# मुख्यमंत्री सुक्खू ने बालिका आश्रम में मनाया अपना 59वा जन्मदिवस

**कृष्णराज अरुण सीपी एच संपादक- राजधानी ब्यूरो टीना ठाकुर**

चंडीगढ़/शिमला - परमार्थ जनसेवा को समर्पित हिमाचल के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बालिका आश्रम टूटीकण्डी, शिमला में आज रविवार को बालिकाओं के साथ अपना 59वां जन्मदिवस मनाया और उन्हें मिठाईयां बांटी। इस अवसर पर केक भी काटा गया तथा बालिकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया।

मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार ने राज्य के 6 हजार अनाथ बच्चों के लिए मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना आरम्भ की है तथा विशेष रूप से सक्षम बच्चों के लिए भी एक योजना तैयार की जा रही है, जिसे शीघ्र ही आरम्भ किया जाएगा। यह योजना ऐसे बच्चों की क्षमता विकास तथा उनकी आकांक्षाओं को पूर्ण कर आजीविका अर्जित करने के उद्देश्य से बनाई जा रही है जिसे पूरी निष्ठा से पूर्ण किया जायेगा।

इससे पूर्व, विभिन्न क्षेत्रों तथा वर्गों के लोगों ने मुख्यमंत्री के निवास ओक ओवर में जन्मदिवस के अवसर पर उन्हें शुभकामनाएं दीं तथा उनके स्वस्थ जीवन एवं दीघार्यु की कामना की।

मौके पर मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी एवं हिमाचल प्रदेश राज्य रेडक्रॉस अस्पताल कल्याण अनुभाग की अध्यक्षा, कमलेश ठाकुर भी इस अवसर पर उपस्थित थीं।




प्रदेश सचिवालय में मुख्यमंत्री ने देहरादून में आयोजित अखिल भारतीय प्रशासनिक सेवाएं कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल करने वाली हिमाचल प्रदेश सचिवालय सेवाएं खेल नियंत्रण बोर्ड की टीम को सम्मानित किया।

उन्होंने विजेता टीम को एक लाख रुपए प्रदान करने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने जागरूकता पैदल यात्रा में भी भाग लिया जिसमें सैंकड़ों स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

यह यात्रा सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से सचिवालय से आरम्भ होकर ओक ओवर में सम्पन्न हुई।

मुख्यमंत्री रिज पर रक्तदान शिविर तथा गेयटी थियेटर मे सिनर्जिस्टिक यूथ एंड कल्चरल ऑर्गनाइजेशन द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश का भविष्य उज्ज्वल है तथा राज्य देश में मॉडल राज्य के रूप में उभर रहा है।

ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि सरकार मादक पदार्थो के दुरूपयोग को रोकने के लिए सख्त कानून बनाने जा रही है। प्रदेश में शिक्षा क्षेत्र को और सुदृढ़ करने के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने ट्वीट के माध्यम से मुख्यमंत्री को जन्मदिवस की शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल तथा उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने दूरभाष पर उन्हें जन्मदिवस की बधाई दी।

हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, मंत्रीगण, विधायकगण, विभिन्न बोर्ड तथा निगम के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष, वरिष्ठ प्रशासनिक तथा पुलिस अधिकारी और प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोग भी इस अवसर पर उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने माता तारा देवी मंदिर में शीश नवाया और पूजा-अर्चना की। उन्होंने प्रदेश की उन्नति तथा खुशहाली के लिए प्रार्थना की।

# नोएडा औद्योगिक सेक्टरों में व्यवसायिक उपयोग पर नीति बनाकर हो बदलावः अनिल के गर्ग

**हमसे तो अच्छा शहर के 1 लाख ठेली पटरी वाले है जिनको प्राधिकरण नें हजार 2 हजार लेकर अनुमति दिया हुआ है। प्रभारी मंत्री के सामने समस्या रखते हुए एनईए अध्यक्ष श्री विपिन महल्हन ने कहा। समय समय पर बदलाव के लिए उठते रहे है मांग लेकिन नोएडा प्राधिकरण ने तानाशाही रवैया अपनाए हुए है।**




**समाज जागरण नोएडा डेस्क**

नोएडा सेक्टर 9-10 को अब व्यवसायिक बनाने की मांग जोरो शोरो से उठने लगी है। पिछले 25 वर्षों से नोएडा के कई औद्योगिक सेक्टरों को व्यवसायिक सेक्टरों में बदलने की मांग जारी है। हाल ही में नोएडा इन्टरप्रेन्योर एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री विपिन मल्हन ने प्रभारी मंत्री के सामने अपने ब्यान मे नोएडा प्राधिकरण पर तानाशाही का आरोप लगाते हुए कहा है कि हहमसे अच्छा तो शहर के 1 लाख से ज्यादा ठेली पटरी वाले है जिनको हजार, दो हजार लेकर लाइसेंस पकड़ा दिया जाता हैह जबकि हम व्यापारी लोग सरकार को टैक्स देते है। लोगो ने जगह लीज पर लिया हुआ है। दुकान से लोगों के रोजगार चलते है और लोगो को रोजगार मिलते है।

श्री मल्हन ने कहा " पहले मशीन के कोई भी पार्ट अगर खराब होता था तो लोगो को दिल्ली के कश्मीरी गेट जाना पड़ता था या फिर गाजियाबाद के लालकुआँ। जिसके कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था और समय भी खराब होते थे। हम लोगों ने धीरे-धीरे उन पार्टों की उपलब्धता यहाँ बढ़ा दी । इसे हम लोग रॉ मेटेरियल के मार्केट के रूप में पहचान दिलाया है। लेकिन आये दिन कोई भी अधिकारी आते है और कहते है कि दुकानों को सील कर दो। दुकान को सील करके चले जाते है। नोएडा में उद्यमियों के समस्या को प्रभारी मंत्री के सामने रखते हुए उन्होंने एक ट्वीट किया जिसका विडियो टवीटर पर टवीट किया गया है।

नोएडा शहर के वरिष्ठ नागरिक व अधिवक्ता श्री अनिल के गर्ग ने टवीटर पर अपने पहले के विचार को साझा करते हुए लिखा है "हम तो पहले से ही नोएडा प्राधिकरण से मांग करते आ रहे है लेकिन बड़ी हैरानी की बात है प्राधिकरण



ने अभी तक इस पर कोई स्पष्ट नीति तैयार करने में असफल रही है। जबकि नोएडा सेक्टर 8,9 और 10 तो लगभग पूरी तरफ से व्यवसायिक गतिविधियों में लिप्त है" नोएडा प्राधिकरण को चाहिए कि एक स्पष्ट नीति बनाकर जो भी शुल्क बनता है उसको लिया जाय और इन औद्योगिक क्षेत्रों को व्यवसायिक में बदलाव करे।

इसके साथ ही इन क्षेत्र से प्राप्त राजस्व को इन्ही क्षेत्रों के विकास में लगाया जाय ताकि यह एक स्मार्ट सिटी बन सके। नोएडा के इन सेक्टरों मे हुए अतिक्रमण को देखकर कोई कह सकता है कि नोएडा एक स्मार्ट सिटी है। एक तरफ दुकाने खुली हुई है तो दूसरी तरफ झुग्गी झोपड़ी ने विशाल रूप लिया हुआ है।

अब जबकि नोएडा सेक्टर 5, 8,9,10 में बड़ी मात्रा में व्यवसायिक गतिविधियाँ चल रही है तो अब नोएडा प्राधिकरण को इन सेक्टरों को व्यवसायिक घोषित कर नियम अनुसार राजस्व प्राप्त करना चाहिए। 50 हजार से लेकर 1 लाख 25 हजार प्रति वर्ग स्क्वाइर मीटर के दर से शुल्क लेकर 2 का एफएआइ देना चाहिए। इसके साथ ही जो बिजली औद्योगिक नीति के तहत सस्ती दर पर उपलब्ध कराये जा रहे है उसे भी व्यवसायिक में बदलना चाहिए। इसके साथ ही जिस प्रकार से दिल्ली के चांदनी चौक को विकसित किया गया है उसी तर्ज पर नोएडा सेक्टर 8,9 और 10 को भी विकसित करने की जरूरत है।

# राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता समाप्त किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण

**संतोष द्विवेदी, समाज जागरण**

नगरा (बलिया) : समाजवादी के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधायक राम इकबाल सिंह ने सांसद राहुल गांधी



की लोकसभा सदस्यता समाप्त किये जाने को दुर्भाग्यपूर्ण घटना करार दिया है। पूर्व विधायक ने कहा कि राहुल गांधी जिस निर्भिकता से लोकतंत्र की रक्षा हेतु आवाज उठा रहे थे, सरकार ने उनकी सदस्यता समाप्त कर उसे दबा दिया है। राहुल गांधी लोकसभा में जो विचार रखना चाहते थे सरकार ने वह रास्ता ही बंद कर दिया। राहुल को अब सुअवसर मिल गया। अब वे पूरे समय विपक्षी एकता के लिये मेहनत करें। श्री सिंह ने कहा कि राहुल गांधी अगले लोकसभा चुनाव में तानाशाह हुकूमत को उखाड़ फेंकने का संकल्प लें। उन्हें चाहिये कि समान विचारधारा वालों के साथ अभी से तालमेल का प्रयास करें। पूर्व विधायक ने राहुल गांधी को सझाव दिया कि वे स्वंय प्रधानमंत्री की दौड़ से बाहर रह कर किंगमेकर की भूमिका निभायें। आने वाले समय में भाजपा को उसकी करनी का फल जनता अवश्य देगी। हिंडन वर्ग की रिपोर्ट के बाद केंद्र सरकार बौखला गयी है।

# नोएडा सदरपुर सेक्टर 45, पिज्जाग्रीड कैफे का भव्य शुभारम्भ।

**नोएडा समाज जागरण डेस्क**

नोएडा सदरपुर सेक्टर 45 स्थित हरिधन प्लाजा में पिज्जाग्रीड कैफे का आज भव्य शुभारम्भ किया गया।



उत्तर प्रदेश महिला आयोग के अध्यक्ष श्रीमती विमला बाथम ने आज रिबन काट कर इसका श्री गणेश की तथा इस उद्घाटन के लिए बधाई दी । सदरपुर हरिधन प्लाजा में आयोजित आज के शुभारम्भ कार्यक्रम में पिज्जाग्रीड कैफे के स्वामी श्रीमती सुनिता सिंह ने मुख्य अतिथि व पूर्व विधायक नोएडा, उत्तर प्रदेश महिला आयोग के अध्यक्ष श्रीमती विमला बाथम का भव्य स्वागत किया और कार्यक्रम में पधारे सभी सम्मानित भाई बहनो का आभार व्यक्त किया। इस शुभारम्भ के लिए, राष्ट्रीय योगी सेना के नोएडा महानगर अध्यक्ष श्री जितेन्द्र कुमार राजपूत एवं सदस्या बड़ी संख्या में मौजूद रहे और इस स्टार्टप के लिए शुभकामना दी है।

बताते चले की इस पिज्जाग्रीड के उद्घाटन होने से आस-पास के लोगों में बहुत ही उत्साह देखा गया और आज पहले दिन भी अच्छी खासी ग्राहक देखने को मिला।

इस अवसर पर सीएड्ड एड्ड पीड्ड सिंह, एनड्ड पीड्ड सिंह शैलेन्द्र सिंह, गिरीश कोटनाला, भाजपा मंडल अध्यक्ष कल्लू सिंह, जितेन्द्र कुमार राजपूत, उमेश चौहान, संजय चौहान, सूरज गुप्ता, अमरजीत दास,संजीव राठौर, राजेंद्र चौहान, राकेश चौहान, देवेन्द्र प्रताप सिंह,पूनम सिंह, डिम्पल आनंद, साधना चौहान, लक्ष्मी पटवाल, इंद्रावती, रूपा गुप्ता,आशा पोद्दार, मोहन पटवाल , मनीष जमुआर, सुखेंद्र चौहान आदि उपस्थित रहे

# घर को सजाए ऐसे कि दीवारें बोल पड़े वाह!!!!

**समाज जागरण**

अधिकांश लोगों का मानना होता है कि घर बड़ा हो या फिर महंगी चीजों और बड़े-बड़े सामानों से ही घर की सजावट होती है। लेकिन घर को सजाने के लिए छोटी से छोटी चीज भी बड़ी मायने रखती है और घर छोटा हो या बड़ा उसकी सजावट का लेकर हर किसी के मन में उथल-पुथल मची ही रहती है। घर को सजाने का सबसे महत्वपूर्ण अंग होता है उसका रंग। रंगों से आप अपने घर को जैसा चाहे वैसा लुक दे सकते है। रंग बड़े घर को छोटा और छोटे घर को बड़ा बना सकते है। लेकिन इसके साथ ही कई ऐसे विकल्प भी है, जिनसे आप छोटे से घर को एक एक्सपेंसिव लुक दें सकते हैं। अधिकांश छोटे घरों में दो रूम, किचन, बाथरूम, लिविंग रूम और गार्डन होता है। बड़े घरों को डेकोरेट करना फिर भी आसान होता है। लेकिन छोटे घरों को सजाना थोड़ा मुश्किल हो जाता है। लेकिन आजकल स्पॉट पेंट का स्टाइल है उससे दीवार पर फोटो फेम या किसी भी तरह की पेटिंग लगाने की कोई जरूरत महसुस नहीं होती है। लेकिन आप निम्न बातों के साथ आपने घर को एक डिफरेंट लुक दे सकते हैंरू-

**रंगों का भी रखें ख्याल**

रंग तो कई होते हैं पर आपकी पसंद ही यह निश्चित करती है कि आखिर में कमरा कितना बड़ा या छोटा दिखेगा। गहरे रंग जीवंतता का भाव पैदा करते हैं, लेकिन निश्चित रूप से कमरे को छोटे दिखाते हैं, खासकर तब जब कमरे में पर्याप्त वेंटिलेशन की कमी हो कूल और हल्के रंगों से इसके विपरीत कमरा बड़ा और अधिक खुला दिखता है, जिससे आप उसे अच्छे से डेकोरेट कर पाएगें। घर छोटा हो तो जाहिर है ज्यादा सामान मुसीबत बन जाता है। घर के एक-एक इंच कोने का इस्तेमाल स्मार्ट तरीके से करें। इनमें जो भी सामान रखें वो सलीके से, ताकि जगह का भी इस्तेमाल हो और देखने में भी बुरा न लगे। इस तरह से आप अपने छोटे से घर को भी बेहतर ढग से सजा सकते है और उसके लुक को एक बेहतरीन, शाही, एक्सपेंसिव और खूबसूरत लुक देने के साथ उसकी सजावट का सकते है। जिसे देखकर कोई भी वाह किया बिना नहीं रह सकेगा।

**कुशंस से भी सजाएं**

मार्केट में कुशंस की काफी वैराइटीज मौजूद है, जैसे-सिल्क, कॉटन, पॉली सिल्क, सिंथेटिक, हाथों से बनाई, मशीन से बनाई, मशीन की सजावट से प्रिंटिट या ब्लॉक प्रिंटिट और केवल प्रिंटिट वाले भी मौजूद हैं। डिफरेंट फेब्रिक के डिजाइन उपलब्ध हैं। जिसे आप आसानी से मिक्स और मैच करके इस्तेमाल करके अपने घर की खूबसूरती बढ़ा सकते हैं। कोटन, सिल्क और पॉलिस्टर के कुशंस सबसे ज्यादा इस्तेमाल किए जा रहे हैं। कोटन कुशंस खासतौर से गर्मी के मौसम में लगाए जाते हैं। सिंथेटिक, जार्जेट सर्दियों के मौसम में इस्तेमाल किए जाने वाले फेब्रिक में आता है। टिशु, वूल, नाइलोन, लेस और वेलवेट के कुशंस रूम को एक हाई प्रोफाइल लुक देते हैं। कुशन की बनावट बहुत तरीकों से की जाती है, जैसे-जरदोजी, एम्ब्रॉयडरी, एपीक्यू, प्रिंटिंग, पेंटिंग आदि जिससे उसकी बनावट में तो चार-चांद लगते ही हैं, साथ ही आपके घर के इंटीरियर को भी एक हाई लुक के साथ-साथ शानदार लुक भी मिल जाता है। कुशंस से इस तरह सजाए अपने घर को-

बड़े कुशन को पीछे रखते हुए उससे छोटे को आगे घटते क्रम में लगाकर रखने से बेड और सोफे का लुक डिफरेंट दिखने के साथ ही आपके डेकोरेटिव कुशन के कपड़े और रंग को भी आसानी से देखा जा सकता है।

डेकोरेटिव कुशंस रूम की शोभा को बढ़ाने के साथ उसे एक डिफरेंट लुक भी देते हैं। खासतौर से खिड़कियों के पास बैठने की जगह पर रखकर, आप उस साइड प्लेस को भी एक आकर्षित लुक दे सकते हैं। इस तरह के कुशन को आप जब पढ़ रहे हों तो सपोर्ट के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं, साथ ही इसे आप रात को बैठकर रूम में बात करते समय साइड सपोर्ट के लिए भी उपयोग कर सकते हैं। रेडिमेड कुशंस की भी मार्केट में काफी वैराइटीज देखी जा रही है। उनमें से नेट और टिशू के फेब्रिक से बने कुशंस देखने में काफी सुंदर लग रहे हैं। धागों से बनी एम्ब्रॉयडरी एक अलग लुक देती है। झालर और सिक्योस लगे रेडिमेड कुशंस और भी सुंदर लगते हैं और एक शाही लुक देते हैं। साथ ही लेदर, साटन, सिल्क, जार्जेट, सिंथेटिक, कॉटन, पॉलिस्टर, जार्जेट मिक्स सिल्क, प्लास्टिक, कॉटन मिक्स सिंथेटिक आदि कई तरह के कुशंस मौजूद हैं।

बेडरूम घर का सबसे सुकून देने वाला स्थान होता है। इसलिए उसकी सजावट और बनावट घर के और स्थानों से अधिक ध्यान देकर बनाई जाती है। बेडरूम में कुशंन से सजावट करते समय यह जरूर ध्यान दें कि जिस रंग की बेडसीट हो, उसी रंग का कुशन या उससे मिक्स मैच करता हुआ ही कुशन रखें। बेड को आप रंगों से भर सकते हैं, जैसे-ब्राउन, रेड और कॉपर के रंग। कुछ गहरे रंग और कुछ डिजाइन या डेकोरेट होते लेकिन ये सब एक-दूसरे के साथ जुड़े होने चाहिए।

अलग-अलग तरह आकार और रंगों के कुशन लेकर उसे सोफे या बेडरूम या फिर साइड कॉर्नर में डिफरेंट तरीके से सजा दें, जिससे देखने वाले को वे अपनी ओर तो आकर्शित करेगा ही, साथ ही डिजाइनर लुक भी देगा। इसके लिए आपको चाहिए कि आप सारी अलग-अलग वैराइटीज के कुशंस लें, जैसे-लेदर, सिल्क और कॉटन के कपड़े के साथ डिफरेंट रंगों और डिजाइनों के फेब्रिक लें।

**हर रूम कुछ कहता है**

डोर को इस स्टाइल से सजाएं कि वो देखने में अट्रैक्टिव लगे और भरा-भरा सा भी। दीवारों की साइड आप लकड़ी की सीढ़ी स्टाइल के बुकशेल्फ बनाएं। इसके अलावा दरवाजे के ऊपर भी लकड़ी से कैबिनेट बनवाएं। मेन गेट पर विभिन्न प्रकार के पौधों के गमले लगवा सकते है। घर का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा होता है किचन। किचन की सजावट के लिए आप किचन के ड्रा को स्लाइड स्टाइल के बना सकते है। किचन में एक ऐसा अंडर शेल्फ बनवा सकते है जो आपके छोटे-मोटे बर्तनों को एजस्ट कर देता है और एक बटन दबाने पर खुल और बंद हो जाता है जिससे वे किचन को एक स्टालिश लुक तो देता ही है साथ ही जगह भी कम घेरता है। बाकी के शेल्फ दीवार से जुड़े बनवा ले, स्लाइड या शीशे वाले बर्तन रखने वाला ऐसा एजस्ट करवाए जिसमें पानी जमा ना हो पाए। यदि बाकया आपका किचन छोटा है तो आप उसे ऑपन किचन का भी लुक दे सकते है। जिससे स्पेस के साथ डिनर टेबल भी वही लगा सकते है।

लिविंग रूम में बैठक के लिए आज बहुत सी वैराइटीज मार्केट में उपलब्ध है जिन्हें इस्तेमाल कर आप अपने घर के इस एरिया को भी एक बेहतरीन लुक प्रदान कर सकते है। ज्यादातर लोग वही पुरानी सोफा सेट स्टाइल लिविंग रूम में रखते है चूंकि वे काफी ऑल्ड फैशन हो गया है इसलिए आप उसकी जगह फोल्डिड सोफा सेट या सोफा विथ बेड रख सकते है। इससे टू-इन-वन काम हो जाता है। मेहमान कभी भी घर आ जाते है उनके लिए अपना रूम छोडना पड़ जाता है लेकिन अब आपको अपना रूम छोडना भी पड़े तो आप भी आराम से सो सकते है और जब सुबह होगी तो उसे फोल्ड कर सकते है। साथ ही लकड़ी का साइड टेबल भी बनवा सकते है उसपर फूलदान या डिजिटल फोटो फेम और स्टेचु भी रख सकते है। लिविंग रूम में सोफों के साथ चाय, कॉफी, स्नैक के लिए लकड़ी का स्टालिश टेबल या शीशें का टेबल भी रख सकते है।


विनिता झा

# बैठकी

# मोदी-अडानी और विपक्ष का सच

**समाज जागरण**

कॉलबेल की आवाज ने मेरी तंद्रा भंग की! उठकर दरवाजा खोला और हम सभी बैठक खाने में----


सरजी, संसद सदस्यता समाप्त होने के बाद, प्रेस कॉन्फ्रेंस में राहुल गांधी का मुख्य टारगेट "अडानी और मोदीजी" रहे! राहुल रट लगा रहे थे कि अडानी को 20 हजार करोड़ किसने दिया!! किसने दिया!! और विदेश में कितनी बार अडानी और मोदीजी साथ गये!!

लगता है, कांग्रेस के जिम्मे यही एक मुद्दा रह गया है!! क्या, इस मुद्दे को उछालने से, कांग्रेस का मतलब सिर्फ ये सिद्ध करना है कि मोदीजी भ्रष्ट हैं!! क्या भारत की जनता इतनी मूर्ख है जो अभी तक मोदीजी और उनके क्रिया- कलापों को नहीं समझ पायी है !! क्या बेवकुफी है!!--- उमाकाका बिलकुल सामयिक दिखे!

काकाजी, विपक्ष के पास मुद्दे का अकाल पड़ गया है! 2014 से मोदीजी के नेतृत्व में देश जिस गति से विकास के उचें सोपानों की ओर अग्रसर हो रहा है उससे देश के विपक्षी हीं नहीं अमरीका, चीन जैसे देश भी खार खाये बैठे हैं! जबकि मोदीजी के संकल्प "न खायेंगे और न खाने देंगे" ने, हमारे देश के सत्ता लोलुपों और विगत में भ्रष्टाचार से बने, धन्नासेठों की नींद हराम कर रखी है! आखिर सीबीआई, ईडी से विपक्षी घबड़ाये क्यों हैं!!!--- मास्टर साहब ने वाजिब कहा!

मास्टर साहब, साफ झलक रहलबा कि मये चोरवा-"हाय हाय, करत हवे! एक ओर केंद्रीय एजेंसी- सीबीआई आ ईडी,भ्रष्टाचारी आ चोरवन के नींद हराम कईले ह त, दुसरा ओर यूपी में योगीजी, माफियन के बांस कईले हवन! दूनों झटपटात हवन! जनता, सब लीला देखत आ बुझत ह! बाकी इ अमेरिका आ चीन काहे खार खईले ह! इ हमके ना बुझाइल!!-- मुखियाजी जोश में!

ए मुखियाजी, 100 बर्षों से,अमेरिका सुपर पावर है और इसके पीछे उसकी टेक्नोलॉजी, उद्योग और व्यवसाय है! अगर कोई दुसरे देश का उद्योगपति टक्कर देने का प्रयास करता है तो उसे येन केन प्रकारेण, नष्ट कर देता है! इसी का उदाहरण भारतीय उद्योगपति अडानी हैं !विगत 5-6 बर्षों में अडानी विश्व का दुसरा बड़ा उद्योगपति बन चूके थे! अगर अडानी को नहीं बाधा पहुंचाई गयी होती तो 2024 तक विश्व का नंबर वन बन जाते! भारत आने वाले 20 बर्षों में आत्मनिर्भर बन जाता ! भारत बहुत बड़ा बाजार है और यदि आत्मनिर्भर हो जायेगा तो अमेरिका, युरोप, चीन तथा अरब कंट्रीज को भारी घाटे का सामना करना पड़ता! भारतीय रुपया डालर के मुकाबले मजबूत हो जाता!---मैं चुप हुआ!









ठीक कह रहे हैं सरजी, भारत बहुत बड़ा बाजार है इसलिये विदेशी ताकतें बिलकुल नहीं चाहेगी कि भारत में मजबूत सरकार रहे! ये चाहेगीं कि भारत में मिली जुली सरकार रहे और भ्रष्टाचार के बल पर विदेशी ताकतों की सिद्धियाँ होती रहे! ये अपनी मर्जी के हिसाब से भारत में व्यवसाय कर सके और भारत हमेशा इन देशों का मुंहताज बना रहे!---कुंवरजी भी चिंतित लगे!

इसबीच बेटी चाय का ट्रे टेबल पर रख गयी और हम सभी एक एक कप उठा लिये! पुनः चुस्कियों के साथ आगे की ओर----

कुंवरजी, आज इस भूमंडलीकरण के युग में किसी भी देश की ताकत उसके उद्योगपति हीं हैं जो अपने देश के कौशल और उत्पाद का विदेशों में मार्केटिंग करते हैं! यहाँ सरकार का कर्तव्य उद्योगपतियों के हितों की रक्षा करना होता है! इसी सिद्धांत पर मोदी सरकार चल रही है जिसके चलते आज अडानी, अंबानी, टाटा आदि संसार में भारत का दबदबा बना रहे हैं!--- मास्टर साहब ने अपनी रखी!

अब समझ में आया, अडानी के पिछे अमेरिका स्थित शार्ट सेलिंग कंपनी-हिडेनबर्ग ने अडानी कंपनियों के खिलाफ अनाप-सनाप रिपोर्ट प्रकाशित की थी जिसके परिणामस्वरूप अडानी कंपनियों के शेयर गीर गये और हजारों करोड़ का कंपनी को घाटा झेलना पड़ा!--सुरेन्द्र भाई सही पकड़े!

ए सरजी, इतना तो स्पष्ट है कि देश के युवाओं की बेरोजगारी खत्म करने के लिए औद्योगिक विकास प्राथमिक आवश्यकता होती है!

मेरे एक मित्र झारखंड के गोड्डा जिले में अध्यापक हैं ! कह रहे थे कि गोड्डा में अडानी कंपनी का बिजली उत्पादन का थरमल प्रोजेक्ट, 650 एकड़ में है जहाँ से उत्पादित बिजली का 25 प्रतिशत झारखंड सरकार को मिलेगा और बाकि बंगलादेश को बेचा जायेगा! जानते हैं!! वहाँ किसानों और आदिवासियों की जमीन अडानी की कंपनी ने अधिगृहीत किया है लेकिन जिस जमीन की कीमत 30 हजार प्रति एकड़ है उसकी कीमत जमीन मालिक को 49 लाख प्रति एकड़ दिया गया है! अब जमीन देने वाले सभी गरीब एक झटके में अमीर बन गये हैं! इसके अलावे वहाँ के हजारों युवाओं को रोजगार मिल गया है! इतना हीं नहीं, उस जिले में अडानी वेलफेयर फाउंडेशन अस्पताल से लेकर कई सामाजिक कल्याण की मुफ्त गुणवत्तापूर्ण प्रोग्राम चला रही है! अब तो गोड्डा जिले का रंग रुप हीं बदल गया है! ---पारस नेता, बहुत देर बाद सरीक हुए!

ए नेताजी, एक बात मेरी समझ में नहीं आती कि विश्व जहाँ मानता है कि मोदीजी के नेतृत्व में,भारत की साख एक विशिष्ट पहचान बना रही है और भारत के प्रधानमंत्री विश्व के सर्वाधिक पसंदीदा नेता हैं तथापि विपक्ष,उनकी किसी उपलब्धियों को स्वीकार क्यों नहीं करता!! जबकि देश के विरुद्ध कुछ भी दिख जाय तो पहाड़ खड़ा कर देता है! सकारात्मक विपक्षी राजनीति की जगह सिर्फ और सिर्फ नाकारात्मक विपक्षी राजनीति हीं दिखती है! मुझे तो लगता है कि जबतक, हमारे देश की जनता, समझदार नहीं बनेगी, हम सुपर पावर नहीं बन सकते!---उमाकाका ने,पते की कही!

एक नंबर की बात कहे हैं, काकाजी! आज सारा देश देख रहा है कि विपक्षियों को देश और देश की जनता की चिंता तो बिलकुल नहीं रह गई है! यदि रह गई है तो बस अपने साम्राज्य की सुरक्षा की चिंता! और यही चिंता संभवतः सारे विपक्षियों को एक प्लेटफार्म पर आने को मजबूर कर रहा है! और चाणक्य ने कहा है--"जब सारे विपक्षी एक साथ हो लें तो समझो कि राजा ईमानदार है"! --- सुरेन्द्र भाई तो निचोड़ कर रख दिये!

ए भाई लोग, विपक्षियन के त धरमें ह विरोध कईल बाकि, देशहित के पहिले देखे के चाहीं ना त-- ये पब्लिक है सब जानती है! अच्छा चलल जाय! मुखिआइन खाये ला, राह निहारत होइहें!--कहकर मुखियाजी उठ गये और इसके साथ हीं बैठकी भी.....!!!


प्रोफेसर राजेन्द्र पाठक (समाजशास्त्री)

# प्रभुनाम : मन के कूकर की सीटी

फिजियोथैरेपी के वर्गखंड में 70 युवक-युवतियां बैठे थे। "आर्ट ऑफ कम्युनिकेशन" विषय पर मेरा प्रशिक्षणवर्ग 'व्यक्तित्व विकास' के अंतर्गत शुरू होना था। और मैंने शुरू कियाः जय श्रीकृष्ण! कई छात्रों ने एक-दूसरे की तरफ देखा, हँसे, और प्रतिघोष किया : जय श्रीकृष्ण! मैंने तुरंत कहाः जय स्वामिनारायण। अब सबकी आवाज एक साथ आई : जय स्वामिनारायण।

विद्यार्थियों को थोड़ा सा अजीब लग रहा था, शायद इसलिए कि कॉलेज के लेक्चर के आरम्भ की इस प्रकार की परम्परा उन्होंने आज तक देखी या सुनी नहीं थी...परन्तु प्रभुनाम को आत्मसात करने का उनका उत्साह प्रतिक्रिया के रूप में तुरंत दिखाई दे रहा था। मन वास्तव में प्रसन्न हुआ ।

जब भी हमारा मन उदास होता है, कर्जदारों के फोन की घंटियां लगातार दनदनाती रहती हैं, घर में माता-पिता या सास-ससुर की गंभीर या पुरानी बीमारियों ने न केवल घर को, बल्कि मन और धन को भी घेर लिया होता है, बेटा या बेटी ने यदि अनुचित रास्ते पर चलकर सारे समाज में परिवार की छवि को धूमिल किया है, ब्याज की चपेट में बैंक बैलेंस ढह रहा है, कोर्ट केस की तारीख पे तारीख दिमाग और दिल को कुचल रही है, आधी रात में नींद उचट रही है, ऐसी हर स्थिति में, कहा जाता है कि "हरिनाम" से बड़ी सांत्वना कोई नहीं है।

लेकिन क्या आपने वाकई श्रद्धा और विश्वास के साथ किए गए ऐसे नामजप का कोई स्वानुभव किया है?

मुझे इसी सन्दर्भ में हमारे एक बुजुर्ग की विशेष आदत याद आ रही है। वे जब भी हाथ में अखबार लेते हैं और जब आत्महत्या, दुर्घटना, युद्ध, हत्या या दंगे से हुई मौतों के समाचार पढ़ते हैं, तो वे उच्च स्वर से बोल उठते हैंः हे राम, हे हरि, हे नारायण! इन सभी आत्माओं को सद्गति दें...

जब कोई पूछता है चाचा, क्या आपकी यह प्रार्थना फलीभूत हो रही होगी?

और वे सहज भोलेपन से मुस्कराते हुए कहते हैं, ह्यभाई, प्रार्थना सुनना-न सुनना भगवान का काम है। लेकिन ऐसी अपमृत्यु की खबरें सुनकर इतनी पीड़ा होती है, कि मैं तो इस प्रार्थना से अपने भीतर की उस पीड़ा को कम करने का काम कर रहा हूं। चाहे सब को लगे कि मैं कोई परमार्थ कर रहा हूँ, तो ठीक है, पर वास्तव में मैं यह अपने स्वार्थ के लिए ही कर रहा हूँ...!

अगर तुलसीदासजी कहते हैंः "राम नाम एक अंक है, सब साधन है सब शून्य !"

या कबीरजी कहते हैंः "जा मुख राम ना निकसे, वो मुख है किस काम?"

या फिर गुरु नानक लिखते हैं कि "तू नाम जपन क्यों छोड़ दिया?"

या ब्रह्मानंद स्वामी लिखते हैं, "प्रभु एक नाम तेरा सुखकारी!" तो हमें लगता है कि इन सारे संतों का तो जीवन-उद्देश्य ही यही था, इसलिए वे तो यह सब लिखेंगे ही !

लेकिन अब जो बातें आपके समक्ष रख रहा हूँ, उसे ध्यान से पढ़ें... हमारे तार्किक दिमाग को प्रभावित करने के लिए यह जानकारी बिलकुल सटीक बैठती है....।

1970 के दशक में, जब हावर्ड विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक हर्बर्ट बेन्सन ने ध्यान, जप और मन के बीच के संबंध के बारे में एक के बाद एक अनेक रहस्य को उजागर करना शुरू किया, तो विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ वैज्ञानिक भी शरीर की बीमारियों के इलाज में आध्यात्मिकता की भूमिका को महत्त्व देने लगे। मेडिकल का पाठ्यक्रम चलाने वाले तीन अमरिकी मेडिकल कॉलेजों में 1995 से "चिकित्सा में आध्यात्मिकता" को एक महत्त्वपूर्ण विषय के रूप में पेश किया गया है। वर्ष 2000 में विश्वप्रसिद्ध ऑक्सफर्ड विश्वविद्यालय द्वारा "हैंडबुक ऑफ रिलिजन एंड हेल्थ" प्रकाशित की गई थी। जिसमें 40 साल के शोध को स्पष्ट किया गया और हर्बर्ट बेन्सन को "बोस्टन ग्लोब" में लिखते हुए उद्धृत किया गया कि क३ूल्ल्ु१ल्लॅ ३ूल्लअ्रू''८ २३ुे'ी ुेल्लीप्र३२. अर्थात आप ध्यान या जप से होनेवाले प्रत्येक लाभ को वैज्ञानिक रूप से सिद्ध कर सकते हैं !

मूलतः यह विवरण है, ईश्वर की शक्ति के बारे में। जब हम त्सुनामी, भूकंप, मूसलाधार बारिश से हुए तबाही का मंजर, प्रलयकारी बाढ़, , या बड़े बड़े पहाड़ों को दो भागों में फाड़कर रख देनःवाले भयानक ज्वालामुखी के विस्फोटों को देखते हैं, तो तुरंत एहसास हो जाता है, कि मानव बुद्धि, मानव अनुसंधान, मानवनिर्मित तकनीक या उसकी कोई भी क्षमता प्रकृति के सामने कितनी बौनी हैं!

नामस्मरण और नामजप के प्रभावों के बारे में भारत में कोई गहन वैज्ञानिक शोध क्यों नहीं हुआ, यह एक ऐसा प्रश्न है, जो उस क्षेत्र के डॉक्टरों, मनोचिकित्सकों या शोधकताओं को पूछा जाना चाहिए ।

2008 में "पेंसिल्वेनिया विश्वविद्यालय"के न्यूरोसाइंटिस्ट डॉ. एंड्रयू न्यूबर्ग कई प्रयोग कर चुके थे कि हरिनाम के जप से मनुष्य का मन कितना शांत होता है, और उसकी याददाश्त कितनी बढ़ती है...

उन्होंने मंत्र और ध्यान पर 12 मिनट का प्रयोग उन लोगों पर किया, जिन्होंने कभी मंत्र या ध्यान का अभ्यास नहीं किया था। इस वैज्ञानिक ने 8 सप्ताह तक सैकड़ों लोगों पर प्रयोग करके उन्हें ह्यनामजपह्न पर केन्द्रित किया। अंत में सभी की याददाश्त नापी गई। जो 12 फीसदी से बढ़कर 20 फीसदी हो गई थी। उन्होंने अपने इन अनुभवों को "हाउ गॉड चेंजेस योर ब्रेन!" पुस्तक में विस्तार से लिखा है।

आपको स्वयं यह अनुभव हुआ होगा कि जब मन पर पीड़ा, कष्ट या यातना का जबरदस्त दबाव होता है, तो मुंह से स्वतः उद्गार निकल आता है कि हे ईश्वर! हे भगवान! अब तो तू ही एक सहारा है... बस, एक तू ही तारणहार है..! शायद यही उद्गार मन के भीतर उमड़ रहे शोक-दुःख या उत्ताप के धुंएं को उड़ाने के लिए कूकर की सीटी की तरह काम करता है।

अमेरिकी वैज्ञानिक डॉ. एच.जी. कोएनिंग ने दो तरह के लोगों पर विशेष प्रयोग किए, जिनकी उम्र 65 वर्ष से अधिक थी। उन्होंने 4,000 लोगों का अध्ययन किया, और निष्कर्ष यह निकला कि जो बुजुर्ग नियमितरूप से जप, ध्यान या प्रभु के दिव्य चरित्रों को सुनना आदि आध्यात्मिक और धार्मिक गतिविधियों में शामिल होते थे, उन लोगों की तुलना में, जो ऐसी गतिविधियों में शामिल नहीं होते थे, ऐसे लोगों में 60 से 75 प्रतिशत लोग मजबूत रोगप्रतिकारक क्षमता रखने वाले थे, साथ ही वे ज्यादा खुश और तेजतर्रार भी नजर आए!

बैंगलोर, भारत में स्थित संस्थान "इंडियन जर्नल ऑफ फिलॉसफी एंड फामाकोलॉजी" में ह्यविवेकानंद केंद्र योग-रिसर्च फाउंडेशनह्न 1995 से कार्यान्वित है। यहां सेंकडों लोगों के मन- शरीर पर ओम्‌ कार ध्वनि का क्या प्रभाव होता है, इस विषय पर भारत और दुनिया के अनेक वैज्ञानिकों ने अध्ययन किया है । उनका निष्कर्ष यही है कि ओम्‌ कार के जप से हृदय की धडकनों की गति नियंत्रित होती है। भीतर ही रिलेक्सेशन, तथा अवेयरनेस - शांति और जागरूकता की अनुभूति होती है। ऑक्सीजन की मात्रा पूरे शरीर में ठीक से वितरित होती है, शरीर की हर कोशिका जीवित हो जाती है। आंतरिक रोग प्रतिकारक क्षमताएं बढ़ती हैं। और यह मधुमेह जैसी बीमारी को भी काबू में रखने में भी बहुत उपयोगी है...

अब निम्नकथन को पढ़िएः "क्या आप तनावपूर्ण जीवन जी रहे हैं? तो जाइए, एकांत में बैठ जाइए। आस्था और श्रद्धा उत्पन्न करने वाला कोई शब्द (मन्त्र) सोचिए। उस शब्द का 10 से 20 मिनट तक हर सांस के साथ जाप कीजिए। आपका दायां और बायां दिमाग अवश्य आराम महसूस करने लगेगा।"

आपको लगता होगा कि यह आदेश किसी साधु महात्मा की पुस्तक से लिया गया है ! लेकिन आश्चर्य है कि यह कथन डॉ.हर्बर्ट बेन्सन का है!

और हाँ, अब उन वैज्ञानिकों से हटकर महर्षि वेदव्यासजी की ओर लौटते हैं। जिन्होंने श्रीमद्भागवत में कहा हैः जिनकी जीभ पर दो अक्षर "हरि" रहते हैं, वे सभी तीर्थों का पुण्य, सभी वेदों का अध्ययन और सभी यज्ञों की दक्षिणा का पुण्य प्राप्त करता है! (6-2-578)

यह हो सकता है कि ऐसी भाषा हमें धार्मिक लगती हो, परन्तु ऐसी आदतों के सारे परिणाम वैज्ञानिक रूप से सिद्ध हो चुके हैं, उसे बताने के लिए ही यहाँ अनेक विदेशी विचारकों को याद करना पड़ा है।

मित्रों, हम ह्यउसकोह्न याद करते रहें, जिसे याद किया जाना अनिवार्य हो, तो शायद परिणाम देनेवाले भगवान भी हमारा नाम अपनी सूची में सबसे ऊंचे क्रम में रख देंगे...

आइए, हम संतों को ऐसा कुछ कहकर हमें फटकारने का मौका न देंः

"तू नाम जपन क्यों छोड़ दिया, लोभ न छोड़ा, क्रोध न छोड़ा,
सत्यवचन क्यों छोड़ दिया!!"

यदि हमें मन की शांति के लिए इतना सटीक, परिणामलक्षी और प्रभावी उपाय मुफ्त में मिल रहा है, तो उसे न अपनाकर मानसिक रोगों के डॉक्टरों के पास जाने का मतलब यही होगा, कि हम अब भी भारतीय मंत्रविज्ञान के रहस्यों को समझने के लिए थोड़े से भी गंभीर नहीं हैं...



लेखक : हरिकृष्ण शास्त्री सुरत गुजरात

स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कुल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853
संपादक– रमन कुमार झा , समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइट: www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021

# सीएम मनोहरलाल खट्टर की सरकार डेगी हरीयाणा के उद्योगों को ट्रेंड युवा

## CM का रोजगार पर फोकस विभाग को ट्रेनिंग देने के निर्देश; निजी संस्थानों से रिकॉर्ड तलब किये गए.

**चड़ीगढ़ -- सी पी एच हेड -- के आर अरुण - उत्साही युवाओ को खटरर सरकार**



पूरी रोजगर की सक्षमता में परीपूर्ण हरियाणा के उद्योगों को अब ट्रेंड युवा मिल सकेंगे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग की समीक्षा के दौरान स्कूलों के बाहर निजी संस्थानों में पढ़ रहे ट्रेंड युवाओं का रिकॉर्ड एकत्र करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। साथ ही युवाओं के लिए रोजगार के अधिक अवसर सृजित करने पर बल देते हुए अधिकारियों को उद्योगों में कौशल की डिमांड अनुसार और उनकी वांछित आवश्यकता को पूरा करने के लिए युवाओं को कौशल वृद्धि का प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए।

सीएम ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को स्कूल से बाहर आंगनवाड़ी केंद्रों, मदरसों में जाने वाले बच्चों की पहचान करने के लिए प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में आंगनबाड़ी कार्यकताओं की मदद से गुरुकुल और अन्य निजी संस्थान के बच्चों का भी

# एन एस एस के उत्साही विद्याथीयों द्वारा जल संरक्षण विषय पर गांव कुल्लडट्टपुर में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत-

दैनिक समाज जागरण
नारायणगढ़/बरखाराम धीमान-

एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा जल है तो कल है, जल ही जीवन है, पानी बचाओ जीवन बचाओ तथा बिन पानी सब सुन जैसे नारों से गांववासियों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ.सुमन लता द्वारा एनएसएस में प्रबंधन की उपयोगिता विषय पर विस्तार व्याख्यान दिया गया।

यह कार्यक्रम नारायणगढ़ में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नारायणगढ़ में कॉलेज प्राचार्य प्रोमिला मलिक की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन की शुरूआत रहा।



शुभारंभ योगा और एनएसएस गीत के साथ की गई। सुबह के नाश्ते के बाद कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर नरेश कुमार, डॉ. ईना गुप्ता तथा डॉ. सुमन लता के कुशल नेतृत्व में नेशनल कैडेट कोर (एनसीसी) के कैडेट्स ने स्वयंसेवकों को विभिन्न आपदाओं से निपटने के लिए मॉक ड्रिल सिखाई।

एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों के साथ कुल्ड पुर गांव में घर घर जाकर सामाजिक और आर्थिक विषय पर सर्वे किया गया और संगीत वादन विभाग की प्रोफेसर पिंकी के निर्देशन में विद्यार्थियों के द्वारा जल संरक्षण विषय पर गांव में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। भोजन अवकाश के पश्चात डॉ. ईना गुप्ता कार्यक्रम अधिकारी यूनिट दो के द्वारा पर्यावरण संरक्षण विषय पर विस्तार व्याख्यान दिया गया।

संध्या काल में स्वयंसेवकों द्वारा सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया।

शिविर के तीसरे दिन की शुरूआत भी एनएसएस गीत और योगा से की गई। नियमित गतिविधियों के बाद गांव में जल संरक्षण विषय पर एक रैली निकाली गई जिसमें जल है तो कल है, जल ही जीवन है, पानी बचाओ जीवन बचाओ तथा बिन पानी सब सुन जैसे नारों से गांववासियों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

भोजन अवकाश के पश्चात डॉ.सुमन लता कार्यक्रम अधिकारी यूनिट तीन के द्वारा एनएसएस में प्रबंधन की उपयोगिता विषय पर विस्तार व्याख्यान दिया गया। संध्या काल में स्किट प्रतियोगिता करवाई गई और सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर गांव कुल्लडट्टपुर की सरपंच परमजीत कौर, एल.ए. नवीन और गांव के गणमान्य लोग मौजूद रहे ।

# नगर परिषद व नगरपालिका प्रधान एसोसिएशन ने 29 मार्च को सीएम के साथ होने वाली बैठक का किया बहिष्कार

## वित्त कमेटी का भी किया विरोध

**नगर परिषद व नगरपालिका प्रधान एसोसिएशन की राज महल बरवाला के प्रांगण में हुई प्रदेशस्तरीय बैठक**



हरियाणा / हिसार (राजेश सलूजा) : प्रदेश के मुख्यमंत्री के साथ नगर परिषद व नगरपालिका प्रधान एसोसिएशन की 29 मार्च को होने वाली बैठक का एसोसिएशन ने बहिष्कार कर दिया है और सरकार द्वारा बनाई गई वित्त कमेटी का भी विरोध किया गयो यह निर्णय नगर परिषद व नगरपालिका प्रधान एसोसिएशन की बरवाला शहर के अग्रोहा मार्ग पर स्थित राजमहल के प्रांगण में हुई प्रदेशस्तरीय बैठक में लिया गयो इस बैठक की अध्यक्षता नगर परिषद व नगरपालिका एसोसिएशन की प्रदेशाध्यक्ष रजनी विरमानी ने की इस बैठक को संबोधित करते हुए इस्माइलाबाद नगरपालिका प्रधान पुनीत गर्ग ने कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में नगर परिषद व नगरपालिका के प्रधानों को कोई मान सम्मान नहीं मिल रहा है और ना ही कोई सार्थक परिणाम मिल रहा है नगरपालिका होडल प्रधान इंद्रेश ने कहा कि नगर परिषद व नगरपालिका के प्रधानों को कोई पावर नहीं दी जा रही है नगरपालिका बरवाला प्रधान रमेश बैटरीवाला ने कहा कि सरकार द्वारा डीडी पावर छीनी जा रही है अधिकारियों द्वारा भी कोई सुनवाई नहीं की जा रही है सरकार द्वारा नगर परिषद व नगरपालिका को भी अलग अलग किया जा रहा है नगर परिषद व नगरपालिका प्रधान एसोसिएशन प्रदेशाध्यक्ष रजनी विरमानी ने कहा कि नगर परिषद व नगरपालिका प्रधानों की मांगों को पूरा करवाने हेतु भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़, स्थानीय शहरी निकाय मंत्री डॉ कमल गुप्ता और मुख्यमंत्री मनोहर लाल से गुहार लगा चुके हैं परंतु अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है और अभी तक किसी भी मांग को पूरा नहीं किया गया है नगर परिषद और नगरपालिका प्रधानो को चोर कहा जा रहा है उन्होंने नगर परिषद व नगरपालिका प्रधानों से अपनी ताकत को पहचानने बारे कहा और एकजुट होने का आह्वान कियो उन्होंने कहा कि अकेले हैं तो कुछ भी नहीं हो सकता और हम एक हैं तो बड़ी से बड़ी जंग जीत सकते हैं इस अवसर पर एसोसिएशन प्रदेशाध्यक्ष रजनी विरमानी, नगर परिषद जींद प्रधान अनुराधा सैनी, प्रधान रानियां मनोज सचदेवा, प्रधान हांसी प्रवीण ऐलावादी, प्रधान सुबे सिंह लोहान नारनौंद, प्रधान सतीश कटारिया असंध, नगरपालिका बरवाला प्रधान रमेश बैटरीवाला, प्रधान प्रीति भवानी प्रताप भिवानी, नरेश बंसल टोहाना, राम सिंह सोलंकी ऐलनाबाद, मनीष जैन फिरोजपुर मिरकां, राजेंद्र खींची फतेहाबाद, सुशील बंसल उकलाना, कमलेश सैनी नारनौल, रमेश सैनी महेंद्रगढ़, विशाल नरवाना, विकास उचाना महेश खन्ना रतिया, विजेंद्र सांपला, भारती पवार व कंवरपाल धारूहेड़ा आदि मौजूद रहे

# हमारे खोले गए संस्थानों को बंद करने वाली सरकार का नेता ही 'डिनोटिफाई': जयराम ठाकुर

कृष्ण राज अरुण सीपी एच डेस्क-

मंडी. हिमाचल प्रदेश के पूर्व सीएम जयराम ठाकुर ने उनके राज में खोले गए दफ्तरों को बंद करने पर सुक्खू सरकार पर तंज कसा है. शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री



और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मंडी जिले में अपने विधानसभा क्षेत्र दौरे के दौरान बालीचोकी में कहा कि कांग्रेस पार्टी अपने नेता राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता खत्म हो जाने को लेकर बेवजह भाजपा को कोसने में लगी है. उनके खिलाफ सात मुकदमे अदालत में चल रहे हैं, जिसमें एक ये भी था. उन्हें समझ लेना चाहिए कि जब आप सार्वजनिक मंच से कोई बात कह रहे हैं तो सोच समझ कर बोलें. आमतौर वे ऐसी अनर्गल और बेतुकी बातें करते हैं, जो उनके लिए शोभा नहीं देती है. इस मामले में भाजपा को कोसने के बजाय वे अपने आचरण को सुधारें.

जयराम ठाकुर ने चुटकी लेते हुए कहा कि हमारे यहां भी हिमाचल में एक नई सरकार बनी है, जो हमारी सरकार में खोले सैंकड़ों संस्थानों को डिनोटिफाई करने पर तुली है और अब उनका ही एक बड़ा नेता डिनोटिफाई हो गया है. कांग्रेस सरकार की करनी और कथनी में आज आमजन को भी साफ फर्क नजर आ रहा है. इस सरकार ने जनता को सुविधाएं उपलब्ध करवाना तो दूर बल्कि सुविधाएं छिनने का काम किया है. उन्होंने चेताया कि कांग्रेस सरकार को जनता से किए हर वायदे को पूरा करना होगा, अन्यथा हम हर मंच से आवाज बुलंद करते रहेंगे.

उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी जी की सदस्यता किसी राजनीतिक प्रेरणा से समाप्त नहीं की गई है. यदि यह निर्णय सामने आया है तो कोर्ट के आदेशों और संविधान की पालना के अनुरूप आया है, लेकिन बीते कल जो विधानसभा परिसर में हुआ वह दुर्भाग्यपूर्ण था. प्रदेश के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और मंत्री संवैधानिक पदों पर रहकर विधानसभा का बहिष्कार करते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ नारे लगाते हुए बाहर निकल गए. उन्होंने कहा कि ये सरकार ज्यादा दिन नहीं चलने वाली है. जनता पहले ही सड़कों पर उतर चुकी है और आने वाले दिनों में ये रोष और देखने को मिलेगा.

# अमृतपाल सिंह के समर्थन में 353 गिरफ्तार लोगों में 197 छोड़े, पंजाब DGP का निर्देश- किसी को बेवजह न फसाएं

कृष्ण राज अरुण सीपी एच डेस्क-

चंडीगढ़. खालिस्तानी समर्थक व ह्यवारिस पंजाब देह्ल के प्रमुख अमृतपाल सिंह अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है. पुलिस और एनआईए की टीमें उसे खोजने के लिए तमाम जगह छापेमारी कर रही हैं. इस मामले में पंजाब पुलिस ने जानकारी दी है कि अभी तक 353 लोगों को गिरफ़्तार किया गया था, जिनमें से 197 को छोड़ दिया गया है. वहीं 40 बड़े अपराधियों को इसमें गिरफ़्तार किया है. 7 को ठरअ के तहत डिटेन किया गया है.

इस मामले में पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने अमृतपाल सिंह के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में दिशा निर्देश जारी किए हैं. उन्होंने सभी जिलों के ररढ को निर्देश देते हुए कहा कि किसी को भी मामले से जोड़कर को बेवजह परेशान न किया जाए. पंजाब पुलिस उन लोगों को रिहा कर रही है जिन पर अमृतपाल सिंह से जुड़े होने के मामूली से संकेत मिले थे. पंजाब सरकार के निर्देश पर पुलिस ने इस मामले में लोगों को बेवजह न फंसाने को लेकर निर्देश जारी किए हैं.

# सरकार से मदद की अपेक्षा करने की बजाए गो सेवा के लिए हमें ही समर्पित रहना होगा – चेयरमैन

## कैंसर की बीमारियों से मुक्ति देने वाली साहीवाल नस्ल की गोधन पर विशेष ध्यान दिया जाए - चेयरमैन लक्खा

कृष्ण राज अरुण/अखिलेश बंसल,बरनाला/
*चंडीगढ़-सीपी एच डेस्क-

गोधन में कैंसर की बीमारी से मुक्ति दिलाने की ताकत है। गाय का दूध, मूत्र, गोबर, उसकी त्वचा से निकलती ऑक्सीजन सहित हर तरह से गाय स्वास्थ्य की दाता है। हमें साहीवाल नस्ल के गोधन पर विशेष ध्यान देना चाहिए। यह बात गौ सेवा आयोग पंजाब के चेयरमैन अशोक लक्खा ने कही है, वे बरनाला की अनाज मंडी स्थित श्री राधा कृष्ण गऊ धाम मंदिर पर विशेष दौरे के दौरान पहुंचे थे। इस मौके पर उनके साथ गौ सेवा रक्षा दल के पंजाब के प्रदेशाध्यक्ष अनिल बांसल नाणा भी थे।

आयोग चेयरमैन लक्खा ने पंजाब भर की तमाम गौशालाओं के संचालकों से अपील की कि गौ माता की सेवा करना एक भगवान को पाने का बराबर है। साहीवाल नस्ल की गाय होगी तो दूध की कमी नहीं होगी। साहीवाल एक ही ऐसी नस्ल है जो गऊओं में सबसे बेहतर व शुभ मानी जाती है। साहीवाल गाय का दूध बहुत ही गुणकारी है। जिसे पीने से कैंसर तक की बीमारी ठीक हुई है।

पत्रकारों से बात करते चेयरमैन लक्खा ने कहा कि भले ही सरकारें को सेस वसूल कर रही हैं, लेकिन गोसेवा व गो रक्षा के लिए हमें खुद को समर्पित करना होगा। यह हमारे देश की संस्कृति भी है और आस्था भी। उन्होंने कहा




ताकि गौशालाओं में किसी प्रकार की बीमारी नहीं फैले उसके लिए पंजाब सरकार ने तजुबेर्कार डॉक्टरों की टीमों का गठन किया है। जिन्हें राज्यभर की सभी गौशालाओं में समय समय पर जाकर जांच करने के आदेश दिए गए है। उन्होंने गोशालाओं व उनके प्रबंधकों की रक्षा सुरक्षा के प्रबंधन के बारे में सरकार से बात करने का आश्वासन दिया। गोशालाओं में सरकारी सहायता पहुंचाने का वादा किया। इसके साथ ही चेयरमैन लक्खा ने पहले गोपूजन किया, आरती व वंदना की और गोशाला में पहुंचे हुए गोसेवकों से भी मिले। उसके बाद गोशाला के बगल निर्मित श्री राधा कृष्ण धाम मन्दिर में पहुंचे।

मंदिर को देख प्रसन्नता जाहिर करते चेयरमैन लक्खा ने कहा कि ऐसा बहुत कम ही देखने को मिलता है कि दोनों (गौशाला व मंदिर) एक स्थान पर हों जो कि संस्कृति के मुताबिक बेहद शुभ माना जाता है। इस अवसर पर श्री राधा कृष्ण गऊ धाम मन्दिर के प्रबंधकों अध्यक्ष अनिल बांसल नाणा, वजीर बंसल, बाल सुरक्षा अधिकारी अभिषेक जौली, डॉक्टर अशोक कांसल आदि ने पंजाब गौ सेवा कमीशन के चेयरमैन अशोक कुमार लक्खा का हार्दिक अभिनंदन किया, उन्हें स्मृति चिन्ह भी दिया।

# पिता क्राइम ब्रांच में इंस्पेक्टर, बेटी बनेगी जज, प्रियंका ने झटका 59वां रैंक

कृष्ण राज अरुण सीपी एच डेस्क-

करनाल. हरियाणा के करनाल के आरके पुरम की रहने वाली प्रियंका ने अपने मां बाप का सपना पूरा कर दिया है. प्रियंका ने दिल्ली ज्यूडिशियल सर्विस (न्यायिक सेवा) का एग्जाम क्लियर कर लिया है. अब वो जज बनेंगी. उनका इस परीक्षा में 59 रैंक आया है. जिसके बाद से घर में बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है.



प्रियंका ने पूरे करनाल का नाम रोशन किया है. उसकी प्रेरणा मां हैं. प्रियंका बताती हैं कि उसकी मां की शादी बड़ी कम उम्र में हो गई थी, वो इसलिए ज्यादा पढ़ नहीं पाई. वो अपने सपने मुझमे देखते थे और हमेशा मुझे प्रेरणा देते थे कि बेटा कुछ करो, आगे बढ़ो. मैं रोजाना तैयारी कर रही थी, ये मेरा दूसरा प्रयास था और इस प्रयास में मैंने दिल्ली न्यायिक सेवा का एग्जाम क्लीयर कर लिया है. हमेशा सुबह से शाम तक एक ही रूटीन फॉलो करना पड़ता है. पढ़ना पड़ता है. मेहनत के साथ, लगन के साथ, अपडेट रहना पड़ता है और अब खुशी है कि मेहनत रंग लाई है.

प्रियंका बताती हैं कि वो अपनी जिम्मेदारी को बखूबी ढंग से निभाएंगी और न्याय और सच्चाई का साथ देते हुए फैसले देंगी. प्रियंका के पिता हरियाणा पुलिस की क्राइम ब्रांच में इंस्पेक्टर के पद पर तैनात हैं, उन्हें बहुत खुशी है कि उनकी बेटी उनका नाम रोशन किया. उन्होंने कहा कि बेटियां ही सब कुछ हैं. मैंने हमेशा बेटियों को पढ़ाया और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया. नीलोखेड़ी के विधायक धर्मपाल गोंदर भी बधाई देने के लिए पहुंचे.

प्रियंका की बहन भी काफी खुश हैं. वो बताती है कि वो अपनी बड़ी दीदी से बहुत कुछ सीखते हैं और अब उअ का फाइनल एग्जाम उन्हें देना है और घर में काफी खुशी का माहौल है.

प्रियंका की उपलब्धि पर मां सबसे ज्यादा खुश है. वो इस बात का जिक्र करती हैं कि वो तो जिंदगी में ज्यादा पढ़ नहीं पाई, इसलिए उन्होंने अपनी बच्चियों को भरपूर पढ़ाया और अब बेटी ने सबको खुश कर दिया है. सीना गर्व से चौड़ा हो गया. बहराल प्रियंका बाकी लड़कियों और मां बाप के लिए एक मिसाल हैं. मॉ-बाप को समझना चाहिए की बेटियां भी जिंदगी में बहुत कुछ कर सकती हैं.

# 'सुनो जी, मैंने दूसरी शादी कर ली' पति को फोटो भेजकर दिया झटका, 20 साल का रिश्ता तोड़ा

ऊना. शादी के 20 साल पत्नी घर छोड़ कर चली गई और फिर किसी दूसरे शख्स के विवाह कर लिया. महिला ने बाद में पति को दूसरी शादी की फोटो भी भेजी. इससे पहला पति सदमे में हैं. मामला हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले का है. पति ने महिला की तलाश के लिए पुलिस के पास शिकायत दी है. गगरेट पुलिस मामले की जांच कर रही है.

जानकारी के अनुसार, ऊना जिले के गगरेट के घनारी निवासी ने पुलिस को शिकाय दी है. शिकायतकर्ता ने बताया कि उसकी पत्नी ने सुबह उससे कहा कि वह किसी काम से ऊना जा रही है. उसके बाद वह अपने मायके बंगाणा जाएगा. लेकिन दूसरे दिन सुबह पत्नी का फोन आया कि मैं अब घर नही आऊंगी, मैंने दूसरी शादी कर ली है. शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि उसके दो बच्चे हैं. दोनों के पेपर चल रहे हैं. एक बेटी 12वीं में पढ़ती है. बेटा नवमीं के एग्जाम दे रहा है.



शिकायतकर्ता ने कहा कि उसकी पत्नी ने किसी के बहकावे में आकर उसे छोड़कर चली गई है. पुलिस ने फिलहाल शिकायतकर्ता की शिकायत पर महिला की तलाश शुरू कर दी है. शिकायतकर्ता अपने स्तर पर भी पत्नी को तलाश कर रहा है. एसपी ऊना अर्जित सेन ने बताया कि शिकायत पर जांच शुरू कर दी है. मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ कारवाई अमल में लाई जाएगी.

**महिला ने पति को किया फोन**

जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता और महिला की शादी 20 साल पहले हुई थी. शिकायतकर्ता परेशान है, क्योंकि पत्नी के साथ उसके सम्बन्ध बिलकुल ठीक थे और कोई अनबन नही थी. ना ही विवाद था. फोन कर महिला ने पति से कहा, सुनो जी, मैंने दूसरी शादी कर ली है, अब मैं वापस नहीं लौटूंगी. महिला ने दूसरी शादी की फोटो सोशल मीडिया के जरिये पति को भी भेजी है. तस्वीर में पत्नी किसी अन्य पुरुष के साथ वरमाला डाले हुए नजर आ रही है.

खबर खास- दैनिक समाज जागरण

## दिल्ली वासियों को आज पानी की किल्लत होगी सववधानी बरते

कृष्ण राज अरुण सीपी एच डेस्क-

दिल्ली जल बोर्ड ने रविवार को बताया कि 27 मार्च को दिल्ली के कुछ इलाकों में जलापूर्ति प्रभावित रहेगी. दिल्ली जल बोर्ड के आदेश के अनुसार खासतौर पर शाम के समय राजधानी के कुछ इलाके में पानी सप्लाई ठप रहेगा. इसको देखते हुए दिल्ली सरकार की ओर से उन क्षेत्रों के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है. टैंकर से पानी सप्लाई की व्यवस्था तय की गई है. पानी सप्लाई बाधित रहने की प्रमुख वजह मंगोलपुर हैदरपुरी डब्ल्यूटीपी से पीरा गरही तक इंटरकनेक्शन बताई जा रही है.

## खबर सुर्खी-

कृष्ण राज अरुण सीपी एच डेस्क-

सपा पूर्व सीएमं अखिलेश ने भी इस मामले में कहा कि अतीक को लाने वाली गाड़ी पलट जाएगी। इस पर यूपी के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक का बयान सामने आया है।

डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने कहा, 'हम कोर्ट के आदेश का पालन कर रहे हैं, कोर्ट जो कहेगा वो किया जाएगा।' अखिलेश के बयान पर बृजेश ने कहा कि इस तरह की बातों से कोई फर्क नहीं पड़ता।

**साबरमती जेल से निकलते ही डर गया माफिया अतीक अहमद--**

अतीक अहमद को जैसे ही साबरमती जेल से प्रयागराज ले जाने के लिए बाहर निकाला गया तो वह डर गया और उसने मीडिया के सामने कहा कि यह लोग मेरा एनकाउंटर करना चाहते हैं। अतीक ने कहा, 'यह लोग कोर्ट के कंधे का इस्तेमाल कर मुझे मारना चाहते हैं।'

## दिल्ली हुई कोविद अलर्ट:

समाज जागरण --कोविड-19 के मामलों में वृद्धि के बीच स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे और ऑक्सीजन की उपलब्धता की जांच के लिए रविवार को दिल्ली के अस्पतालों में मॉक ड्रिल किया गया।

## खबर खास हरियाणा –

## गृह मंत्री अनिल विजविज ने CM से रखी थी मांग

कृष्ण राज अरुण सीपी एच डेस्क-

गृह मंत्री ने कहा कि उनकी पुरानी मांग को पूरा करते हुए मुख्यमंत्री ने हरियाणा में सरकारी अधिकारियों को अब रोजाना 2 घंटे अपने कार्यालय में जन समस्याओं को सुनने के आदेश दिए हैं, जिसके तहत अब शनिवार को उनके द्वारा अंबाला में लगाए जाने वाला जनता दरबार नहीं लगाया जाएगा, परंतु उनके हलके अंबाला के लोगों की समस्याओं का निदान किया जाएगा।

# 'चोर मंडली' वाले बयान ने बढ़ाई संजय राउत की मुश्किल, विशेषाधिकार हनन मामले में दोषी करार,

नई दिल्ली. मानहानि के एक केस में राहुल गांधी की सदस्यता के जाने के बाद सियासी हलचल तेज है. इसी बीच शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता और राज्यसभा के सदस्य संजय राउत को लेकर भी बड़ी खबर सामने आ रही है. संजय राउत के खिलाफ खिलाफ विशेषाधिकार हनन के प्रस्ताव पर नोटिस को लेकर कार्रवाई हो सकती है. संजय राउत के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव राज्यसभा भेजा जा रहा है. शनवार को महाराष्ट्र विधान परिषद की उपसभापति नीलम गोरहे ने विशेषाधिकार हनन नोटिस पर संजय राउत के जवाब को 'असंतोषजनक' बताया है. इसे उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के पास भेज दिया गया है.

# भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी में बागी जिला बलिया हुआ शून्य

## *प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री उपेंन्द्र तिवारी और आनंद स्वरूप शुक्ल को थी उम्मीद*

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की स्वीकृति पर कर दी है। 18 प्रदेश उपाध्यक्ष, सात प्रदेश महामंत्री, 16 प्रदेश मंत्री बनाए गए हैं परंतु दुर्भाग्य है कि प्रदेश अध्यक्ष के संगठनात्मक कैबिनेट में बागी जिला बलिया शून्य हो गया है।

जिले से दो वरिष्ठ नेता और प्रदेश सरकार के दो पूर्व मंत्री उपेन्द्र तिवारी और आनंद स्वरूप शुक्ल के संगठन में बड़ी जिम्मेदारी मिलने की उम्मीद थी। अपनी तैनाती के बाद प्रदेश अध्यक्ष ने प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत संगठन के लिए होनहारों की तलाश शुरू कर दी थी। जनपद के बलिया नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक दयाशंकर सिंह को योगी कैबिनेट में शामिल होने के बाद संगठन में प्रदेश उपाध्यक्ष पद से हटना भाजपा के सिद्धांत एक व्यक्ति एक पद के मुताबिक तय था। प्रदेश सरकार में मंत्री रहे उपेन्द्र तिवारी और आनंद स्वरूप शुक्ल के विधानसभा चुनाव हार जाने के बाद कवायद लगाई जख रही थी कि उन्हें प्रदेश संगठन में अहम जिम्मेदारी मिलेगी। विडंबना की प्रदेश अध्यक्ष और पार्टी ने दोनों माननीयों को इस श्रेणी में नहीं समझा. प्रदेश संगठन की भारी भरकम टीम में बलिया के किसी नेता को शामिल नहीं किया जाना जिले के भाजपाइयों को अटक और खटक रहा है।




# भाजपा नेत्री प्रियंका दुबे ने किया रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन

**ब्रजेश दुबे, समाज जागरण**

गड़वार (बलिया) :.क्षेत्र के त्रिकालपुर गांव में शिव बाबा क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित रात्रिकालीन क्रिकेट टूनार्मेंट का उद्घाटन शनिवार को हुआ। भाजपा नेत्री प्रियंका दुबे ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया।



उद्घाटन मैच रतसर व जाम गांव के मध्य खेला गया। रोमांचक मुकाबले में रतसर की टीम 5 विकेट से जीत दर्ज की। मैच के पूर्व फीता काटकर व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मुख्य अतिथि भाजपा नेत्री प्रियंका दुबे ने मैच का आगाज किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी जाम की टीम ने 10 ओवर के मैच में नौ विकेट के नुकसान पर 48 रन बनाया। प्रतिद्वंद्वी टीम के जवाब में खेलने उतरी रतसर की टीम ने निर्धारित ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 49 रन बनाया। इस प्रकार रतसर की टीम 6 विकेट से जीत दर्ज किया। रतसर कि तरफ से सर्वाधिक 19 रन बब्लू ने बनाए। वहीं जाम की तरफ से नवीन तेंदुलकर ने सर्वाधिक 25 रन बनाए। कमेंटेटर के रूप में अमन प्रताप सिंह व स्कोरर रमेश सिंह रहे। इस अवसर पर कमेटी के अध्यक्ष धन्नू सिंह, उपाध्यक्ष दीपक व राणा तथा व्यवस्थापक रविकांत सिंह आदि मौजूद रहे।

# द होराइजन स्कूल गड़वार बलिया में हुआ परीक्षा फल घोषित

**ब्रजेश दुबे, समाज जागरण**

गड़वार (बलिया) : द होराइजन स्कूल गड़वार बलिया में सत्र 2022-23 का परीक्षा फल रविवार को घोषित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक मनोज सिंह एवं प्रधानाचार्य संजय सिंह ने संयुक्त रूप से जो प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान लाए हैं उनको मोमेंट एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया।




टापर छात्र-छात्राओं में नर्सरी की हिफजा जुनेद प्रथम आरुषि तिवारी द्वितीय प्रतीक्षा तृतीय एलकेजी से आयुषी स्वरूप प्रथम प्रवेंद्र विक्रम सिंह द्वितीय अन्या सिंह तृतीय कक्षा यूकेजी से अभिज्ञान प्रथम नमन सिंह द्वितीय मंज्ञान पांडे तृतीय कक्षा एक से आरिबा सुहेल प्रथम अपूर्वा द्वितीय अरीबा अख्तर तृतीय कक्षा दो से आराध्या प्रथम मायरा तहरीन द्वितीय तपस्या तृतीय कक्षा तीन से वीर प्रताप सिंह प्रथम अक्षिता सिंह द्वितीय असफिया जुनैद तृतीय कक्षा चार से राजनंदनी प्रथम आर्यन यादव द्वितीय देवांश सिंह तृतीय कक्षा पांचवी से इफरा जोया अख्तर प्रथम नैतिक सिंह द्वितीय अंबिका सोनी तृतीय कक्षा 6 से अंशुमान सिंह प्रथम सौरव द्वितीय भक्ति गुप्ता तृतीय कक्षा सात से शिवम यादव प्रथम अंशिका मुकुल द्वितीय हर्षिता तृतीय कक्षा आठवीं से मोहम्मद साजिल प्रथम अंजली दुबे द्वितीय इरफान अख्तर तृतीय कक्षा 9वी से तृप्ति सिंह प्रथम पलक सिंह द्वितीय रेशमी वर्मा तृतीय कक्षा 11 वीं वाणिज्य से सोनाली गुप्ता प्रथम ज्योति सिंह द्वितीय और कोमल तृतीय तथा 11वीं साइंस सेक्शन से प्राची तिवारी प्रथम प्रिया सिंह द्वितीय रानी यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अपने-अपने कक्षा में जो छात्र-छात्राएं टॉप किये हैं उनको विद्यालय परिवार के तरफ से विद्यालय के प्रबंधक मनोज सिंह ने उपहार देकर सम्मानित किया। अपने संबोधन में कहा कि जो बालक बालिकाएं अपने कक्षा में स्थान लाए हैं उनको और मन लगाकर पढ़ाई करना चाहिए और आगे चलकर अपने विद्यालय और माता पिता का नाम रोशन करना है। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय सिंह ने विद्यालय मैं विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बालक बालिकाओं को तथा अध्यापिका स्नेहा सिंह को भी सम्मानित किया। विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक जितेंद्र मिश्रा ने सभी अभिभावकों का स्वागत है अभिनंदन किया। इस मौके पर विद्यालय के सारे शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थिति रहें। संचालन सबा नूर खान ने किया।

# अपहृत नाबालिग किशोरी को पुलिस ने किया बरामद, अभियुक्त गिरफ्तार

**संतोष कुमार द्विवेदी, समाज जागरण**

नगरा (बलिया) : अपहृत नाबालिक किशोरी को बरामद करने के बाद गिरफ्तार अभियुक्त को पुलिस ने न्यायालय चालान कर दिया। उधर पुलिस कार्यवाई से खिन्न पीड़ित पक्ष पुलिसिया कार्यवाही पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करते रहे। थाना क्षेत्र के एक गांव से नाबालिक किशोरी को आरोपित आर्यन गोड निवासी डिहवां बहला फुसलाकर लेकर फरार हो गया था। किशोरी के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस ने रविवार को आर्यन को न्यायालय चालान कर दिया। किशोरी के परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने अपहृत किशोरी का मेडिकल नही कराया है। आरोपित को अपहरण व छेड़खानी की धारा मे रविवार को जेल भेजा गया है। इस संबंध मे थानाध्यक्ष ब्रजेश सिंह ने कहा कि पिड़ीत

# भाजपा नेता शैलेंद्र सिंह, पूर्व प्रधान हनुमान सिंह समेत 11 आरोपियों पर गैंगस्टर

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : सदर कोतवाली ने अपनी दुकान में फेसबुक लाइव आकर




आत्महत्या करने वाले असलहा व्यवसायी नन्दलाल गुप्ता के प्रकरण में बड़ी कार्रवाई करते हुए 11 आरोपियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई की है। कार्रवाई से आरोपियों में हड़कंप मचा हुआ है। गुप्ता परिवार को न्याय मिलेगा इसकी उम्मीद पीड़ित जनों में जगी है।

असलहा व्यवसायी ने फेसबुक पर लाइव होकर गोली मारकर सुसाइड कर लिया था। इस मामले में मृतक व्यापारी की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने 13 नामजद सहित 19 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर 11 लोगो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसमें से 7 आरोपियों को जिला जज द्वारा जमानत पर रिहा कर दिया गया था। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने 11 मुख्य आरोपियों के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्रवाई कर जांच में जुट गई है। जिसके बाद सूदखोरों में हड़कंप मचा हुआ है। वही पीड़ित परवार को न्याय की उम्मीद जगी है। जिन लोगों पर गैंगस्टर की कार्रवाई हुई है उनमें देव नारायण सिंह, हनुमान सिंह, शैलेंद्र सिंह, अजय सिंह सिंघाल, सहजानंद सिंह, अनिल चौबे, राहुल चौबे, अखिलेश प्रताप सिंह, आलोक सिंह, सुनील मिश्रा और राजीव मिश्रा शामिल हैं।

**लाइव सुसाइड प्रकरण**

**-सूदखोरों के आतंक से असलहा व्यापारी ने गोली मारकर की थी आत्महत्या**

**-आत्महत्या करने के समय फेसबुक पर था लाइव, मोदी योगी से की गुहार**

# सूदखोरी गैंगस्टर एक्ट केस को बलिया से बाहर ट्रांसफर की मांग

**-पूर्व आईपीएस ने लिखा डीजीपी को पत्र**

**-कहा गैंगस्टर की कार्रवाई की गई आरोपियों की बचत के लिए**

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने सूदखोरी मामले में बलिया पुलिस द्वारा लगाए गए गैंगस्टर एक्ट को आरोपियों के बचत में की गई कार्रवाई बताया है।



कहा कि बलिया पुलिस ने जानबूझकर इस बात का इंतजार किया कि आरोपियों को जमानत हो जाए और उन्हे इसका लाभ मिले। यही कारण है कि तमाम पुख्ता सबूत होने के बाद भी बलिया पुलिस ने ढीली पैरवी कर जमानत के बाद ही यह कार्यवाही की।

अमिताभ ठाकुर ने डीजीपी यूपी को पत्र भेजकर इस मामले में बलिया पुलिस पर अविश्वास जताते हुए मुकदमे की विवेचना बलिया से बाहर ट्रांसफर किए जाने की मांग की है।

# पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के व्यक्तित्व के अनुरूप होगी मैराथन

**-आयोजन समिति का मंथन**

**-पूर्व प्रधानमंत्री चंदशेखर के 96वीं जयंती पर होगा आयोजन**

**-मैराथन समिति कार्यकारिणी की बैठक में लिया गया निर्णय**

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : प्रदेश खेल आयोजनों में ख्यातिलब्ध 'चंद्रशेखर हॉफ मैराथन' के पांचवे संस्करण के आयोजन हेतु राष्ट्रनायक चंद्रशेखर मैराथन समिति की बैठक पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में रविवार को आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 'पंचम चंद्रशेखर मैराथन' का आयोजन 19 अप्रैल को किया जायेगा। 21.1 किलोमीटर दूरी की उक्त हाफ मैराथन पचखोरा से प्रारंभ होकर स्पोर्ट्स स्टेडियम पर संपन्न होगी।

हॉफ मैराथन में विजेता धावकों को पुरस्कार राशि दी जानी है। प्रथम पुरस्कार एक लाख रुपए, द्वितीय पुरस्कार इक्यावन हजार रूपए, तृतीय पुरस्कार पच्चीस हजार रुपए, चतुर्थ पंद्रह हजार, पंचम आठ हजार, छठवा पुरस्कार चार हजार एवम सप्तम पुरस्कार में दो हजार रूपए प्रदान किए जायेंगे। इसके अलावा आठवें से पंद्रहवे स्थान तक के धावकों को एक हजार एवम सोलहवें से इक्कीसवें स्थान तक के धावकों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में पांच सौ रुपए की धनराशि प्रदान की जायेगी। पुरस्कार वितरण 19 अप्रैल को ही गंगा बहुद्देशीय सभागार में आयोजित होगा। संस्था के सचिव उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि हॉफ मैराथन के प्रतिभागियों का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 5 अप्रैल से प्रारंभ हो जायेगा। पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की 96वी जयंती पर आयोजित होने वाली पंचम हॉफ मैराथन के सफल व ऐतिहासिक



आयोजन के लिए रविवार को आयोजित हुई उक्त बैठक में समिति के सदस्यों ने अपने सुझाव रखे। आयोजन में प्रतिभागियों की संख्या बढ़ाने के लिए कार्य योजना बनाई गई। जनपद के प्रतिष्ठित रंगकर्मी आशीष त्रिवेदी ने कहा कि इस वर्ष आयोजित होने वाली मैराथन में हमारी संस्था के कलाकारों द्वारा चंद्रशेखर जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को समर्पित नाटक का मंचन किया जायेगा। बैठक की अध्यक्षता सुधीर कुमार सिंह एवं संचालन राष्ट्र नायक चंद्रशेखर मैराथन समिति के सचिव उपेंद्र कुमार सिंह ने किया। बैठक में प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष जितेंद्र सिंह, मैराथन समिति के कोषाध्यक्ष मनोज कुमार शर्मा, नीरज राय, प्रदीप यादव, अजय मिश्र, सरदार मोहम्मद अफजल, धर्मेंद्र प्रताप सिंह, उमेश सिंह, पंकज राय, संतोष सिंह, संजय सिंह, रंजीत सिंह, अखिलेश सिंह, डॉ कमलदेव सिंह, मनोज कुमार पांडेय, ज्ञानेंद्र सिंह, रुस्तम अली, शिक्षामित्र संघ के अध्यक्ष पंकज सिंह, अनुराग श्रीवास्तव, सेतुनाथ सिंह, अजीत सिंह, धीरेंद्र राय, अमरेश यादव, कमला सिंह, गणेश सिंह, धनंजय सिंह, मनीष सिंह, भवतोष पांडे, रविकांत तिवारी, व्यास मुनि यादव, संतोष चौबे आदि उपस्थित थे।

### थाना प्रभारी की उपस्थिति में कैशपार माइक्रो क्रेडिट संस्था की जागरूकता कार्यशाला

**कृष्ण कुमि पांडेय, समाज जागरण**

बांसडीह (बलिया) : कैशपार माइक्रो क्रेडिट संस्था द्वारा रविवार को आदित्य होटल में अपने संस्थान के सदस्यों को वित्तीय जागरूकता एवं



इनके हितों के ध्यान में रखते आरबीआई द्वारा जारी दिशा निदेर्शों के बारे में जानकारी देने के लिए एक कार्यशाला का आयोजन मुख्य अतिथि कोतवाली प्रभारी योगेंद्र प्रसाद सिंह की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

कार्यशाला में मुख्य अतिथि ने कहा कि किसी भी तरह के मोबाइल संदेश को, अनजाने लिंक को अथवा किसी अनजान व्यक्ति द्वारा किसी भी प्रकार की गोपनीय जानकारी को ना साझा कीजिए इससे आप वित्तीय जोखिम से काफी हद तक बच सकती हैं कैशपर माइक्रो क्रेडिट संस्था के क्षेत्रीय प्रबंधक सौरव यादव ने बताया की कार्यशाला का आयोजन का मुख्य उद्देश्य संस्थान के सदस्यों को वित्तीय जागरूकता, गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाली सदस्यों को वित्तीय सहायता साथ ही स्वास्थ्य एवं शिक्षा की भी सुविधाएं प्रदान करना रहा।

संस्था की मुहिम में सदस्यों की आर्थिक स्थिति को सुधारने के साथ-साथ वह अपने परिवार की बीमारी और बच्चों के शिक्षा पर ध्यान सदस्य ध्यान दे सकें और अपने जीवन स्तर को ऊपर उठा सकें।वही स्थानीय शाखा प्रबंधक महेंद्र कुमार ने बताया की संस्थान प्रति वर्ष ऐसे कार्यशाला का आयोजन करती है इस मौके पर सस्थान द्वारा उत्कृष्ट कार्यों के लिए कई सदस्यों को सम्मानित भी किया गया।मौके पर मुमताज अंसारी,आशीष कुमार,मनीष कुमार, जनक कुमार,सुरेश कुमार,रितेश कुमार,बलिराम यादव, सहित उषा देवी,मंजू देवी,सहित संस्थान के सैकड़ो सदस्य मौजूद रहे।

# संजय गुप्ता एडवोकेट ने ग्रहण किया अध्यक्ष टैक्स बार एसोसिएशन का शपथ

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : टैक्स बार एसोसिएशन बलिया का शपथ ग्रहण समारोह नगर के टाउन हॉल, बापू भवन के सभागार में आयोजित किया गया। इस दौरान नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय गुप्ता एडवोकेट सहित अन्य पदाधिकारियों ने पद और गोपनीयता की शपथ ली।

इस मौके पर मुख्य अतिथि डिप्टी कमिश्नर बजरंगी यादव ने टैक्स बार के अध्यक्ष संजय गुप्ता को शपथ दिलाई। जबकि सचिव उमेश प्रताप को असिस्टेंट कमिश्नर विवेक कुमार ने शपथ दिलाई। इस दौरान बार के अध्यक्ष संजय कुमार गुप्ता ने अन्य सभी पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की संयुक्त रूप से शपथ दिलाई। इस मौके पर मुख्य वक्ता डॉ जनार्दन राय ने कहा कि यह कार्यक्रम बहुत ही अच्छा है । यहां माला पहनने-पहनाने का कार्य की महत्वपूर्ण है। यह माला हमारे लिए एक बार है । एक समाज के प्रति उत्तरदायित्व है जिसको हमको आजीवन निर्वहन करना होता है। जो जिम्मेदारी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को मिली है उसे वह खुद संभल कर निर्वहन करें। पूर्व आयकर निरीक्षक एके सिंह ने कहा कि यह बहुत खुशी का पल है उससे भी महत्वपूर्ण यह जिम्मेदारी उन्हीं को दी जाती है जो सामाजिक रूप से निर्वहन करने के लिए सक्षम हो और बार बेंच के बीच एक सहज सामंजस्य बनाकर चलें जिससे वाद कार्यों को न्याय समय से मिले। यह जिम्मेदारी ऐसी है पदाधिकारी बने रहते हैं उसी तरह यह जिम्मेदारियों से बाहर है। पूर्व विधायक सुधीर राय ने कहा कि आपसी सामंजस्य बार बेंच के बीच जरूर होना चाहिए तभी आप व्यापारियों के वास्तव में न्याय दिला पाएंगे। उन्होंने कहा कि मैं अधिवक्ता होने के बाद विधायक हूं। इस मौके पर व्यापारी नेता अरविंद गांधी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सेवा का निर्णय जो लिया गया है वह बहुत ही सराहनीय है। बार बेंच का आप से संबंधित होना जरूरी है तभी आप हम व्यापारियों को वास्तव में न्याय दिला पाएंगे। शपथ लेने वालों में उपाध्यक्ष विकास गुप्ता, कोषाध्यक्ष पद पर नीरज गुप्ता, मीडिया प्रभारी प्रदीप कुमार गुप्ता, वंशज सहगल, संतोष कुमार गुप्ता, शाहनवाज अख्तर, संजय सिंह, रजनीश सिंह, देव भूषण तिवारी आदि मुख्य रूप से शपथ लिया। इस मौके पर गुलाबचंद गुप्ता, आनंद सिंह, रजनीकांत सिंह, संजीव कुमार डम्पू, रामजी गुप्ता, प्रदीप कुमार पप्पू जी, अरविंद, जेपी सिंह, पंकज सिंह अध्यक्षता अशोक सिंह एडवोकेट पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व संचालन उमेश प्रताप एडवोकेट ने किया।



# प्रांतीय बैठक में लागत के आधार पर समर्थन मूल्य बढाने की मांग

**संतोष द्विवेदी, समाज जागरण**

नगरा (बलिया) : क्षेत्र के कोलंबस इंटरनेशनल स्कूल सिसवार कला में आयोजित भारतीय किसान संघ की प्रांतीय बैठक में सरकार द्वारा निर्धारित गेंहू व धान के लागत के आधार पर समर्थन मूल्य को नाकाफी बताते हुये बढाने की मांग की गयी।

दो दिवसीय बैठक में मुख्य वक्ता उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड के संगठन मंत्री शिवकांत ने जैविक खेती पर बल देते हुये कहा कि जैविक खेती से ही किसान अपनी आय को दोगुनी कर सकते है। कहा कि किसान आयुर्वेदिक औषधि जीवामृत का प्रयोग फसलों में करें इससे उनकी फसले विभिन्न प्रकार के कीटों से बचेगी तथा उपज भी बेहतर होगी। गोरक्ष प्रांत के संगठन मंत्री अरविंद ने पीएम किसान निधि की धनराशि को 5 सौ रुपये मासिक से बढाकर 1 हजार रुपये करने की मांग की। राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष युगल किशोर मिश्र ने कहा कि भारतीय किसान संघ किसानों का सबसे बडा संगठन है। जिसका लक्ष्य भारतीय किसानों का समग्र विकास है। यह संगठन किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर संघर्ष करता रहता है। बैठक में निर्णय लिया गया कि भारतीय किसान संघ की अगामी बैठक 13 अप्रैल को मऊ में होगी। इसके साथ ही वर्ष 2024 की सदस्यता अभियान पर चर्चा की गयी। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय महामंत्री मोहनी मोहन करेगें। बैठक में



राजीव कुमार सिंह, शत्रुघ्न प्रसाद वर्मा, आत्मानंद सिंह, हरिशंकर सिंह, दिनेश सिंह, संजय पटेल आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता शेषनाथ तिवारी व संचालन अजय कुमार सिंह ने किया।

# रामगढ़ (बलिया ) पुराने स्पर को मरम्मत करके कटान रोकने की कवायद हुई तेज

**अमित सिंह, समाज जागरण**

रामगढ़ (बलिया) : गंगापुर के हुकुम छपरा गंगा घाट के पश्चिम स्पर संख्या 26,100 किमी व 26,300 किमी पर करोड़ो रुपए की लागत से पहले से बने पुराने दो स्पर जो अगले साल गंगा के बाढ़ कटान से छतीग्रस्त हो गए थे। उन्ही दो स्परो को 4,97 करोड़ के प्रोजेक्ट से मरम्मत करके इस बार गंगा के कटान को रोकने की कवायद तेज गति से बचाव कार्य चल रहा है।

लोगों का कहना हैं कि यह बचाव कार्य कितना कारगर साबित होगा अभी कुछ कहा नहीं जा सकता। लेकिन इस बार बाढ़ विभाग द्वारा करोड़ो रुपए के प्रोजेक्ट से सुघर छपरा व दुबे छपरा में पिछले साल के आधे अधूरे कार्य को पूरा करने तथा पुराने स्परो को मरम्मत करके गंगा के कटान को रोकने का प्रयास किया जा रहा है।



बाढ़ विभाग के अधिशासी अभियंता संजय कुमार मिश्र ने बताया कि गंगा के कटान की वजह से हर साल भौगोलिक स्थिति बदलती रहती है। इस बार गंगा के बाढ़ के पानी का दबाव पुराने स्पर 26,100 किमी व 26,300 किमी पर ज्यादा पडने की संभावना है । इसको ध्यान में रखकर पुराने स्पर को नई तकनीकी से 10 मीटर पानी के अंदर से नायलान की जाली में बालू भरी बोरियों को डालकर प्लेटफार्म बनाकर उसके ऊपर दो लेयर लोहे की जाली में बोल्डर डालकर बिछाया जाएगा । और नए सिरे से स्पर का नोज और स्लोप बनाया जाएगा । और इससे निश्चित रुप से गंगा का कटान रुकेगा

# शोपीस बना एएनएम सेंटर, नही हुई तैनाती

**समाज जागरण**

नगरा (बलिया) : क्षेत्र के ढेंकवारी गांव में डेढ दशक पूर्व बना एएनएम सेंटर शोपीस बन गया है। उक्त सेंटर पर अभी तक किसी एएनएम की तैनाती नही हो सकी है।

क्षेत्र की महिलाओं को गांव स्तर पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निर्मित यह सेंटर वर्ष 2006- 07 में बना था। तत्कालीन बसपा सरकार में राजनिति में गहरी पैठ रखने वाले ठेकेदारों ने क्षेत्र में कई एएनएम सेंटर का भवन बनवाया था। एक भवन पर 7 लाख रुपये से भी अधिक की धनराशि खर्च की गई। तत्कालीन एएनएन व तत्कालीन ग्राम प्रधान के संयुक्त खाते में धनराशि मिली थी। आरोप है कि उस समय की एएनएम व ग्राम प्रधान ने भवन निर्माण की धनराशि में जम कर बंदरबांट किया था। स्थिति यह है कि एएनएम सेंटर का भवन अब तक स्वास्थ्य विभाग को हस्तांतरित ही नही किया गया। सूत्र तो बताते हैं कि इन भवनों का स्थानीय पीएचसी पर कोई अभिलेख ही उपलब्ध नही है। इससे प्रतीत होता है कि ठेकेदारों ने अपने रसूख के बल पर भवन स्वीकृत करा लिया। इस भवन में भूसा रखा जा रहा है। यहां तक कि भवन के सामने उपले बनाये जा रहें हैं। जब से इस भवन का निर्माण हुआ तब से आज तक न तो इसकी साफ सफाई ही हुई और न ही इस्की रंगाई पुताई ही की गयी।

प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. राहुल सिंह का कहना है कि ढेंकवारी में बने एएनएम सेंटर का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर कोई रिकार्ड ही नही है। न ही वहां एएनएम की कोई जगह ही है। इसी कारण वह भवन बेकार पडा हुआ है।

# 5वें दिन भी मां शारदा मैहर मन्दिर में श्रद्धालुओं की रही भारी भीड़

**दिलीप जायसवाल, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

जौनपुर। वासंतिक चैत्र नवरात्र के 5वें दिन रविवार को मां शारदा शक्तिपीठ मैहर वाली मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। भक्तों को अभीष्ट फल प्रदान करने वाली स्कंदमाता की पूजा करने का विधान है। इसी निमित्त आज रविवार को नवरात्र के 5वें दिन देवी की आराधना करने वाले श्रद्धालु मां शारदा के दर्शन के लिए दूर-दूर स्थानों से चलकर मनवांछित फल प्राप्त करने के लिए यहां माथा टेकने पहुंचे। इसी क्रम में राजेश राय "एडीजे प्रथम" सपरिवार दर्शन करने पहुंचे। मंदिर परिवार के सत्य प्रकाश एडवोकेट हाईकोर्ट मुंबई ने नारियल देकर उनका स्वागत किया। श्रद्धालु अपने कुटुंब के साथ आस्था व दिव्य केंद्र मां शारदा मंदिर में दर्शन पूजन के लिए लंबी कतार सीढ़ियों से होते हुए अपने हाथों में प्रसाद लेकर माता के दरबार में पहुंचे। भक्तों द्वारा प्रातःकाल से मां के पट खुलने के बाद आरती के उपरांत शक्तिपीठ में मां के साथ अन्य देव विग्रह के दर्शन एवं पूजन किया। दर्शन पूजन के साथ भक्तों को मंदिर ट्रस्ट की तरफ से प्रसाद बांटे गये। प्रसाद वितरण पूरे नवरात्र भर किया जा रहा। बाकी दिनों में प्रत्येक सोमवार को बाटा जाता है। इस अवसर पर कलाविद रविकांत जायसवाल, आशुतोष जायसवाल, जवाहर लाल जायसवाल, सुशील जायसवाल, असर्फी लाल, विजय, सुजीत अग्रहरी आदि उपस्थित थे। मां शीतला चौकियां धाम की भांति मैहर मंदिर परिसर के एक स्थान पर लोगों ने कढ़ाई चढ़ाकर माता को भोग लगाने के लिए हलवा पूरी बनाया। मंदिर परिसर के बाहर प्रसाद इत्यादि की दुकानें सजी हुई हैं जहां भक्त नारियल, चुनरी, माला, फूल आदि लेकर मां के दरबार में पहुंच रहे हैं।

# सन 2020 से निरन्तर जारी है शिक्षा व आहार वितरण : ॠषि यादव

धमार्पुर, जौनपुर। स्थानीय क्षेत्र में स्थित समाजवादी कुटिया पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के दिशा निदेर्शानुसार मार्च 2020 से लगातार सेवा किया जा रहा है। कुटिया के संचालक ॠषि यादव एडवोकेट ने बताया कि समाजवादी कुटिया के माध्यम से गांव सहित अगल–बगल क्षेत्र के सैक्ड़ों बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दिया जा रहा है। साथ ही पठन–पाठन सामग्री के अलावा पौष्टिक आहार के रूप में दूध, फल, बिस्कुट आदि भी दिया जा रहा है जो कोरोना काल से लेकर आज तक निरन्तर जारी है। इसी क्रम में रविवार को बच्चों को पौष्टिक आहार दिया गया जहां तमाम लोगों की उपस्थिति रही।

### भक्त प्रहलाद की कथा सुनकर मंत्रमुग्ध हुए श्रोता

# भक्तों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं प्रभु

## – इंदारा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में भक्ति मय माहौल

अनुराग सिंह, दैनिक समाज जागरण

कोपागंज, मऊ : अदरी नगर पंचायत के इंदारा स्टेशन रोड वार्ड चार के जन कल्याण श्री दुर्गा पूजा समिति मन्नत वाली माता मंदिर के प्रांगण में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में शनिवार को कथा व्यास आचार्य अमित पांडेय ने कहा कि श्रीमद्भागवत या केवल भागवत भी कहते हैं। भगवान की विभिन्न कथाओं का सार श्रीमद्भागवत कथा मोक्ष दायिनी है। यह कथा सुनने मात्र से ही मानव का कल्याण संभव है। भक्त प्रहलाद की कथा सुनाते कहा कि हिरण्यकश्यप अपने भाई की मौत का बदला भगवान विष्णु से लेने के लिए ब्रह्मा जी की तपस्या करने को वट वृक्ष के नीचे बैठ गया। वहां देव गुरु बृहस्पति तोता का रूप धारण कर वृक्ष पर बैठ गए और नारायण नाम का रट लगाने लगा। आजिज हिरण्यकश्यप तपस्या छोड़ कर घर आ गया। पत्नी ने पूछा कि आप तपस्या छोड़कर क्यों चले आए तो उसने तोता की बात बताई। पत्नी ने भी भगवान के नाम का जप किया और भक्त प्रहलाद के रूप में बालक का जन्म हुआ। जब प्रहलाद गुरुकुल से घर आए तो हिरण्यकश्यप ने पूछा कि क्या शिक्षा ग्रहण किए हो। इस पर प्रहलाद भगवान का गुणगान करने लगे। इससे हिरण्यकश्यप क्रोधित हो उठा लेकिन प्रहलाद ने भगवान की आराधना नहीं छोड़ी।



हिरण्याक्ष अत्याचार करता रहा। उसने बहुत सारे कष्ट दिए। अग्नि में जलाया, पहाड़ से गिराया, उबलते हुए तेल में डाला और मारने का बहुत प्रयास किया। उसकी बहन होलिका प्रहलाद को गोदी में लेकर अग्नि में बैठ गई। होलिका तो स्वयं जलकर भस्म हो गई लेकिन प्रहलाद हंसते हुए अग्नि से बाहर आ गए।हर बार भगवान प्रहलाद को बचाते रहे। एक दिन हिरण्यकश्यप ने प्रहलाद से कहा कि तुम्हारे भगवान कहां हैं। प्रहलाद ने जवाब दिया कि कण-कण में हैं और इस खंभे में भी हैं। इतना सुनते ही हिरण्यकश्यप ने तलवार निकाल कर खंभे पर वार कर दिया। तब नरसिंह के रूप में प्रकट होकर भगवान ने हिरण्यकश्यप का वध कर दिया। कथा सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। कथाव्यास ने कथा के पूर्व पूजन-अर्चन कराया। इस अवसर पर भागवत गुप्ता, बजरंगी लाल, चंदन गुप्ता, दिलिप जयसवाल, प्रिंस गुप्ता, राजेश मद्धेशिया, पूर्व चेयरमैन राजकुमार जायसवाल, सुरेश मद्धेशिया सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# बस एक फोन पर मिलेगा मवेशियों को निशुल्क उपचार

**भाजपा जिलाध्यक्ष एवं मुख्य विकास अधिकारी ने मोबाइल वेटनरी यूनिट को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

**– मोबाइल वेटनरी यूनिट जनपद के समस्त गांव में जाकर पशुओं का करेंगी निःशुल्क इलाज**

**आशुतोष चतुर्वेदी, ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

मऊ : मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर द्वारा कलेक्ट्रेट मवेशियों के उपचार के लिए चार मोबाइल वेटरनरी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इसके पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ में वर्चुअल माध्यम से मोबाइल वेटनरी को लेकर अपना संबोधन दिया। कहा कि प्रदेश के अंदर 12 लाख गोवंश हैं, जिसकी जिम्मेदारी सरकार उठा रही है। प्रदेश के सभी जिलों में पशुपालकों को मेडिकल और स्वास्थ्य से संबंधित सभी सेवाएं निशुल्क उपलब्ध कराने के लिए यह बड़ा निर्णय लिया है। बता दें कि जिले को विचार मोबाइल वेटरनरी मिली है जिस्‍की कीमत लगभग 17 लाख बताई जा रही है। मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर ने कहा कि




कलेक्ट्रेट से मोबाइल वेटनरी यूनिट (एंबुलेंस) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह एक-एक मोबाइल वेटनरी यूनिट जनपद के चारों तहसीलों में लगाई गई हैं। प्रत्येक तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव में जाकर पशुओं का निःशुल्क इलाज करेंगी। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रमोद गुप्ता ने कहा कि कोई भी पशुपालक जिसके पशु बीमार हो वह मोबाइल वेटनरी के टोल फ्री नंबर 1962 पर कॉल करके अपने पशुओं का निःशुल्क इलाज करा सकते हैं। इस दौरान मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# हर दिल ध्यान, हर दिन ध्यान का सीताकुंड शिविर का हुआ समापन

**-बही ध्यान और योग की सरिता**

**-श्रीराम चंद्र मिशन और हार्टफुलनेस सेंटर द्वारा आयोजित था जनकल्याण का कार्य**

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण

बलिया : ह दिल ध्यान, हर दिन ध्यान की मंशा से संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से श्रीराम चंद्र मिशन और हार्टफुलनेस सेंटर के तत्वावधान में तीन दिनी विशेष ध्यान शिविर का विधिवत समापन रविवार को हुआ। तीन दिन प्राथमिक विद्यालय सीताकुंड में योग और ध्यान की सरिता खूब बही और लोगों ने खूब डुबकी लगाई।

आयोजन संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित आजादी के अमृत महोत्सव के तहत किया गया। आयोजन के अंतिम दिन सैकडों की संख्या में संस्था से जुड़कर लोगों ने योग और ध्यान की बेहतर बारीकी को सीखा। मिशन के केंद्र प्रभारी सुरेश उपाध्याय ने उपस्थित जनों को श्रीराम चंद्र मिशन और हार्टफुलनेस सेंटर के बाबत विस्तार से जानकारी दी। रविवार को शिविर में पोलेरिटी




हीलिंग तकनीक सिखाया गया। शिविर समाप्ति की घोषणा करते हुए केंद्र संचालक ने अगला शिविर श्रीनगर में आयोजित होने को कहा। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी लोकेश मिश्र, शशिकांत ओझा, ओम प्रकाश पांडेय, संतोष सिंह, अमित सिंह, शैलेन्द्र, इन्दु तिवारी,.अंजनी, गुडडू, मैनेजर, हीरा लाल, संजय, शिवम आदिमौजूद रहे।

### एबीएसए लोकेश मिश्र और पत्रकार शशिकांत ओझा सम्मानित

हार्टफुलनेस सेंटर के लोगों ने सीताकुंड प्राथमिक विद्यालय पर आयोजित ध्यान शिविर के समापन समारोह में एबीएसए लोकेश मिश्र और पत्रकार शशिकांत ओझा को सम्मानित किया गया। शिविर के साथियों ने बुके और एक एक किताब भेंज किया।

# सामूहिक विवाह में 48 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे निरंकारी मिशन ने किया आयोजन

### *4 जोड़े जौनपुर से हुये शामिल, माता सुदीक्षा जी ने दिया आशीर्वाद*

दिलीप जायसवाल, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण

जौनपुर। संत निरंकारी मिशन के स्थानीय मीडिया सहायक उदय नारायण जायसवाल ने बताया कि प्रयागराज के परेड मैदान पर चल रहे 44वें निरंकारी प्रान्तीय संत समागम में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सद्गुरू माता सुदीक्षा के सानिध्य में 48 जोड़े एक–दूसरे के जीवनसाथी बने जिसमें 4 जोड़े जौनपुर के भी थे। श्री जायसवाल ने बताया कि माता जी ने कहा कि गृहस्थ जीवन में सत्संग, सेवा, सिमरण करते हुए निराकार प्रभू को तो प्राथमिकता देनी है। साथ ही घर-परिवार की जिम्मेदारियों का निर्वहन



करते हुए आध्यात्मिक पहलू भी मजबूत बनाए रखना है। परिवार की एकता आपसी विश्वास, परस्पर प्रेम और मिलवर्तन की भावना से मजबूत होती है। श्री जायसवाल ने बताया कि जौनपुर के चारों जोड़े पट्टीनरेंद्रपुर, मुफ्तीगंज, कुंडलियां व केराकत ब्रांच से हैं।

# राज्यस्तरीय तलवारबाजी में जौनपुर के जांबाजों ने परचम लहराया

### तजवारबाजों ने 7 कांस्य व 8 रजत पदक जीते जौनपुर आने पर हुआ भव्य स्वागत

दिलीप जायसवाल, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण

जौनपुर। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या द्वारा श्रीराम




जन्मोत्सव के उपलक्ष्य पर प्रायोजित राज्यस्तरीय तलवारबाजी खेल प्रतियोगिता का आयोजन 22 व 23 मार्च को हुआ। प्रतियोगिता में जौनपुर के 15 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया जौनपुर के तलवार बाजो ने जोरदार प्रदर्शन करते हुये अपने जिले का नाम रोशन कर दिया। बताया गया कि उक्त प्रतियोगिता में जौनपुर के जाबांजों ने 8 रजत पदक व 7 कांस्य पदक जीता। पदक विजेताओं में पुरुष वर्ग ईपी स्पर्धा में रजत पदक योगेश निषाद, राजकुमार बिन्द, अजीत कुमार, विपिन पाण्डेय, सेवर स्पर्धा में चंद्रचूर नारायण, आशीष यादव, अर्पित, गोविंद यादव, फॉयल स्पर्धा टीम में राहुल निषाद, दिवाकर निषाद, आदित्य शुक्ला, विवेक पाल, महिला वर्ग ईपी स्पर्धा टीम शुभी मौर्या, अंशिका यादव, स्नेहा पांडेय हैं। अयोध्या से लौटने पर उपरोक्त तलवारबाजों का जौनपुरवासियों ने जोरदार स्वागत किया। तलवारबाजी संघ के पदाधिकारी रविशंकर गुप्ता व अजीत साहू ने उपरोक्त खिलाड़ियों को बधाई दिया। साथ ही खेल उपकरण की व्यवस्था का आश्वासन दिया। इसी क्रम में जौनपुर तलवारबाजी संघ के सचिव एवं प्रशिक्षक लालजी निषाद ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुये उज्जवल भविष्य की कामना किया।

# अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट परिवार पोषण की पोटली का किया वितरण

दिलीप जायसवाल, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण

धमार्पुर, जौनपुर। अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट परिवार ने स्थानीय ब्लाक में चिन्हित टीबी रोगियों को गोद लिया। सत्तू, बोर्नबीटा के साथ सोयाबीन उपलब्ध करा रहे हैं। एक माह तक मरीज को लगातार देने के बाद हम उसकी मॉनिटरिंग भी करते हैं कि क्या दी जाने वाली पोषण



इसी क्रम में प्रतिमाह पौष्टिक आहार किट का वितरण किया जा रहा है जो रविवार को भी किया गया। संकल्प लिया गया कि ऐसे मरीजों की देख–रेख की जिम्मेदारी हमारी रहेगी। इस सम्बन्ध में रविवार को मालती देवी शिक्षण संस्थान में कार्यक्रम हुआ जहां ट्रस्ट की अध्यक्ष उर्वशी सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री के 2025 तक भारत से क्षय रोग उन्मूलन के लक्ष्य को निर्धारित किया है। प्रत्येक टीबी रोगी को दवा के साथ कुछ पोषण सामग्री की आवश्कता होती है। हम टीबी मरीजों को पौष्टिक सामग्री जैसे- गुड़, मूंगफली, दाना, दाल, भुना, चना, सामग्री का लाभ उन्हें हो रहा है या नहीं। इसी क्रम में शिक्षक डॉ समर बहादुर सिंह, कनक सिंह, मीरा अग्रहरी, अमर जौहरी, ज्योति श्रीवास्तव, आशीष श्रीवास्तव, ज्ञानचंद गुप्ता सहित अन्य वक्ताओं ने अपना विचार व्यक्त करते हुये ट्रस्ट के इस कार्य की सराहना किया। बता दें कि अभी तक ट्रस्ट परिवार 98 मरीज गोद ले चुका है। इस अवसर पर संस्थापक दीक्षा सिंह, नागेंद्र नाथ सिंह, राधिका सिंह, मंडल अध्यक्ष राधेश्याम विश्वकर्मा, उमेश सिंह सहित तमाम सम्बनित लोग उपस्थित रहे।

### हत्या होने के 24 घंटे अंदर प्रभारी निरीक्षक ने हत्या की गुत्थी सुलझाई, दो अभियुक्त गिरफ्तार

चंदन गुप्ता संवाददाता, समाज जागरण

प्राप्त जानकारी के अनुसार तारा देवी पत्नी राजनाथ गौतम ने कोतवाली मड़ियाहूं मैं सूचना दिया कि उनके पुत्र अमित कुमार गौतम का हत्या कर हत्यारों ने शव को गांव पर ही तालाब में फेंक दिया है। हत्या की सूचना पर क्षेत्राधिकारी मडियाहूँ अशोक कुमार सिंह के नेतृत्व में अपराधियो के गिरफ्तारी के लिए चलाये गये अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक मडियाहूँ ओम नारायण सिंह द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए 25 मार्च दिन शनिवार को हत्या के मामले में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया।

घटना के संबंध में दिनांक 24 मार्च को वादिनी तारा देवी पत्नी राजनाथ गौतम निवासी राजापुर नं. 1 थाना/कोतवाली मडियाहूँ, जौनपुर द्वारा लिखित सूचना दिया कि उसका पुत्र अमित कुमार गौतम का शव गांव में स्थित तालाब के पास मिली है। इस सूचना पर स्थानीय पुलिस टीम द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु शव को मर्चरी हाउस जौनपुर भेजा दिया गया। मुकदमा उपरोक्त में नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार करने हेतु थाना स्थानीय से प्रभारी निरीक्षक ओम नारायण सिंह, उपनिरीक्षक शिवभजन प्रसाद, कांस्टेबल प्रिंस कुमार उपाध्याय, सत्यम कुमार और देवेंद्र कुमार के साथ अभियुक्तगण को उनके घर से समय करीब 11.30 बजे गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त एक अदद बांस का डंडा की बरामदगी करते हुए रेखा काल्पनिक नाम निवासी ग्राम राजापुर नंबर 1 थाना मड़ियाहूं उम्र तकरीबन 30 वर्ष और राज काल्पनिक नाम निवासी ग्राम राजापुर नंबर 1 थाना मड़ियाहूं उम्र 16 वर्ष को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया और पुलिस आगे की कार्रवाई में लगी हुई है।

# चैत्र प्रतिपदा हिंदू नव वर्ष पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने निकाला पद संचलन

चंदन गुप्ता संवाददाता समाज जागरण

मड़ियाहूं, जौनपुर । चैत्र प्रतिपदा हिंदू नव वर्ष के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने रविवार को स्वामी विवेकानंद इंटर



कॉलेज के पास रामलीला मैदान से पथ संचलन निकाला। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक भारी संख्या में मौजूद रहे।

पथ संचलन से पूर्व स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज के प्रांगण में सभी स्वयंसेवक एकत्रित हुए जहां सर्वप्रथम संघ का ध्वज फहराया गया। इसके बाद सभी ने सामूहिक रूप से संगीत के माध्यम से प्रार्थना की। यह पथ संचलन स्वामी विवेकानंद से निकलकर मड़ियाहूं कस्बे के मुख्य मार्ग से होता हुआ गुजर रहा था जो गोला बाजार मेन रोड होते हुए कोतवाली तिराहा पहुंचा यहां से पूरे नगर में भ्रमण करते हुए डाकबंगला पहुचा जो डाक बंगला से पुनः वापस स्वामी विवेकानंद मैदान में जाकर संपन्न हुआ। संघ के जिला कार्यवाहक जंगबहादुर ने बताया कि रविवार को हिंदू नव वर्ष के अवसर पर पथ संचलन का आयोजन किया गया और कहां की आरएसएस की शाखाओं में आने वाले स्वयंसेवकों का जहां एक तरफ बौद्धिक शारीरिक और मानसिक विकास होता है वहीं दूसरी और राष्ट्र प्रेम की भावना भी जागृत होती है। पथ संचलन को सकुशल संपन्न कराने के लिए स्थानीय पुलिस पूरे नगर में लगी हुई थी।

# आर एस कान्वेंट स्कूल बाराचवर के कक्षा चौथी के छात्र अमन कुमार यादव बने स्कूल टापर

बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण

**मेधावियों का मेड़ल और प्रशस्तिपत्र पत्र देकर हुआ सम्मान मेडल और प्रशस्तिपत्र पाते ही खिले छात्र-छात्राओं चेहरे**

सीबीएसई बोर्ड द्वारा (10+2)की मान्यता प्राप्त आर एस कान्वेंट स्कूल बाराचवर मे पढ़ने वाले कक्षा प्रथम से 11वीं तक के छात्र-छात्राओं का शनिवार के दिन टीचर पैरेंट मिटिंग का आयोजन हुआ।तथा सत्र 2022-2023का वार्षिक परीक्षा परिणाम प्रधानाचार्य अर्जुन राम पाल ने घोषित किया। तथा कक्षाओं मे प्रथम द्वितीय,तथा तृतीय स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल तथा प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया।कक्षा प्रथम से तन्मय उपाध्याय 675/800 84.37%,प्रथम स्थान पर रहे,आस्था सिंह 674/800-84.25%द्वितीय स्थान पर रही,अर्पिता सिंह 651/800-81.37%तृतीय स्थान पर रही।

कक्षा 2से आदित्य यादव 707/800-88.375%प्रथम स्थान पर रहे।असमिता वर्मा 652/800-81.5%द्वितीय स्थान पर रही,स्वास्तिक राज सिंह 627/800-78.375%तृतीय स्थान पर रहे।

कक्षा तृतीय के स्वीकृति सिंह 753/800-94.12%प्रथम स्थान पर रही,समर कुशबाहा 626/800-78.25%द्वितीय स्थान पर रहे,अभिराज प्रजापति 716/800-77%तृतीय स्थान पर रहे।





कक्षा चौथी से अमन कुमार यादव 756/800-94.50%प्रथम स्थान पर रही,कार्तिक सिंह 733/800-91.63%द्वितीय स्थान पर रहे,निमरा जबी 716/800-89.50%तृतीय स्थान पर रही।

कक्षा पांचवीं के अंश सिंह 737/800-92%प्रथम स्थान पर रहे,अक्षिता वर्मा 720/800-90%द्वितीय स्थान पर रही,सृष्ठी कुमारी 697/800-87%तृतीय स्थान पर रही।

कक्षा 6वीं से रोशन यादव 934/1000-93.5%प्रथम स्थान पर रहे,निधि कन्नौजिया 923/1000-92.3%द्वितीय स्थान पर रहे,डिम्पल चौहान 899/1000-89.9%तृतीय स्थान पर रही।

कक्षा 7वीं से अनिकेत राय 853/1000-85.4%प्रथम स्थान पर रहे,कन्हैया लाल प्रजापति 849/1000-84.9%द्वितीय स्थान पर रहे,नितिन सिंह 831/1000-83.2%तृतीय स्थान पर रहे।

कक्षा 8वीं से रागिनी सिंह 915/1000-91.5%प्रथम स्थान पर रही,हर्षिता यादव 914/1000-91.4%द्वितीय स्थान पर रही,अनुज चौहान 888/1000-88.8%रहे।

कक्षा 9वीं से सितुमा खान 508/600-84.66%प्रथम स्थान पर रही,अनुष्का राय 490/600-81.66%द्वितीय स्थान पर रही,अंशू मौर्या 486/600-81%तृतीय स्थान पर रही।इस अवसर पर स्कूल के संस्थापक भीष्मदेव सिंह प्रबंधक यशवन्त सिंह सहित सभी स्टाफ मौजूद रहे।

कक्षा 11वीं से साध्वी सिंह 417/500-83.4%प्रथम स्थान पर रही,प्रियंका यादव 338/500-67.6%द्वितीय स्थान पर रही,विशाल कुमार 270/500-54.01%तृतीय स्थान पर रहे।

# मां कष्टहरणी धाम में प्रोफेसर सानंद सिंह ने किया पूजन

बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण

गाजीपुर जनपद के करीमुद्दीनपुर स्थित मां कष्टहरणी धाम में नवरात्र के चतुर्थ दिवस पर मां का विधि विधान से पूजनोपरांत भव्य श्रृंगार किया गया। समस्त पूजन मां कष्टहरणी धाम के पुजारी राजकुमार पाण्डेय के द्वारा सम्पन्न किया



गया।पूजन में सत्यदेव ग्रुप्स आफ कालेजेज गाधिपुरम बोरसिया गाजीपुर के प्रबंध निदेशक प्रोफेसर सानंद सिंह ने भाग लिया।पूजन एवं आरती के पश्चात डाक्टर सानंद सिंह के द्वारा अखंड दीपक प्रज्वलित किया गया। पूजन के पश्चात उपस्थित लोगों को प्रसाद का वितरण किया गया इस अवसर पर राम जी गिरी, धीरेन्द्र राय सोनवानी,
महेश्वर पाण्डेय, किशुनदेव उपाध्याय,बिकास राय पत्रकार समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

# सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल गाजीपुर के चार छात्र छात्राओं ने स्टेट चैम्पियन शिप में जीता स्वर्ण पदक

बिकास राय ब्यूरो चीफ

दैनिक समाज जागरण गाजीपुर जनपद के सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के अंतर्गत सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने विद्यालय का मोटो "उत्कृष्टता की ओर" का अनुसरण करते हुए दिनांक 26 मार्च 2023, रविवार को रायबरेली, ऊंचाहार में इतिहास बना दिए क अवगत हो कि 'यूथ गेम्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश' द्वारा 'स्टेट चैंपियनशिप -2023' प्रतियोगिता जिसमें वॉलीबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन, ताइक्वांडो इत्यादि खेल का आयोजन रायबरेली ,ऊंचाहार उत्तर प्रदेश में किया गया था क उक्त प्रतियोगिता में सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल के ताइक्वांडो ट्रेनर शेषनाथ यादव के मार्गदर्शन में पीयूष कुमार यादव कक्षा- 7 , प्रिंस कुमार यादव कक्षा -7, समी कुमार कक्षा - 7 एवं कंदर्प तिवारी कक्षा -10 ने ताइक्वांडो में प्रतिभाग किया कवजन और उम्र के हिसाब से चारों प्रतिभागियों ने इस राज्य स्तर की प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त किए, साथ ही



हरियाणा में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय स्तर की ताइक्वांडो प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए इनका रास्ता भी साफ हो गया क सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के मुख्य प्रबंध निदेशक प्रोफेसर आनंद सिंह, प्रबंध निदेशक प्रोफेसर सानंद सिंह , काउंसलर दिग्विजय उपाध्याय , सत्यदेव डिग्री कॉलेज के निदेशक अमित रघुवंशी ने विद्यार्थियों द्वारा इस महान उपलब्धि पर गदगद मन से सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल के प्रधानाचार्य श्री चंद्रसेन तिवारी को, ट्रेनर शेषनाथ यादव को, विजेता विद्यार्थियों को एवं समस्त विद्यालय परिवार के सदस्यों को बधाई दिए क प्रोफेसर सानंद सिंह ने कहा कि चैत्र नवरात्र के पांचवें दिन माता रानी 'स्कंदमाता' का आशीर्वाद सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेजेस परिवार पर फलीभूत हुआ है क विद्यालय परिवार माता रानी की कृपा से हर दिन, हर क्षण अनवरत अपने कदमों को उत्कृष्टता की ओर अग्रसर करता रहेगा । विजेता प्रतिभागी एवं ट्रेनर 28 मार्च 2023 को विद्यालय पहुंचेंगे जिनका गर्मजोशी से स्वागत किया जाएगा

# मां कष्टहरणी धाम में भव्य देवी जागरण का आयोजन सम्पन्न

बिकास राय ब्यूरो चीफ
दैनिक समाज जागरण

गाजीपुर जनपद के करीमुद्दीनपुर स्थित मां कष्टहरणी धाम में नवरात्र के अवसर पर संध्या आरती के पश्चात रात्रि 8 बजे से भव्य देवी जागरण का आयोजन किया गया।इस देवी जागरण में बिग गंगा के कलाकार एवं मशहूर गायक आरजू अंचल,गायिका अमृता गौतम,गायिका ज्योति उजाला,गायक सुधीर यादव छोटू एवं अरमान बाबू,छोटू बाबू की टीम ने अपने गायकी से समां बांध दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ ओंकार नाथ राय प्रबंधक मां कष्टहरणी धाम पुजारी राजकुमार पाण्डेय, देवेन्द्र राय के द्वारा थानाप्रभारी विश्वनाथ यादव,एस आई श्रीकांत यादव, पत्रकार यशवंत सिंह रामाकांत तिवारी समेत अन्य का माल्यार्पण एवं चुनरी भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिव पार्वती विवाह,भोले नाथ का तांडव,मां दुर्गा की खुबसूरत झांकी प्रस्तुत की गयी ।
मुहम्मदाबाद हाटा के रहने वाले बिग गंगा कलाकार मशहूर गायक आरजू अंचल ने अपनी पूरी टीम के साथ 4:00 बजे भोर तक समां बांधा।





रात भर तालियों की गड़गड़ाहट भक्तों का नृत्य तथा मंदिर जयकारों से गूंजता रहा प्रारंभ में आरजू अंचल ने देवी मां का पचरा गेहूंआ क बलिया माई सुगवा जूठरलें हो की कैसे-कैसे ना. गाकर पूरा माहौल भक्तिमय कर दिया उसके बाद कई देवी गीत गाए ,,ज्योति उजाला ने निमिया की डारी मैया सुधीर यादव ने मैया राउर छोटे मंदिरवा गाकर पूरे माहौल झुमा दिया इसके बाद अमृता गौतम ने देवी गीत एगो बेटियों दे दे तू गाया और पूरे महिलाओं को नाचने पर मजबूर कर दिया कार्यक्रम के संयोजक सुनील कुमार राय ,प्रबंधक मां कष्टहरणी धाम ओंकार नाथ राय ने सभी कलाकारों को चुनरी मालों से सम्मानित किया।
शुक्रवार एवं सोमवार का दिन नवरात्र में मां कष्टहरणी धाम के लिए बहुत खास होता है।इस दिन मंदिर में बहुत ही भींड होती है।

# नोएडा छलेरा सेक्टर44 : कर्नल मार्केट में सरकारी नालियों पर पक्की निर्माण, सड़क पर भी कब्जा।

नोएडा समाज जागरण डेस्क

नोएडा सेक्टर 44 कर्नल मार्केट के बाहर से निकलने वाली नाली आजकल विलुप्त हो चुका है। कारण जानने पर पता चला है कि विलुप्त नही बल्कि उस पर पक्के निर्माण कार्य करके दुकान आगे बढा लिया गया है। बात इतने तक ही सीमित नही है लगभग 5 फिट चौड़ी नाली पर कब्जा के बाद अब सड़क पर भी कब्जा लिया है जिसके कारण सुबह शाम जाम की स्थिति बनी रहती है।

एक तरफ जहाँ मोटरसाइकिल मैकेनिक के द्वारा बीच सड़क पर ही रिपेयरिंग के काम किए जाते है वही दूसरी तरफ होटल वालों नें भी पूरा पूरा कब्जा लिया हुआ है। दुकान के बाहर भी पान भी और सिगरेट के दुकान के अलावा जूस के दुकान खुले हुए है जिससे कि दुकानदार किराया वसूलते है।
इसके अलावा मार्केट के कार्नर पर धार्मिक प्याउ



बनाकर जहाँ एक तरफ धर्माथ का कार्य किया गया है वही दूसरी तरफ उसके आड़ में मोबाईल के दुकान और जूस के दुकान चल रहे है। कभी कभी तो प्याउ के साथ में ही बांबे चौपाटी के ठेली भी मिल जाते है जिसके कारण जाम की स्थिति बद-से-बदतर बना रहता है।

नियम के अनुसार बिजली के ट्रांसफार्मर के पास किसी भी प्रकार के विज्ञापन सामाग्री या उसके 20 मीटर के आस पास में कोई दुकान या गाड़ी पार्किंग नही होनी चाहिए लेकिन सोमबाजार बिजली घर के पास ही जहाँ एक तरफ बिजली के ट्रांसफार्मर पर बड़े बड़े हो-डिंग लगे हुए है वही दूसरी तरफ ट्रांसफार्मर से सटे ही ठेली पटरी , चाय की दुकान और गाड़ियाँ खड़ी होती है और प्राधिकरण और पुलिस इनसे अनजान बना रहता है। शायद किसी बड़े दुर्घटना होने के इंतजार में।

### शिक्षित ही नहीं स्किल्ड भी हो रहीं प्रदेश की बेटियां

# बेटियों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए प्रदेश में दी जा रही है सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग

**-योगी सरकार अनिवार्य शिक्षा के साथ-साथ प्रदेश की बेटियों के स्किल डेवलपमेंट पर भी कर रही है काम**
**-स्मार्टफोन, लैपटॉप और टैबलेस के जरिए बेटियों को डिजिटल शिक्षा के लिए भी किया जा रहा प्रोत्साहित**

लखनऊ। पढ़ेगा इंडिया तो बढ़ेगा इंडिया। भारत में शिक्षा के प्रचार और प्रसार के साथ देश की तरक्की को जोड़ने वाला यह स्लोगन आपको टीवी, अखबार और विज्ञापनों में खूब देखने को मिलता होगा। भले ही यह स्लोगन देखने में हर किसी के लिए शिक्षा की पहुंच पर जोर देता हो, लेकिन भारत जैसे देश में बेटियों की स्थिति को देखते हुए इस स्लोगन के पीछे बेटियों के लिए अनिवार्य शिक्षा का महत्वपूर्ण संदेश छुपा हुआ है। पीएम मोदी भी कई मंचों से बेटी पढ़ाओ और बेटी बचाओ का नारा दे चुके हैं। सार ये है कि बिना बेटियों को शिक्षा प्रदान किए एक सभ्य समाज की कल्पना नहीं की जा सकती। इस दिशा में उत्तर प्रदेश ने काफी काम किया है। यहां न सिर्फ शहरों, गांवों और कस्बों तक बेटियों के लिए जरूरी शिक्षा का अभियान चलाया गया है, बल्कि प्रदेश की बेटियों को व्यावसायिक शिक्षा से भी जोड़ने की पहल की गई है। यही नहीं, बेटियों को केंद्र में रखकर मिशन शक्ति भी चलाया जा रहा है, जबकि योगी सरकार बेटियों को सेल्फ डिफेंस के लिए भी प्रेरित कर रही है। बेटियों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रदेश में अलग से कस्तूबरा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों का भी संचालन किया जा रहा है। कुल मिलाकर प्रदेश में आधी आबादी के उन्मूलन और उन्हें शिक्षित करने को लेकर योगी सरकार सजग भी और संकल्पित भी।

### मुफ्त शिक्षा से लेकर शारीरिक दक्षता तक का रखा जा रहा ध्यान

हाल ही में गोरखपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में सीएम योगी ने कहा था कि उत्तर प्रदेश की संवेदनशील सरकार सबका संबल बन रही है। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसे अभियान सरकार की इसी संवेदनशीलता के प्रयास हैं। यह सरकार की संवेदनशीलता का ही नतीजा है कि प्रदेश में बेटियों को डिजिटल शिक्षा से जोड़ने के लिए स्मार्टफोन, लैपटॉप और टैबलेट जैसे उपकरणों से सुशोभित किया जा रहा है। बेटियों के लिए सरकारी स्कूलों में कॉमन रूम और अलग से शौचालय की व्यवस्था की गई है। उन्हें खेलकूद से जोड़ने के लिए महिला मंगल दल की स्थापना की गई है और उसके लिए बेटियों को किट भी सरकार की ओर से उपलब्ध कराई जा रही है। गांव-गांव में खेल के मैदान बनाए जा रहे हैं ताकि बेटियां भी शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ बन सकें। यही नहीं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बेटियों को सरकार की ओर से पांच-पांच हजार रुपए की राशि प्रदान की जा रही है, जबकि टॉपर्स को 20 हजार रुपए की राशि दी जा रही है। बेटियों को मुफ्त शिक्षा देने के साथ ही योगी सरकार मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत बालिका के जन्म से स्नातक स्तर की



शिक्षा तक 15 हजार रुपए का पैकेज भी दे रही है। यही नहीं, बालिका के विवाह योग्य होने पर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 51 हजार रुपए भी प्रदान किए जाते हैं।

### 'आरोहिणी इनीशिएटिव' से सक्षम हो रहीं वंचित वर्ग की बेटियां

सीएम योगी के निर्देश पर वंचित वर्ग की बेटियों को सक्षम व आत्मनिर्भर बनाने के लिए समग्र शिक्षा अभियान, एक एनजीओ के साथ मिलकर प्रदेश के सभी 746 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में आरोहिणी इनीशिएटिव ट्रेनिंग कार्यक्रम शुरू कर रहा है। इसके माध्यम से वंचित वर्ग की बेटियों को उनके जीवन में होने वाली घटनाओं की समझ पैदा करने के साथ ही अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने के लिए सक्षम बनाने का प्रयास किया जा रहा है। बेटियों को सक्षम बनाने के लिए टीचर्स को ट्रेनिंग उपलब्ध कराई जा रही है। टीचर्स के साथ-साथ बेटियों को डिबेट एवं अन्य गतिविधियों के माध्यम से ग्रूम किया जाएगा, ताकि वह अपनी समस्याओं के लिए दूसरों पर डिपेंड न हों बल्कि खुद उसका समाधान तलाश सकें। इस कार्यक्रम का उद्देश्य यही है बेटियों को उनके जीवन में होने वाले बदलाव के लिए तैयार किया जा सके और चुनौतियों से निपटने में सक्षम व सशक्त किया जा सके।

सेल्फ डिफेंस में भी निपुण हो रहीं प्रदेश की बेटियां यूपी के उच्च प्राथमिक विद्यालयों और कम्पोजिट विद्यालयों में बालिकाओं को रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण योजना के तहत ट्रेनिंग दी जा रही है। आत्मरक्षा का मुख्य उद्देश्य यह है कि बालिकाओं को प्रशिक्षण के माध्यम से शारीरिक व मानसिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया जा सके ताकि वह किसी भी विषम परिस्थितियों से बिना विचलित हुए उसका सामना कर सकें। सेल्फ डिफेंस के लिए आक्रमण सबसे उपयुक्त हथियार है के मूल मंत्र को ध्यान में रखते हुए बालिकाओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण की कार्ययोजना तैयार की गई है। स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा अनुदेशक एवं केजीबीवी के खेल शिक्षक व शिक्षिकाएं विद्यालय में शारीरिक शिक्षा, खेलकूद, कला संगीत के लिए निर्धारित कालांश के दौरान विद्यालय में अध्ययनरत समस्त बालिकाओं को प्रशिक्षण प्रदान कर रही हैं। उल्लेखनीय है कि समग्र शिक्षा के अन्तर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालयों, कम्पोजिट विद्यालयों में वर्तमान में कुल 10158 स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा के अनुदेशक तथा 746 केजीबीवी में कुल 10904 अनुदेशक एवं शिक्षक व शिक्षिकाएं कार्यरत है।

व्यावसायिक प्रशिक्षण से बेटियों को जोड़ा जा रहा यही नहीं, उत्तर प्रदेश की बेटियों को शिक्षा के साथ-साथ कौशल विकास से भी जोड़ा जा रहा है। इसके अंतर्गत बेटियों को स्कूल में ही व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। फिलहाल इसकी शुरूआत प्रदेश के उच्चीकृत कस्तूरबा बालिका विद्यालयों से की गई है। इस योजना के अंतर्गत कुल 54 कस्तूरबा बालिका विद्यालयों को नोटिफाई किया गया है, जहां व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसमें ट्रेनिंग पार्टनर संस्थाएं सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही हैं। बेटियों की प्री काउन्सलिंग के बाद उनकी रूचि के अनुसार ही उन्हें ट्रेड आवंटित किए जा रहे हैं। विद्यालयों में शत-प्रतिशत नामांकन का लक्ष्य रखा गया है। कौशल विकास मिशन भी लड़कियों को व्यावसायिक शिक्षा देने के लिए कई तरह के प्रोग्राम पूरे प्रदेश में चला रहा है। पायलट प्रोजेक्ट के तहत कुछ महिला संवासिनी गृह में भी महिलाओं को व्यावसायिक प्रशिक्षण दिए जाने की शुरूआत की गई है।

## पशु उपचार-पशुपालक के द्वार को साकार करने हेतु भारत सरकार के सहयोग से मोबाइल वेटनरी यूनिट का कार्य पूरे देश में पहली बार उ0प्र0 में सम्पन्न किया जा रहा : पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री

लखनऊ : 26 मार्च, 2023 उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में पिछले नौ वर्षों में अनेक योजनाएं संचालित हुई हैं, जिन्होंने देश के प्रत्येक नागरिक के जीवन में व्यापक परिवर्तन किया है। उत्तर प्रदेश उन सभी योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करने वाले राज्यों में से एक है। सभी को बिना भेदभाव के शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त हो रहा है। लोग बीमारियों से मुक्त हुए हैं। उनका जीवन स्तर बढ़ा है। ईज ऑफ लिविंग के स्तर को बढ़ाने में उत्तर प्रदेश को सफलता मिली है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में लम्बी छलांग लगाते हुए राज्य को निवेश के गंतव्य के रूप में स्थापित किया है। यह उत्तर प्रदेश के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य को आगे बढ़ाने का सशक्त माध्यम बना है। प्रदेश के 24 करोड़ लोगां के जीवन में परिवर्तन करने के लिए शौचालय, उज्ज्वला योजना के कनेक्शन, आवास, पब्लिक ट्रांसपोर्ट की बेहतर सुविधा तथा बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध

# अब एक कॉल पर यूपी के बीमार पशुधन के लिए उपलब्ध होंगे डॉक्टर

*सीएम योगी ने पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण योजना के अंतर्गत 201 करोड़ रूपए की लागत से 520 मोबाइल वेटरनरी यूनिट के फ्लैग ऑफ कार्यक्रम को किया संबोधित*

**पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण योजना पशुधन के क्षेत्र में नए युग का सूत्रपात है : सीएम योगी**

**सीएम योगी ने कहा - यह योजना उत्तर प्रदेश के पशुधन संरक्षण और संवर्धन के नए अध्याय की शुरूआत है**

**योगी सरकार पशुपालकों को उपलब्ध कराएगी टेलीमेडिसिन की सुविधा**

26 मार्च, लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण योजना पशुधन के क्षेत्र में नए युग का सूत्रपात है। उन्होंने कहा कि 520 मोबाइल वेटरनरी वैन आज से प्रदेश के सभी जनपदों में पशुपालकों के लिए उपलब्ध रहेंगी। हम लोग देखते थे कि कोई जानवर बीमार हैं तो उसे समय पर इलाज नहीं मिल पाता था। किसी गोवंश का एक्सिडेंट हो जाता था तो समय पर उसे डॉक्टर नहीं मिल पाते थे। इससे उन पशुओं का इलाज हो पाएगा। यह योजना वास्तव में उत्तर प्रदेश के पशुधन संरक्षण और संवर्धन के नए अध्याय की शुरूआत है। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से पिछले छह वर्ष में हमारी सरकार ने गोवंश के संरक्षण और संवर्धन में अनेक प्रयास किए हैं। अन्नदाता किसानों के जीवन में परिवर्तन हो, उनकी आमदनी बढ़े इसके लिए तो प्रयास हुए ही साथ ही साथ किसानों की फसलों को भी सुरक्षित रखने के लिए प्रदेश के पशुधन विभाग द्वारा अनेक कार्यक्रम प्रारम्भ किए गए, जिनकी लंबी श्रृंखला है।

सीएम योगी ने रविवार को भारत सरकार के सहयोग से शुरू हुई पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण योजना के अंतर्गत 201 करोड़ रूपए की लागत से 520 मोबाइल वेटरनरी यूनिट के फ्लैग ऑफ कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के साथ मिलकर पशुओं के नस्ल सुधार के एक बड़े अभियान को हम लोग आगे बढ़ा रहे हैं। निराश्रित गोवंश के संरक्षण के 6 हजार 600 से अधिक आश्रय स्थल प्रदेश में स्थापित किए गए हैं। प्रदेश के अंदर कुल 12 लाख गोवंश हैं, उनमें से 11 लाख के संरक्षण की जिम्मेदारी प्रदेश सरकार उठा रही है, जिसमें प्रति गोवंश सरकार नौ सौ रुपए दे रही है। सीएम योगी ने कहा कि हमारी सरकार गोवंश संरक्षण के लिए तीन प्रकार की योजना चला रही है। पहली योजना के अंतर्गत निराश्रित गो आश्रय स्थलों में 10 लाख के आस-पास गोवंश को रखकर उनकी सेवा की जा रही है। दूसरा कार्यक्रम मुख्यमंत्री सहभागित योजना है। इसके तहत कोई भी किसान अपने घर में चार गोवंश रख सकता है, सरकार उसे नौ सौ रुपए प्रति गोवंश हर माह डीबीटी के माध्यम से दे रही है। तीसरी योजना के तहत कुपोषित परिवारों को हम गोवंश उपलब्ध करा रहे हैं।

सीएम योगी ने कहा कि आजादी के बाद किसी ने सोचा नहीं होगा कि यहां के पशुपालकों द्वारा उत्पादित होने वाले दुग्ध को वैश्विक बाजार में स्थान क्यों नहीं मिल पा रहा है। उसका कारण था बीमार पशुओं के दुग्ध के नमूने फेल हो जाते थे। यह पहली बार हुआ है जब खुरपका और मुंहपका जैसी बीमारी को समाप्त करके मूक जीवों को संरक्षण देने कार्य किया जा रहा है। अपने पशुपालकों के उत्पादों को वैश्विक बाजार में उपलब्ध कराकर उनकी आमदनी को कई गुना बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गोबरधन योजना किसानों की अतिरिक्त आमदनी का स्त्रोत बना है। गाय के गोबर से आज





पेंट बन रहा है। इसको बढ़ाने के लिए राज्य सरकार नए कार्यक्रम को आगे बढ़ा रही है।

सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश के गंगा के तटवर्ती 27 जनपदों में हम गो-आधारित प्राकृतिक और जैविक खेती को बढ़ावा दे रहे हैं। इसके तहत हम सवा लाख हेक्टेयर भूमि में खेती की कार्रवाई को आगे बढ़ा रहे हैं। हमारा प्रयास है कि इसमें बढ़ोतरी हो इसके लिए हमने बुंदेलखंड के सातों जनपदों को इसमें जोड़ा है। एक देसी नस्ल की गाय एक वर्ष में तीस एकड़ खेती को विषमुक्त बना सकती है। यह कार्यक्रम भी प्रदेश में युद्ध स्तर पर प्रारंभ हुआ है। उन्होंने कहा कि एक तरफ जहां उत्तर प्रदेश में ईज ऑफ लिविंग का स्तर बढ़ा है। वहीं दूसरी तरफ ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में भी उत्तर प्रदेश ने लंबी छलांग लगाई है। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश निवेश का बेहतर गंतव्य बनकर उभरा है जो प्रदेश के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य को आगे बढ़ाने का सशक्त माध्यम बना है।

तेजी से बढ़ रहे लंपी वायरस को यूपी में योगी सरकार ने रोककर दिखायाः केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला
केंद्रीय पशुधन, मत्स्य एवं डेयरी मंत्रालय के मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला ने कहा कि पशुओं के स्वास्थ्य के लिए शुरू की गई मोबाइल वेटरनरी यूनिट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का महत्वपूर्ण निर्णय है। उन्होंने कहा कि हमारा देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। इस दौरान देश ने कई मानक स्थापित किए हैं। इस बीच अबोध पशुओं की वेदना को सुनना अपने आप में बहुत अहम है। यह योजना पशुओं की वेदना को समझने और दूर करने के लिए है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश ऐसा राज्य है जहां सभी जनपदों में अगर कोई योजना लागू हो जाती है तो ऐसा प्रतीत होता है कि पूरे देश में लागू हो गई है। दुग्ध उत्पादन में उत्तर प्रदेश नंबर वन है इसलिए भारत दुनिया में दुग्ध उत्पादन में नंबर एक पर है। केन्द्रीय मंत्री ने प्रदेश के पशुपालकों को बधाई देते हुए कहा कि आपके परिश्रम से भारत का मान दुनिया में बढ़ा है। उन्होंने कहा कि लंपी स्किन डिजीज को नियंत्रित करने में यूपी ने जिस तरह से काम किया है उससे देश के अन्य राज्यों को प्रेरणा मिलती है। पूरे देश में तेजी से बढ़ रहे लंपी वायरस को यूपी में योगी सरकार ने रोककर दिखाया और विजय हासिल की।

### योजना का कैसे मिलेगा लाभ

प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने बताया कि पशु उपचार, पशुपालक के द्वार योजना भारत सरकार के सहयोग से संचालित हो रही है। सरकार द्वारा निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही इस योजना में पशुपालकों से केवल उनके पशुओं के पंजीकरण का शुल्क लिया जाएगा। टोल फ्री नंबर पर कॉल के एक घंटे के अंदर ही मोबाइल वेटरनरी यूनिट पशुपालक के द्वार पर होगी। योजना के लिए प्रदेश को पांच जोन (लखनऊ, वाराणसी, गोरखगुर आगरा और मेरठ) में बांटा गया है, जिन्हें पांच ऑपरेटर संचालित करेंगे। जनपदों में सभी मोबाइल वेटरनरी यूनिट हाइब्रिड मॉडल पर संचालित होंगी जो देश में अपने तरह का अनूठा मॉडल है। जनपद में 50 प्रतिशत वाहन निर्धारित रूट पर चलेंगे, जबकि 50 प्रतिशत वाहन इमरजेंसी सेवाओं के लिए टोल फ्री नंबर 1962 के माध्यम से संचालित होंगे। इमरजेंसी सेवाएं प्रातः 10 बजे से आठ बजे तक संचालित होंगी। वहीं निर्धारित रूट पर संचालित होने वाली वैन प्रातः आठ बजे से दोपहर दो बजे तक कार्य करेंगी। निदेशालय में स्थापित एकीकृत कंट्रोल एवं कमांड सेंटर द्वारा सभी मोबाइल वेटरनरी यूनिट की रियल टाइम मॉनिटरिंग की जाएगी।

## सपा का प्रतिनिधि मंडल मुरादाबाद की विधानसभा क्षेत्र कुंदरकी के ग्राम पंडिया में पहुंचा

**दैनिक समाज जागरण विकास शर्मा**

नगीना ।समाजवादी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निदेर्शानुसार (पूर्व मंत्री) विधायक नगीना मनोज पारस के नेतृत्व में उक्त प्रतिनिधि मंडल मुरादाबाद की विधानसभा क्षेत्र कुंदरकी के ग्राम पंडिया में पहुंचे जहां पर दलित समाज की छात्रा के साथ दुष्कर्म होने के बाद उसने आत्महत्या कर ली थी उच्च अधिकारियों एवं पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की थी उस संबंध में उसके पिताजी एवं चाचा से मिलकर पूर्ण जानकारी प्राप्त की जिसकी पूर्ण रिपोर्ट त्नपूर्व मंत्रीत्न विधायक माननीय मनोज



उक्त प्रतिनिधिमंडल के साथ जल्द ही राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मिलकर उनको सौंपेंगे एवं उ०प्र० विधानमंडल के अनु० जातियों/जनजातियों तथा विमुक्त जनजातियों संबंधी संयुक्त समिति की कमेटी के माध्यम से दोषी पुलिस अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही कराने की कोशिश करेंगे

इस मौके पर उनके साथ समाजवादी पार्टी मुरादाबाद निवर्तमान जिलाध्यक्ष डी पी यादव कुंदरकी के विधायक जियाउर्ररहमान बंर्क मौहम्मद फईम इमरान साहब विधायक बिलारी, वीर सिंह पूर्व सांसद, मुदस्सर खान निवर्तमान जिलामहासचिव समाजवादी पार्टी, श्री बृजलाल जाटव पूर्व पार्षद मुरादाबाद, असलम खान पूर्व चेयरमैन कुन्दरकी, मोहसिन खान जिला अध्यक्ष शिक्षक सभा समाजवादी पार्टी, नाजिम सैफी, सलीम खान अरविंद चौधरी जी, खलील अहमद , आदि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे

## पोक्सो एक्ट सहित संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण विकास शर्मा**

नगीना । नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने पीड़िता की मां की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध पोक्सो एक्ट सहित संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने नगीना पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि शनिवार को उसकी 17 वर्षीय पुत्री




को स्कूल जाते समय बिजनौर कोतवाली क्षेत्र के गांव रशीदपुर गढ़ी निवासी उज्जवल व उसके एक मित्र अनुज ने पकड़ लिया और बहला फुसलाकर स्विफ्ट कार में बैठाकर जंगल ले गये और उसके साथ दुष्कर्म किया तथा विरोध करने पर मारपीट कर रास्ते में छोड़कर भाग गये । पुलिस ने पीड़िता की मां की तहरीर पर नामजद आरोपियों के विरुद्ध पोक्सो एक्ट सहित धारि 363/376/323 व 506 में रिपोर्ट दर्ज कर पीड़ित युवती को मेडिकल के लिए भेजकर घटना के एक आरोपी अनुज को गिरफ्तार कर लिया है।

## गौतमपुर में हुआ होली मिलन समारोह

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

मुसाफिरखाना में किसान संघ के जिला अध्यक्ष हरित सिंह के निज आवास गौतमपुर में होली मिलन समारोह में पहुंचे बतौर मुख्य अतिथि पूर्वांचल विकास निगम के अध्यक्ष गौरव सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम सामाजिक समरसता के प्रतीक हैं जिसमें सभी धर्मों के लोग जात पात से ऊपर उठकर मानवता की मिसाल पेश करते हैं।



किसान संघ के जिला अध्यक्ष हरित सिंह के आवास गौतमपुर में आयोजित होली मिलन समारोह में पहुंचे पूर्व भाजपा विधायक दादा तेजभान सिंह ने कहा कि समाज में व्याप्त विसंगतियों को दूर करने के लिए ऐसे सामाजिक कार्यक्रम होने ही चाहिए पूर्व विधायक चंद्रप्रकाश मटियारी भाजपा नेता विजय किशोर त्रिपाठी पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेश सिंह सेवानिवृत्त सीएमओ गोरखपुर राज नारायण मिश्रा प्रमुख प्रतिनिधि मुसाफिरखाना दिनेश प्रताप सिंह पप्पू पूर्व जिला पंचायत सदस्य राम लखन शुक्ला सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोगों ने होली मिलन समारोह में मौजूदगी दर्ज कराई कार्यक्रम में कवियों एवं साहित्यकार ने विद्वता का परिचय दिया कवि शंभू नाथ पाठक भोला नाथ पाठक शंभूनाथ शुक्ला सहित अन्य स्थानीय कवियों ने काव्य पाठ कर समारोह में मौजूद लोगों का मन मोह लिया कार्यक्रम के अंत में आयोजक किसान संघ के जिला अध्यक्ष हरित सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के प्रति आभार प्रकट किया।

## हिंगलाज धाम पर कन्या भोज आयोजित

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

मुसाफिरखाना में चैत्र नवरात्र के पंचम दिवस रविवार को दादरा स्थित माँ हिंगलाज धाम पर कन्या भोज आयोजित किया गया जिसमे मंदिर में दर्शन करने आए श्रद्धालुओं ने भी कन्या भोज का प्रसाद ग्रहण किया।



गौरतलब हो कि मुसाफिरखाना में इलाहाबाद बैंक के शाखा प्रबंधक रहे उन्नाव जिले के निवासी संजय सिंह द्वारा प्रत्येक वर्ष नवरात्र में दादरा स्थित देवी हिंगलाज धाम पर कन्या भोज का आयोजन किया जाता है उसी परंपरा के तहत रविवार को मंदिर परिसर में कन्याभोज आयोजित हुआ भोज प्रारंभ होने से पहले संजय सिंह सपत्नी द्वारा कन्या पूजन का कार्यक्रम विधिविधान से किया गया इस मौके पर मंदिर में देवी मां के भजन और आरती का कार्यक्रम भी चला कन्या भोज में क्षेत्र की कन्याओं के साथ श्रद्धालुओं ने भी प्रसाद ग्रहण किया उक्त मौके पर कृपाशंकर सिंह अंजनी कुमार श्रीवास्तव सर्वेश सिंह जितेंद्र सिंह प्रशांत लालजी मिश्रा विजय सिंह रवींद्र तिवारी राकेश तिवारी पवन सिंह जय सिंह भरत सिंह धर्मेंद्र सिंह विपुल सिंह सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा कस्बा गौरीगंज में किया गया पैदल गस्त।

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

आज अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री हरेन्द्र कुमार द्वारा शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु तथा ह्लमिशन शक्तिह्व नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के दृष्टिगत महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से तथा आमजनमानस में विश्वास व सुरक्षा का वातावरण बनाने के उद्देश्य से पुलिस बल के साथ कस्बा



गौरीगंज में बाजार एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल मार्च किया गया तथा मुख्य मार्गों, चौराहों आदि पर विशेष चेकिंग अभियान चलाकर संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं, वाहनों तथा नई उम्र के लड़कों की चेकिंग व पूछताछ की गई तथा वहाँ पर मौजूद स्थानीय लोगों एवं दुकानदारों से वार्ता की गई ।

## गुलदार ने एक बार फिर बछड़े को अपना निवाला

**समाज जागरण विकास शर्मा**

नगीना। आदमखोर गुलदार के हमले रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं, नगीना। आदमखोर गुलदार के हमले रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं, गुलदार ने एक बार फिर बछड़े को अपना निवाला बना लिया जिससे ग्रामीणों में दहशत फैली है लेकिन वन विभाग खानापूर्ति कर अपनी जिम्मेदारी से इतिश्री कर रहा है।

थाना बढ़ापुर क्षेत्र हरेवली मार्ग स्थित ग्राम किशनपुर कुंडा निवासी धर्मवीर सिंह की पशुशाला में शनिवार की देर रात आदमखोर गुलदार घुसाया आया और वहां बंधे बछड़े पर हमला कर अपना निवाला बना लिया इसी बीच आहट होने पर धर्मवीर के परिजनों की आंख खुल गई उनके शोर मचाने पर गुलदार जंगल की ओर भाग गया धर्मवीर सिंह बुरी तरह से घायल मृत बछड़े को देखने के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई ग्रामीणों ने रात के समय वन विभाग के अधिकारियों को फोन कर गांव में गुलदार होने और बछड़े को हमला कर मौत के घाट उतार देने की सूचना दी सूचना के कई घंटे बीत जाने के बाद भी वन विभाग का एक भी अधिकारी कर्मचारी किशनपुर कुंडा नहीं पहुंचे वन विभाग के अधिकारियों की इस लापरवाही के चलते ग्राम वासियों में आक्रोश फैला है। ग्रामीणों ने उच्च अधकारियों से



क्षेत्र में खुलेआम घूम रहे गुलदार को पकड़वाने और लापरवाह वन विभाग के अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

जिससे ग्रामीणों में दहशत फैली है लेकिन वन विभाग खानापूर्ति कर अपनी जिम्मेदारी से इतिश्री कर रहा है।

थाना बढ़ापुर क्षेत्र हरेवली मार्ग स्थित ग्राम किशनपुर कुंडा निवासी धर्मवीर सिंह की पशुशाला में शनिवार की देर रात आदमखोर गुलदार घुसाया आया और वहां बंधे बछड़े पर हमला कर अपना निवाला बना लिया इसी बीच आहट होने पर धर्मवीर के परिजनों की आंख खुल गई उनके शोर मचाने पर गुलदार जंगल की ओर भाग गया धर्मवीर सिंह बुरी तरह से घायल मृत बछड़े को देखने के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई ग्रामीणों ने रात के समय वन विभाग के अधिकारियों को फोन कर गांव में गुलदार होने और बछड़े को हमला कर मौत के घाट उतार देने की सूचना दी सूचना के कई घंटे बीत जाने के बाद भी वन विभाग का एक भी अधिकारी कर्मचारी किशनपुर कुंडा नहीं पहुंचे वन विभाग के अधिकारियों की इस लापरवाही के चलते ग्राम वासियों में आक्रोश फैला है। ग्रामीणों ने उच्च अधकारियों से क्षेत्र में खुलेआम घूम रहे गुलदार को पकड़वाने और लापरवाह वन विभाग के अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

## पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की बैठक पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में कोई आयोजित

**शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर**

नजीबाबाद। पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल संगठन के जिला अध्यक्ष सत्य काम विश्नोई की अध्यक्षता एवं राजन टंडन गोल्डी प्रदेश मंत्री के संचालन में लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह मैं एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में संगठन के प्रदेश महामंत्री मुकुल अग्रवाल उपस्थित रहे व विशिष्ट अतिथि के रूप में हाजी साजिद हुसैन, क्षेत्रीय मंत्री प्रशांत गुप्ता, जिला संयुक्त महामंत्री तस्लीम अहमद, शोभित मित्तल जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा, आशा सिद्दीकी, रुकैया अंसारी, उदय, जिला संगठन मंत्री हितेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे। बैठक में प्रदेश महामंत्री मुकुल अग्रवाल जी ने लघु उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष शुभम अग्रवाल



और लवी को पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की सदस्यता प्रदान करते हुए लवि अग्रवाल को संगठन का प्रदेश सह प्रभारी मनोनीत किया। प्रदेश महामंत्री ने लवी अग्रवाल को प्रदेश प्रभारी मनोनीत करते हुए कहा कि लवि अग्रवाल के मनोनयन से संगठन गति मिलेगी। बैठक में विपिन राज चौहान नगर प्रभारी, नवाब नजीबद्दौला मार्केट के अध्यक्ष पद पर मोहम्मद शाकिर व महामंत्री पद पर मोहम्मद आजाद को मनोनीत किया गया। बैठक में ललित पाल, नगर उपाध्यक्ष युवा मुकेश अग्रवाल, संगठन मंत्री पंडित राकेश कौशिक, जिला संगठन मंत्री अनुज अग्रवाल, उपाध्यक्ष जहांगीर खान, मंत्री दानिश अंसारी, उपाध्यक्ष रवि वर्मा, हुमा जहांगीर खान, महिला मंत्री गजाला फैसल खान, शुभम ग्रोवर आदि सहित नगर के सैकड़ों व्यापारी उपस्थित रहे।

## नवरात्र पर आस्था का केंद्र बना हिंगलाज धाम दादरा गांव स्थित पौराणिक मंदिर हिंगलाज धाम पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

मुसाफिरखाना क्षेत्र के दादरा गांव गोमती नदी के छोर पर स्थित पौराणिक मंदिर मां हिंगलाज धाम पर दूरदराज से आए श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़ आस्था का केंद्र बन गया है लोगों की मान्यता है कि जो भक्त सच्चे मन से मन्नते मांगते हैं उनकी मुरादे माता रानी पूर्ण करती हैं।

पौराणिक मंदिर मां हिंगलाज धाम की मान्यता है कि मुगल शासन काल के दौरान क्षेत्र में महामारी बीमारी का दौर चल रहा था इससे निजात दिलाने के लिए संत बाबा पुरुषोत्तम दास हिंगल पर्वत पर जाकर जो वर्तमान समय में पाकिस्तान में स्थित है संत ने मां हिंगलाज की घोर तपस्या की संत की तपस्या से प्रसन्न होकर माता ने उन्हें दर्शन देकर पूछा क्या चाहते हो संत ने क्षेत्र में फैली महामारी बीमारी से निजात दिलाने के लिए साथ चलने को कहा माता रानी ने संत की अनुनय विनय के उपरांत शर्त के अनुसार चलने को तैयार हुई मां हिंगलाज ने कहा कि तुम मेरी पायल की आवाज सुनकर आगे आगे चलो पीछे मुड़कर मत देखना अन्यथा मैं वहां से आगे नहीं जाऊंगी संत बाबा पुरुषोत्तम दास माता रानी की पायल की आवाज सुनकर आगे आगे चल पड़े जनपद के तिलोई तहसील स्थित




अहोरवा पहुंचने पर घना जंगल देख मां हिंगलाज वही विश्राम करने के लिए रुक गयी कुछ दूर आगे आने पर संत को माता रानी की पायल की आवाज न सुनाई पड़ने से संत ने पीछे मुड़कर देखा तो माता रानी चली आ रही थी मां ने कहा शर्त के अनुसार अब हम आगे नहीं जा सकती यहीं पर वास करूंगी संत बाबा पुरुषोत्तम दास की बहुत अनुनय विनय के उपरांत माता रानी ने उन्हें अपना खड़ाऊ व त्रिशूल देकर कहा कि उत्तर दिशा गोमती नदी की छोर पर मंदिर का निर्माण कर मेरा खड़ाऊ व त्रिशूल स्थापित कर पूजा अर्चना करो सारे कष्टों से निजात मिलेगी संत बाबा पुरुषोत्तम दास जी माता रानी के खड़ाऊ व त्रिशूल को दादरा गांव गोमती नदी की छोर पर स्थापित कर पूजा अर्चना करने लगे मंदिर के पुजारी का कहना है कि मंगलवार के दिन हिंगलाज धाम पर मेला लगता है श्रद्धालु दूरदराज से आकर माता रानी की पूजा अर्चना कर मन्नते मांगते हैं उनकी मुरादें माता रानी पूर्ण करती हैं नवरात्र के अवसर पर प्रातः काल से भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ती है लोग माता रानी की विधि विधान से पूजा अर्चना कर प्रसाद चढ़ाते हैं एवं मन्नते मांगते हैं माता रानी अपने सभी भक्तों की मुरादें पूर्ण करती हैं मंदिर की देखरेख की व्यवस्था में शेष राम मिश्रा संजय मिश्रा पूर्व प्रधान कृपाशंकर सिंह अंजनी श्रीवास्तव प्रशांत श्रीवास्तव सर्वेश सिंह सहित अन्य लोगों का विशेष योगदान रहता है।

## अमेठी महोत्सव-2023 के दूसरे दिन हुए विविध कार्यक्रम।

*मा. राज्यमंत्री श्री गिरीश चन्द्र यादव ने महोत्सव में टूलकिट व लैपटॉप का किया वितरण।*

*महोत्सव में सूचना विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा जन कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित लगाई गई प्रदर्शनी।*

*महोत्सव में फूड जोन, शॉपिंग जोन, सेल्फी प्वाइंट रहे आकर्षण का केंद्र।*

*अब्दुल सत्तार गजल, अशोक महाराज नटवरी कला कथक व चंदन तिवारी द्वारा भोजपुरी लोकगायन की दी गई मनमोहक प्रस्तुति।*

*दूसरे दिन भारी संख्या में जन सामान्य महोत्सव में पहुंचकर विभिन्न कार्यक्रमों का उठाया लुफ्त।*

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

अमेठी श्री रणंजय इंटर कॉलेज ग्राउंड गौरीगंज में आयोजित अमेठी महोत्सव-2023 के दूसरे दिन विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। महोत्सव में दूसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में मा. राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश शासन/जनपद प्रभारी मंत्री श्री गिरीश चंद्र यादव ने विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना अंतर्गत 40 लाभार्थियों को टूलकिट तथा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना कोविड अन्तर्गत 7 बच्चों को लैपटॉप का वितरण किया। इस अवसर पर मा. जिला पंचायत अध्यक्ष श्री राजेश अग्रहरि, जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र, जीजीआईसी की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रस्तुतीकरण किया गया। वही महोत्सव में फूड जोन, सेल्फी पाइंट, शॉपिंग जोन, विभिन्न स्टॉल लगाए गए थे जिनका जन सामान्य ने भरपूर



पुलिस अधीक्षक डा. इलामारन जी मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा जिलाध्यक्ष भाजपा दुर्गेश त्रिपाठी सहित अन्य मा. जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे। वही महोत्सव में आए लोगों ने खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी में खादी से बने उत्पादों एवं अन्य उत्पादों की जमकर खरीदारी की एवं प्रदर्शनी का लुफ्त उठाया। जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी महेंद्र कुमार मिश्र ने बताया कि खादी प्रदर्शनी में अब तक स्टाल धारकों द्वारा रुपए 661647 की बिक्री की जा चुकी है। इसके साथ ही महोत्सव में आये कलाकार अब्दुल सत्तार द्वारा गजल, अशोक महाराज एवं टीम द्वारा नटवरी कला कथक, चंदन तिवारी एवं टीम द्वारा भोजपुरी लोक गायन तथा लुफ्त उठाया। महोत्सव में आए हुए जन सामान्य को सूचना विभाग द्वारा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित प्रचार साहित्य का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर रमेश सिंह ने किया। महोत्सव में जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए आशुतोष दुबे, शिक्षाविद जगदंबा प्रसाद त्रिपाठी "मनीषी", पर्यटन सूचना अधिकारी मोहम्मद मकबूल, जिला खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी महेंद्र कुमार मिश्र, जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकांत यादव, जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी, उपनिदेशक नेहरू युवा केंद्र आराधना राज सहित अन्य संबंधित अधिकारी, मीडिया बन्धु व भारी संख्या में जन सामान्य मौजूद रहे।

## सावधान! वॉट्सएप पर बिछा ठगी का नया जाल, जरा सी चूक और अकाउंट से उड़ जायेंगे पैसे

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण बिजनौर अफजलगढ़। इन दिनों साइबर ठगी की वारदातों से नागरिकों में दहशत व्याप्त है।आए दिन किसी भी व्यक्ति के निजी वाट्सएप तथा नये नये तरीके से ओर जानकारों व परिजनों से अज्ञात साइबर ठग की और से रुपए मांगने की घटना से आमजन परेशान है। जानकारी अनुसार इंटरनेट एवं मोबाइल नेटवर्क के माध्यम से सभी कार्य संपादित किए जा रहे हैं इंटरनेट और मोबाइल नेट के द्वारा कठिन से कठिन कार्य भी आसानी से हो जाते हैं अब लोग पूर्ण रूप से इंटरनेट पर निर्भर हो चुके हैं इसलिए साइबर अपराधी भी तकनीक के माध्यम से हाईटेक हो चुके है साइबर अपराधों की बाढ़ सी आ गई है साइबर क्राइम ऐसी क्रिमिनल एक्टिविटीज है जिससे कंप्यूटर नेटवर्क डिवाइस नेटवर्क व मोबाइल नेटवर्क के जरिए ठगी की जाती है साइबर अपराधी इसके जरिए प्राइवेसी चुराकर खातों से पैसे तक उड़ा जा रहे हैं डाटा हैंगिंग, फिशिंग, मेल,ओटीपी फ्रॉड,मोबाइल फ्राड, सेक्सटॉर्शन जैसे अपराध जिन्हें साइबर अपराधी आसानी से अंजाम दे रहे है। इसी साइबर अपराध के चलते क्षेत्र के दर्जनों लोग विभिन्न माध्यम से साइबर अपराधियों के हाथों ठगी का शिकार हो चुके है। नगर के एक प्रतिष्ठित सीमेंट व्यापारी ऑनलाइन सीमेंट बेचने के चक्कर में ₹174000 गंवा बैठा नगर का ही एक सरिया व्यापारी ऑनलाइन



सरिया बेचने के चक्कर में ₹97000 गंवा बैठा ,इसी प्रकार नगर निवासी मोहम्मद मोहसिन पुत्र अहमद रजा के खाते से ठगों द्वारा ₹49000 ट्रांसफर करा लिए।, स्थानीय थाने में तैनात एक पुलिसकर्मी के खाते से 96497 रूपए ट्रांसफर कर लिए गए, कासमपुरगढ़ी निवासी कारी मोहम्मद इकरार के व्हाट्सएप की फर्जी आईडी बनाकर उनके रिश्तेदारों और दोस्तों को लगभग 14 हजार रुपए ठग लिए गए, मानियावाला बस स्टैंड निवासी कारी मोहम्मद आलम के व्हाट्सएप की आईडी बनाकर कई लोगों से पैसे मांगने का प्रयास किया गया लेकिन वक्त रहते कारी मोहम्मद आलम है व्हाट्सएप स्टेटस के माध्यम से सभी को सचेत कर दिया। थाना क्षेत्र के ग्राम महावतपुर निवासी दो महिलाओं संजीता व अनूपमा से महिला समूह द्वारा लोन दिलाने के नाम पर 15 हजार रुपए दोनों महिलाओं के खातों में ट्रांसफर करा लिए गए इसी प्रकार कई अन्य लोग साइबर अपराधियों के हाथों ठगे जा रहे है बैंक अधिकारियों तथा पुलिस के द्वारा विभिन्न माध्यमों से क्षेत्र की जनता को सचेत भी किया जा रहा है कि वह अपने इंटरनेट बैंकिंग यूजर पासवर्ड अकाउंट पासवर्ड प्राइवेसी सिक्योरिटी पासवर्ड तथा ओटीपी ना बताएं। लोन दिलाने या लाटरी आदि के लालच में आकर ठगी का शिकार होने से बचे। ठगी का शिकार हुए कई लोगों द्वारा साइबर अपराधियों के विरुद्ध थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने के बावजूद भी कोई नतीजा नहीं निकल रहा है, क्योंकि सुरक्षा और जांच एजेंसियों के लिए साईबर अपराध समस्या का सबब तथा चुनौतीपूर्ण बनता जा रहा है।

## द्वारिकेश शुगर मिल इंडस्ट्रीज लिमिटेड में राधेश्याम मोरारका की 100वीं जयन्ती पर रक्तदान तथा दिव्यांग शिविर का आयोजन

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण बिजनौर अफजलगढ़ - द्वारिकेश शुगर मिल्स इंडस्ट्रीज के संस्थापक राधेश्याम मोरारका की 100वीं जयन्ती पर रक्तदान शिविर तथा दिव्यांग शिविर का आयोजन हुआ द्वारिकेश शुगर मिल इंडस्ट्रीज लिमिटेड के वरिष्ठ अधिशासी उपाध्यक्ष (वर्क्स), एन. के. खेतान ने बताया कि 26 मार्च 23 को द्वारिकेश शुगर्स की दोनों इकाईयों में राधेश्याम मोरारका की 100वीं जयन्ती मनाई गई। इस अवसर पर संस्थान की दोनों इकाईयों बुन्दकी एवं अफजलगढ़ में राधेश्याम मोरारका को संस्थान के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी।

इसके पश्चात बीते 20 मार्च को निःशुल्क दिव्यांग सेवा शिविर का आयोजन किया गया था एवं आज रविवार को निःशुल्क दिव्यांग सेवा शिविर में आये लगभग 240 दिव्यांग



भाई / बहनों को पूरे सम्मान के साथ उनकी आवश्यकतानुसार 60 ट्राईसाईकिल, 10 व्हील चेयर्स, 15 केलिपर्स, 15 कान की मशीन, 21 वैकल्पिक पैर, 76 वैशाखी, 10 ट्राईपोड 20 छडी प्रदान की गई। साथ ही संस्थान की दोनों इकाइयों में रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया था जिसमें दोनों इकाईयों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा बढ़चढ़कर समाज के हित में रक्तदान किया गया। बुन्दकी इकाई में 100, अफजलगढ़ इकाई 56 युनिट रक्तदान किया गया। स्मरण हो कि संस्था के एक्जीक्यूटिव चेयरमैन, गौतम आर. मोरारका अपने पुज्य पिताजी राधेश्याम मोरारका जी के मार्गदर्शन को अपनाकर सदैव समाज हित में अपना योगदान देते रहें हैं और उनका प्रथम प्रयास रहा है कि उनके द्वारा कृषक हित, समाज हित प्रदेश एवं देश हित में अपने कर्तव्यों को पालन प्राथमिकता के आधार पर किया गया।

## पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण योजनांतर्गत 2 मोबाइल वेटरनरी यूनिट वाहन को मा. जिला पंचायत अध्यक्ष व जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर किया रवाना।

*पशुपालक टोल फ्री नंबर-1962 पर कॉल कर सेवाओं का लाभ लें।*

*आकस्मिक चिकित्सा व्यवस्था प्रातः 10:00 से सांय 8:00 तक उपलब्ध होगी।*

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

अमेठी भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण योजना के अंतर्गत पशुधन को पशुपालक के द्वार पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मा. मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज लखनऊ से रु. 201 करोड़ की लागत से 520 मोबाइल वेटरनरी यूनिट वाहन का फ्लैग ऑफ एवं टोल फ्री हेल्पलाइन-1962 का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में दिखाया गया। इस दौरान मा. अध्यक्ष जिला पंचायत श्री राजेश अग्रहरी, जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ जेपी सिंह सहित अन्य पशु चिकित्सक मौजूद रहे। सजीव प्रसारण के उपरांत मा. जिला पंचायत अध्यक्ष व जिलाधिकारी ने कलेक्टर परिसर से 2 मोबाइल वेटरनरी वाहन को हरी झंडी दिखाकर पशुपालकों



की सेवा हेतु रवाना किया। इस दौरान मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि उपरोक्त योजना अंतर्गत जनपद अमेठी को 7 मोबाइल वेटरनरी वाहन प्राप्त होंगे, जिसमें से तीन वाहन पशुपालन विभाग द्वारा तय रूट पर अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे यह वाहन प्रातः 8:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक विभिन्न ग्रामों में रुक कर निर्धारित पंजीकरण शुल्क (छोटे पशु रु. 2, बड़े पशु रु.5 कुत्ता रु.10) लेकर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराएंगे। शेष 4 वाहन चारों तहसील पर उपस्थित रहकर आकस्मिक चिकित्सा उपलब्ध कराएंगे। आकस्मिक चिकित्सा हेतु पशुपालकों को टोल फ्री नंबर-1962 पर फोन कर अपनी शिकायत दर्ज करवानी होगी। आकस्मिक चिकित्सा प्रातः 10:00 बजे से सांय 8:00 बजे तक उपलब्ध होगी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक मोबाइल वेटरनरी वाहन पर एक पशु चिकित्सक, एक पैरावेट स्टाफ एवं एक वाहन चालक तैनात रहेगा। जनपद में इन वाहनों का संचालन इएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज नामक संस्था द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समस्त उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, पशु चिकित्सा अधिकारी, पशुधन प्रसार अधिकारी एवं वाहनों में तैनात कर्मचारी उपस्थित रहे।

## शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा कस्बा जायस में किया गया पैदल गस्त ।

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

आज पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु तथा ह्लमिशन शक्तिह्व नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के दृष्टिगत महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से तथा आमजनमानस में विश्वास व सुरक्षा का वातावरण बनाने के उद्देश्य से पुलिस बल के साथ कस्बा जायस में बाजार एवं



भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल मार्च किया गया तथा मुख्य मार्गों, चौराहों आदि पर विशेष चेकिंग अभियान चलाकर संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं, वाहनों तथा नई उम्र के लड़कों की चेकिंग व पूछताछ की गई तथा वहाँ पर मौजूद स्थानीय लोगों एवं दुकानदारों से वार्ता की गई ।

## "मिशन शक्ति" अभियान के तहत थाना जगदीशपुर एवं महिला थाना गौरीगंज द्वारा महिलाओं/बालिकाओं को जागरूक किया गया।

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

आज पुलिस अधीक्षक अमेठी के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी के पर्यवेक्षण में ह्लमिशन शक्तिह्व अभियान के तहत नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन हेतु महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से उ0नि0 ममता रावत थानाध्यक्ष महिला थाना मय टीम द्वारा कस्बा गौरीगंज में विद्यालयों के आसपास एवं थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा कस्बा जगदीशपुर एवं आसपास के गांवों में महिलाओं/बालिकाओं को



1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076झमुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइङ्क, 102-स्वास्थ्य सेवा तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया गया । महिलाओ/बालिकाओं को महिला संबन्धी होने वाले अपराधों के बारे में भी विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया गया । साथ-साथ एन्टी रोमियो टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर मनचलो शोहदों द्वारा छेड़छाड़ व महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत सतत निगरानी करते हुए अभियान चलाया गया इस दौरान एन्टी रोमियो टीम द्वारा संदिग्ध मनचलों की चेकिंग भी की गयी ।

## मस्तूरी विधानसभा के दरीर्घाट मे रायपुर, रायगढ़ नेशनल हाइवे पर, राहुल गांधी के समर्थन में सड़क पर उतरे युवा कांग्रेस कार्यकर्ता किया चक्काजाम

**समाज जागरण संवाददाता**
**विवेक देशमुख**

मस्तूरी। राहुल गांधी की संसद की सदस्यता समाप्त करने के बाद अब कांग्रेस कार्यकर्ता सड़क पर उतरकर प्रदर्शन कर रहे है, शनिवार को युवा कांग्रेस ने रायपुर रायगढ़ नेशनल हाईवे पर दरीर्घाट के पास चक्काजाम कर प्रदर्शन किया। कई विपक्षी पार्टी के बड़े नेताओं ने अपने ट्विटर हैंडल व मीडिया स्टेटमेंट के माध्यम से सदस्यता समाप्त किए जाने का विरोध किया है। प्रदेशभर में कांग्रेस जन और युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता भाजपा सांसदों और बीजेपी कार्यालय के सामने केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहें है। इसी कड़ी में बिलासपुर में युवा कांग्रेस

के कार्यकताओं ने अपने नेता पूर्व कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के संसदीये सदस्यता समाप्त किए जाने का विरोध करते हुए मस्तूरी विधानसभा के दरीर्घाट में रायगढ़-रायपुर मुख्य मार्ग पर चक्का जाम कर दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस के



कार्यकताओं ने मोदी सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए फैसले का विरोध किया। चक्का जाम से रायपुर, रायगढ़ मुख्य मार्ग पर काफी लंबा जाम लग गया जिसके कारण आने जाने वाले राहगीरों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष आशीष मोनू अवस्थी ने बताया कि केंद्र सरकार राहुल गांधी कि भारत जोड़ो यात्रा और उनके बढ़ते हुए कद से परेशान होकर इस तरह के हथकंडे अपना रही है और अडानी-अंबानी के साथ बीजेपी के क्या रिश्ते हैं स्पष्ट नहीं कर रही है। चक्का जाम करने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष आशीष अवस्थी, जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह ठाकुर, अशोक राजवाल , विधानसभा अध्यक्ष सुनील पटेल , देवेंद्र कृष्णन, सार्थक तिवारी, नीतीश जैस्वाल, साहिल मधुकर, अंकित साहू, रघुराज भारती, ऋतुराज भार्गव, सहित सैकड़ों की संख्या में युवा कांग्रेसी उपस्थित रहे।

## कानपुर में फिर कोरोना की दहशत, महिला कैदी समेत दो मिले, इलाज जारी

सुनील बाजपेई

महिला कैदी के संपर्क में आने वाले 40 लोगों की भी कराई गई सैंपलिंग पूर्व में1924 संक्रमितों की हो चुकी मौत

कानपुर। यह महानगर एक बार फिर कोरोना की दहशत का शिकार हो चला है। बीते 24 घंटे में यहां दो कोरोना मरीज मिले हैं, जिन्हें अस्पताल भर्ती कर इलाज किया जा रहा है।

अवगत कराते चलें कि यहां अब तक कुल 94628 लोग कोरोना की चपेट में चुके हैं। इनमें से 92705 लोग इलाज से ठीक हो गए जबकि 1924 संक्रमितों की मौत हो चुकी है। लेकिन अब चार महीने बाद कोरोना यहां फिर आ धमका है।

बीते 24 घंटों के अंदर यहां दो महिला रोगियों में कोरोना की पुष्टि हुई है। संक्रमितों में एक महिला कैदी है जो उर्सला में भर्ती रही है, उसकी डायलिसिस हो रही है और दूसरी संक्रमित विनायकपुर की एक बुजुर्ग महिला हैं। उनकी जांच निजी पैथोलॉजी में हुई थी। संक्रमितों को एंटीजन टेस्ट में पुष्टि होने के बाद अब आरटीपीसीआर जांच कराई जा रही है। इस महिला कैदी को हैलट शिफ्ट कर दिया गया है। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने जूम मीटिंग करके सभी सरकारी और निजी अस्पतालों और पैथोलॉजियों को अलर्ट कर दिया है। इसके साथ ही बाहर से आने-जाने वालों की मॉनीटरिंग तेज कर दी गई है।

जानकारी के मुताबिक जिला जेल की 60 वर्षीय महिला कैदी को डायलिसिस के लिए उर्सला के वार्ड नंबर एक के बेड नंबर 18 पर भर्ती किया गया था। इस पर कोरोना की जांच कराई तो रोगी पॉजीटिव निकली। जेल में महिला कैदी के संपर्क में आने वाले 40 लोगों की सैंपलिंग कराई गई, बाकी की आज रविवार को कराई गई। सभी का एंटीजन टेस्ट निगेटिव निकला। रोगी की स्थिति को देखते हुए उर्सला से हैलट के कोविड वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया हैं। वहीं दूसरी 69 वर्षीय रोगी के सुदर्शन सोसाइटी विनायकपुर स्थित आवास पर रैपिड रिस्पांस टीम पहुंची। उनकी जांच निजी पैथोलॉजी में हुई थी। इस रोगी को आइसोलेशन में रख दिया गया है।

वहीं दूसरी ओर टीम ने परिवार के सभी सदस्यों और रोगी के संपर्क में आने वाले लोगों का एंटीजन टेस्ट किया। रिपोर्ट निगेटिव है। दोनों संक्रमितों की कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग में कुल 90 लोगों की जांच की गई। सभी निगेटिव हैं। आरटीपीसीआर जांच के लिए सैंपल जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के माइक्रोबायोलॉजी विभाग भेज दिए गए हैं। इस बीच विभाग की 16 टीमों ने शहर में 1468 नमूने लिए थे। इनमें सभी निगेटिव निकले। फिलहाल लोगों में कोरोना की दहशत एक बार फिर दिखाई पड़ने लगी है। जिसने बाहर निकलने की दशा में मास्क लगाने की भी शुरूवात करा दी है।

## राहुल गाँधी को दो साल की सजा और लोकसभा सदस्यता रद्द होने के विरोध में कांग्रेसियो ने दिया धरना

**समाज जागरण/शिवशंकर**
**पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 27 मार्च )गुजरात की सूरत कोर्ट ने मानहानि मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को दो साल की सजा सुनाए जाने के दूसरे दिन उनकी लोकसभा सदस्यता रद्द कर दी गई थी। जिसको लेकर कांग्रेस ने इसके खिलाफ सत्याग्रह आंदोलन छेड़ दिया है। बालाघाट में भी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में सत्याग्रह आंदोलन हुआ।

सत्याग्रह आंदोलन में बैठे जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष और विधायक संजय सिंह उईके ने कहा कि मोदी सरकार की जनविरोधी नीति, बेरोजगारी समस्या, भ्रष्टाचार और अडानी मुद्दे को देश की आवाज बनकर उठा रहे हैं। हमारे नेता राहुल गांधी की आवाज को दबाने के लिए मोदी सरकार जल्दबाजी में उनकी सदस्यता को रद्द किया है। भाजपा देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था को खराब करने का काम कर रही है। विरोध स्वरूप राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़ेगे और प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ जी के आह्वान पर कांग्रेस ने सड़क पर उतर कर सत्याग्रह आंदोलन से यह बताने का काम किया है कि कांग्रेस का हर सिपाही राहुल जी के साथ खड़ा है।

बीजेपी पर जमकर बरसी हिना काँवरे

लाँजी विधायक हिना कावरे ने कहा कि जानबूझकर राहुल जी की सदस्यता को रद्द करने का काम केन्द्र की मोदी सरकार के इशारे पर किया है। चूंकि हम गांधीवादी लोग हैं, इसलिए इस अन्याय का प्रतिकार हम



गांधीवादी तरीके से सत्याग्रह आंदोलन करके कर रहे हैं। कांग्रेस का हर कार्यकर्ता आज राहुल जी के साथ है। घटना से साफ है कि राहुल जी के सवालों से मोदी सरकार घबराई हुई है और उनसे डरी हुई हैं कि कहीं राहुल जी ने संसद में और आवाज उठाई तो देश की जनता मोदी जी को सत्ता से बाहर कर देगी। उनको संसद में आने से रोकने के लिए उनकी सदस्यता को खत्म कर दिया गया।

इनकी रही उपस्थिति

नगर के हनुमान चौक स्थित गांधी प्रतिमा के समक्ष कांग्रेस नेता राहुल गांधी के समर्थन में सत्याग्रह आंदोलन किया गया। लगभग पांच घंटे चले इस सत्याग्रह आंदोलन में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं विधायक संजय सिंह उईके, विधायक हिना कावरे, पूर्व विधायक मधु भगत, प्रदेश कांग्रेस कमेटी महासचिव पुष्पा बिसेन, केशर बिसेन, राजा लिल्हारे, भीम फु ल सु ंघे , अनूपसिंह बैस, आशुतोष बिसेन, पूर्व नपाध्यक्ष विवेक पटेल, राजा सोनी, जुगल शर्मा, रहीम खान, रचना लिल्हारे, अंजु जायसवाल, अनुराग चतुरमोहता, शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्याम पंजवानी, कैलाश साहु, सुशील पालीवाल, संतोष जैन, ब्लॉक अध्यक्ष गोकुल गौतम, जीतु राजपूत, भाउराम गाड़ेश्वर, युसुफ पटेल, महेन्द्र सिंह चौहान, महेन्द्र बाहेश्वर, संतोष बिसेन, मकसूद खान, तबरेज खान, जीतु बर्वे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे। गौतम, जीतु राजपूत, भाउराम गाड़ेश्वर, युसुफ पटेल, महेन्द्र सिंह चौहान, महेन्द्र बाहेश्वर, संतोष बिसेन, मकसूद खान, तबरेज खान, जीतु बर्वे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के पंजीयन में बालाघाट अव्वल,पहले दिन 4048 महिलाओं के भरे गए आवेदन

**समाज जागरण/शिवशंकर**
**पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 27 मार्च )मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत पात्र महिलाओं के आवेदन लेने का कार्य 25 मार्च से प्रारंभ कर दिया गया है। आवेदन लेने के पहले दिन ही बालाघाट जिला पात्र महिलाओं के पंजीयन में प्रदेश के सभी 52 जिलों में प्रथम स्थान पर रहा है ।कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में 25 मार्च से जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में पात्र महिलाओं के पंजीयन का कार्य प्रारंभ किया गया है और इसके लिए व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं । पंजीयन के प्रथम दिन 25 मार्च को बालाघाट जिले में 4048 पात्र महिलाओं का पंजीयन किया गया है, जो कि प्रदेश के सभी 52 जिलों में सबसे अधिक है। दूसरे स्थान पर 3657 पंजीयन के साथ बुरहानपुर जिला और 2113 पंजीयन के साथ मंदसौर जिला तीसरे स्थान पर है । महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी सुश्री वंदना धूमकेती ने बताया कि 25 मार्च को जिले के सभी ग्राम पंचायतें एवं नगरीय निकाय के सभी वार्डों में पात्र महिलाओं के आवेदन लेने का कार्य प्रारंभ किया गया है। इस कार्य में जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नगरीय



निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारी, ग्राम पंचायतों के सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, नगरीय क्षेत्रों के वार्ड प्रभारी एवं समग्र सुरक्षा विस्तार अधिकारी द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है और उनके अथक परिश्रम और सहयोग की वजह से ही 25 मार्च को प्रथम दिन ही 4048 पात्र महिलाओं के आवेदन सफलतापूर्वक ऑनलाइन भरे गए हैं ।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के अंतर्गत 23 से 60 वर्ष की आयु की विवाहित, विधवा, परित्यक्ता महिलाओं को हर माह 1000 रुपये की राशि प्रदान की जाएगी । इस योजना में वही महिलाएं पात्र होंगी जिनके परिवार की वार्षिक आय ढाई लाख रुपए से कम है, परिवार के पास 5 एकड़ से कम कृषि भूमि है और परिवार में कोई आयकर दाता नहीं है। इस योजना में सहायता राशि पात्र महिला के आधार नंबर से लिंक बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की जाएगी। 10 जून से इस योजना की राशि महिलाओं को मिलना प्रारंभ हो जाएगी और हर माह की 10 तारीख को यह राशि महिलाओं के खाते में जमा की जाएगी।

## सरगांव में आयोजित हुआ भरोसे का सम्मान कार्यक्रम, सीएम ने किया 73 कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन

**समाज जागरण संवाददाता**
**विवेक देशमुख**

युवा नेता जयंत ने कहा..भूपेश है तो भरोसा हैङ्घमिला 731 करोड़ का तोहफा

बिलासपुर । मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मुंगेली जिले के सरगांव में विशाल आमसभा ह्यभरोसा का सम्मेलनङ्कको सम्बोधित किया। इस दौरान प्रदेश के मुखिया ने करोड़ों रूपयों का सौगात दिया। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष चरण दास महंत, पंचायत ग्रामीण विकास एवं कृषि मंत्री रविंद्र चौबे, नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री शिव डहरिया, खाद्य मंत्री अमरजीत भगत विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके पहले सीधे दिल्ली से हेलीपेड पहुंचे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का जननप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम स्थ्ल पहुंचकर प्रदेश के मुखिया ने बिलासपुर संभाग के जिलों को 73 कार्यों के लिए 731 करोड़ से अधिक रूपयों की सौगात दिया। युवा नेता जयंत मनहर ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सरगांव में आयोजित भरोसे का सम्मान कार्यक्रम में एक बार फिर 731 करोड़ 54 लाख रूपए की




लागत के 73 कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन कर जनता के भरोसा को जीता है। मनहर ने बताया कि प्रदेश के मुखिया ने भूमिपूजन के 54 कार्यों की लागत 555.42 करोड़ रूपए होगी। उन्होने 176. 12 करोड़ रूपए के 19 कार्यों का लोकार्फण भी किया है।

जयंत ने बताया कि उन्हें भी मुख्यमंत्री के स्वागत का अवसर मिला। हमें खुशी है कि हर बार की तरह इस बार धरतीपुत्र ने सर्वहारा वर्ग को निराश नहीं किया। मुख्यमंत्री ने मंच से कहा कि भरोसा है तो भूपेश है। सच्चाई तो यह है कि भूपेश है तो भरोसा है। एक बार फिर किसान पुत्र ने जनता के भरोसा को कायम रखा है। सरगांव में रूरल इंडस्ट्रियल पार्क का लोकार्पण कर मुख्यमंत्री ने क्षेत्र के साथ ही प्रदेश वासियों को सेवा और सफलता का नया मंत्र दिया है। जयंत ने बताया कि आज प्रदेश में केवल किसानों में ही बल्कि व्यापार, व्यवसाय और उद्योग जगत में भी सम्पन्नता ग्राफ सरकार की सफल नीतियों से बढ़ा है।

## मस्तूरी विधानसभा अंतर्गत मल्हार मंडल के भाजपा महिला मोर्चा के पदाधिकारियों एवम् कार्यकताओं का होली मिलन समारोह पचपेड़ी के रेस्ट हाऊस में हुआ संपन्न

**समाज जागरण संवाददाता**
**विवेक देशमुख**

मस्तुरी। पूर्व मंत्री,मस्तूरी विधायक डॉ कृष्णामूर्ति बांधी के नेतृत्व एवम् शांति सांडिल्य मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा के अध्यक्षता में मल्हार मंडल भाजपा महिला मोर्चा द्वारा होली मिलन समारोह पचपेड़ी के रेस्ट हाऊस में आयोजित की गई थी। आपको ज्ञात हो कि यह होली मिलन समारोह मस्तूरी विधानसभा अंतर्गत मल्हार मंडल के भाजपा महिला मोर्चा के पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने अबीब गुलाल होली खेलकर एवम् परस्पर एक दुसरे को मिठाई खिलाकर होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। आपको बताते चलें कि होली मिलन समारोह कार्यक्रम के पूर्व सुबह 11 बजे पीएम नरेन्द्र मोदी के 99वे कड़ी मन की बात प्रसारण को समस्त भाजपा मल्हार मंडल के कार्यकताओं ने सुना। अपने उद्बोधन में मस्तूरी विधायक डॉ. बांधी ने होली मिलन समारोह में उपस्थित सभी कार्यकताओं को प्रेम एवम भाईचारे के प्रतीक होली पर्व की बधाई दी एवम् क्षेत्र व प्रदेश की खुशहाली एवम् तरक्की की कामना की आगे अपने



उद्बोधन में विधायक डॉ बांधी ने कहा भारत का जो सामर्थ्य निखरकर सामने आ रहा है उसमें बहुत बड़ी भूमिका हमारी नारी शक्ति की है यशश्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 'मन की बात' हमेशा नई उमंग व दिशा प्रदान करती हैं। मन की बात एवम् होली मिलन समारोह में मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष, मस्तूरी विधायक डॉ. बांधी, विधायक प्रतिनिधी द्वारिका टंडन, बीडीसी धर्मेंद्र कोशले, हरनारायण तिवारी अध्यक्ष लोहर्शी मंडल, रंजित सिंह महामंत्री मल्हार मंडल, मिस्टर इंडिया भार्गव महामंत्री युवा मोर्चा, घनश्याम भार्गव, शांति सांडिल्य मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा, रोहित कश्यप, महेश्वरी नायक, सरस्वती यादव, ज्योति जायसवाल, ब्रजबाई यादव, ममता चौहान, देवेन्द्र जायसवाल, महेश्वर कुर्रे (सरपंच), राजेश गुप्ता, गिरजा मधुकर, नरेंद्र सांडिल्या, संत कुमार गंधर्व, सुरेश बंजारे, कोमल सिंह, अशोक पाटले, भुवन यादव, प्रकाश कुर्रे प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## दो दिवसीय हर्निया सर्जरी शिविर का हुआ सफलतापूर्वक समापन

**समाज जागरण/शिवशंकर**
**पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 27 मार्च )डॉ गिरीश कुमार मिश्रा कलेक्टर जिला स्वास्थ्य समिति बालाघाट के निर्देशन एवम डॉ मनोज पांडे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला बालाघाट के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत दो दिवसीय सर्जरी शिविर का सफलतापूर्वक समापन शहीद भगत सिंह जिला चिकित्सालय बालाघाट में किया गया।।

डॉ मनोज पांडे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला बालाघाट के द्वारा बताया गया कि इस शिविर का आयोजन दिनांक 24 एवं 25 मार्च को शहीद भगत सिंह शासकीय जिला चिकित्सालय बालाघाट में किया गया था जिसमें नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर की टीम एवं शहीद भगत सिंह शासकीय जिला चिकित्सालय बालाघाट की चिकित्सकों की टीम के संयुक्त प्रयासों से प्रथम दिवस 30 बच्चों की हर्निया हाइड्रोसिल की सर्जरी की गई एवं द्वितीय दिवस दोपहर 2:00 बजे तक 24 बच्चों की सर्जरी की गई जिसमें हर्निया हाइड्रोसील टंकाई सर्जरी सम्मिलित है इस प्रकार कुल 54 बच्चों की सर्जरी निशुल्क की गई।। डॉक्टर पांडे ने बताया कि शिविर का अवलोकन करने के लिए मध्य प्रदेश शासन के आयोग अध्यक्ष माननीय श्री गौरीशंकर बिसेन जी विधायक बालाघाट एवं अध्यक्ष मध्यप्रदेश राज्य पिछड़ा आयोग मध्यप्रदेश शासन भोपाल और नगर की नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमति भारती सुरजीत ठाकुर ने प्रथम दिवस आकर जिला चिकित्सालय बालाघाट में सभी मरीजों का हालचाल जाना एवं चिकित्सकों की टीम से बेहतर उपचार करने के लिए उनको प्रेरित किया आगामी समय में और अन्य बड़े सर्जरी शिविर बालाघाट जिले में लगाने के लिए उन्होंने डॉ संजय दबल घाव सिविल सर्जन को निर्देशित किया इस शिविर के आयोजन के लिए उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की टीम को बहुत-बहुत शुभकामनाएं एवं बधाई दी।



डॉ मनोज पांडे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जन्म से 18 वर्ष तक के हर्निया हाइड्रोसील के बच्चों का चिह्न कंफील्ड स्तर पर आरबीएस के टीम के द्वारा किया गया था जिसकी हमने 2 देसी सर्जरी शिविर का आयोजन कर समस्त बच्चों की सर्जरी कराई और सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न हुई किसी भी प्रकार के कोई समस्या किसी भी बच्चों को नहीं हू सभी बच्चे ऑपरेशन के बाद स्वस्थ एवं प्रथम दिवस किए गए सर्जरी वाले बच्चों को डिस्चार्ज कर दिया गया है इस सर्जरी शिविर में समस्त आरबीएस के टीम जिला बालाघाट एवं डी ई आई सी स्टाफ को बहुत बहुत बधाई एवम शुभकामनाए प्रदान की।।

इस अवसर पर डॉक्टर मदन मेश्राम जिला स्वास्थ आधिकारी डॉक्टर परेश उपलव नोडल अधिकारी आर बी एस के श्री राजाराम चक्रवर्ती जिला शीघ्र हस्तक्षेप प्रबंधक आरबीएसके डॉ प्रमोद बिसेन डॉ अलका बिसेन डॉक्टर सुनिता राहंगडाले डॉक्टर विकेश भालेराव डॉक्टर प्रीति भंडारकर डॉक्टर डॉक्टर तृप्ति पाठक डॉक्टर मुकेश चौहान डॉक्टर विद्या उइके डॉक्टर युक्तिमां परधी डॉक्टर अरुण बिसेन डॉक्टर धरती बिसेन डॉक्टर सविता भगत डॉक्टर संजय घोरमारे श्री यशवन्त बेस फार्मासिस्ट आर बी एस के एवं श्रीमती नीलम हुई के श्रीमती वंदना रामटेके श्रीमती मंजू क्षीरसागर श्रीमती ज्योति पारधी श्रीमती श्रद्धा शर्मा उपस्थित रहे।।

डॉ संजय दबडघाव सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक ने डी ई आई सी स्टाफ को इस शिविर में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सभी को बधाई दी जिसमे डॉक्टर दिव्या नर्सवानी श्री आशीष रंगारे सीमा दीक्षित नर्सिंग आफिसर अनीता गिरी नर्सिंग ऑफिसर पूनम नाकतोड़े नर्सिंग ऑफिसर वर्षा ठाकरे नर्सिंग ऑफिसर किरण नहर नर्सिंग ऑफिसर संतोषी का नर्सिंग ऑफिसर मीनाक्षी रंगारी नर्सिंग ऑफिसर श्री रितिक गणवीर एवम समस्त डी ई आई सी स्टाफ उपस्थित रहा।

## तेज आंधी तूफान ओलों के साथ जमकर बरसे बदरा,अकाशीय बिजली की चपेट में आने से किसान की मौत

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 27 मार्च )पिछले एक सप्ताह से मौसम के बिगड़े मिजाज से ओलों के साथ रुकरूक कर बारिश होने से किसानों के माथे पर शिकन की लकीरें आ गयी हैं। जिला मुख्यालय समेत तहसील क्षेत्र में रविवार को सुबह से मौसम में परिवर्तन होने के साथ ही आकाश पर हल्के बादल छाए रहे। दोपहर बाद लगभग तीन बजे के आसपास आंधी तूफान और गरज चमक के साथ परसवाड़ा, बिरसा, दमोह तहसील मुख्यालय के अलावा लाँजी, बैहर, दमोह व वारासिवनी में तेज बारिश हुई। जिससे किसानों की फसल को भारी नुकसान होने का अनुमान हैं।इस दौरान बैहर, खैरलांजी मिरगपुर व वारासिवनी क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों में चना के आकार के ओले गिरे। परसवाड़ा तहसील मुख्यालय में सुबह पांच बजे से सात बजे तक और दोपहर में तीन बजे से दो घंटा तक तेज वर्षा हुई। इसके अलावा बैहर मुख्यालय सहित आसपास के गांवों में एक घंटा वर्षा के दौरान चना के आकार के 20 मिनट तक ओले गिरने से किसानों के खेतों में लगी चना, गेहूं, सब्जियां सहित अन्य दलहनी फसलों को नुकसान हुआ हैं। किसानों ने ओलावृष्टि से होने वाले नुकसान का सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिलाए जाने की मांग शासन प्रशासन से की है। किसानों ने बताया कि परसवाड़ा क्षेत्र में इसके पूर्व ओले गिरे थे उससे अधिक नुकसान हो गया। लेकिन रविवार को लगातार दो घंटा तक हुई वर्षा से और अधिक नुकसान उठाना पड़ेगा। आकाशीय बिजली की चपेट में आने से किसान की मौत वारासिवनी थाना अंतर्गत ग्राम भांडी पिपरिया निवासी किसान सूरजलाल ठाकरे उम्र 60 वर्ष रोजाना की तरह खेत में लगी चना की फसल को देखरेख करने खेत गया था। दोपहर बाद आंधी तूफान और गरज चमक के साथ तेज वर्षा होने व आकाशीय बिजली गिरने सूरजलाल ठाकरे चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई। बिजली गिरने के बाद आसपास खेत के किसानों ने वहां जाकर देखा तो सूरजलाल मृत पड़े थे।

## पाराघाट मातेश्वरी देवी मंदिर मे भव्य कलशयात्रा निकली

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**

जयरामनगर। ग्राम पंचायत पाराघाट के मातेश्वरी मंदिर का निर्माण समस्त ग्रामवासी के सहयोग से मातेश्वरी सेवा समिति के द्वारा किया गया है जिस



पर भव्य कलशयात्रा ग्राम के गुड़ी चौक, शंकर मोहल्ला,साहू मोहल्ला, केवट पारा, स्कुलपारा ठाकुर देव चौक होते हुए मंदिर मे ज्योति कलश प्रज्जवलित किया गया जिसमें प्रदीप सोनी सरपंच, संतोष दुबे उपाध्यक्ष कृषि उपज मंडी जयरामनगर, अखिलेश दुबे वरिष्ठ कांग्रेस नेता, प्रेमसागर मरकाम पूर्व सरपंच, कोमल साहू उपसरपंच,उदल यादव पंच, चन्द्रशेखर यादव पंच, विनय दुबे, जेठूराम यादव, रामनारायण साहू, राजेन्द्र वस्त्रकार, बईगा परमेश्वर पंडा, आशीष यादव, जितेन्द्र वस्त्रकार, धनेश वस्त्रकार, बावा यादव, उमेश यादव, गुड्डु यादव, सिद्धार्थ मिश्रा, लखन गौरहा, छोटे वस्त्रकार, लालू यादव, गोपी यादव, गोरेलाल जोगी, संदीप सोनी, रमेश वस्त्रकार, कैलाश वस्त्रकार, रामकुमार वस्त्रकार ,गोविंद यादव, आयुष दुबे, हीरालाल यादव, राकेश साहू, सहित बड़ी संख्या में माताओं के साथ साथ सभी ग्रामवासी उपस्थित हुए।

## बिरसा दुर्गा मंदिर ज्योति जंवारा से प्रज्वलित, जगमग रौशनी से जगमगा रहा हैं मंदिर

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बिरसा/बालाघाट। नवरात्र के पहले दिन मंदिरों, शक्तिपीठों और घरों में घट



स्थापना हुई। साथ ही ज्योति कलश से मंदिर व शक्तिपीठ जगमग हुए। नवरात्रि में सर्वत्र रौनक हैं और देवी आस्था की अलख जल रही हैं । प्रतिदिन अलसुबह माता के भक्त जयकारा लगाते हुए मंदिरों में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं और जल चढ़ाकर मां की उपासना कर रहे हैं।

मौसम खराब होने के बावजूद उत्साह कम नहीं

इस बीच हवा तूफान और बारिश के कारण मौसम खराब होने के बावजूद मां के प्रति पूजा आराधना का उत्साह कम नहीं हुआ है। बिरसा तहसील अंतर्गत सभी देवी मंदिरों को रंग रोगन के साथ बिजली के रोशनी से सजाया गया हैं जो देखते ही बनता हैं। बिरसा दुर्गा मंदिर के पुजारी श्रुति कृति द्विवेदी ने बताया कि मंदिर में ज्योति कलश प्रज्वलित हैं जहाँ भक्त सुबह शाम भक्ति में नहाकर सराबोर हो रहें हैं। वहीं क्षेत्र का प्रसिद्ध मंदिर बाकीगुडा में भी रंग रोगन कर मंदिर को सजाया गया हैं जहाँ सैकड़ो कि संख्या में भक्त पहुँचकर अपनी मनोकामना पूर्ण करते हैं। मंदिर के पास से बहती मां नर्मदा कि कल कल करती लहरे मन को बहुत सुकून देती हैं।

## पाण्डेय परिवार के बच्चो ने विद्यालय में नगर का बढ़ाया मान

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**

मस्तूरी। नगर पंचायत मल्हार के लेखक राजेश पाण्डेय के सुपुत्री आस्था




पाण्डेय ने कक्षा आठवी में 75 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया वही राकेश रोशन पाण्डेय के पुत्री अन्नया पाण्डेय ने कक्षा 7 वीं में 85 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम स्थान आई हैं। शिवाश पाण्डेय ने कक्षा में 84 प्रतिशत अंक लाकर वे भी प्रथम स्थान प्राप्त किये है। ये तीनो बच्चे डी.ए.व्ही. मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल वेदपरसदा के छात्र हैं। स्वयं संस्था के प्राचार्या श्रीमति स्वेता श्रीवास्तव ने इनको अपने हाथो से प्रमाण पत्र देकर इनको आशीर्वाद दिया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की । ज्ञातत हो कि ये तीनो बच्चे प्रतिवर्ष प्रथम स्थान में उत्तीर्ण होते आ रहे हैं।

## बनियापुर पुलिस ने लूट कांड का किया उद्भेदन,लूट की राशि सहित प्रयुक्त चार बाइक बरामद

**समाज जागरण**

बनियापुर (सारण)बनियापुब्र मे पिछले दो दिन मे लूट की राशि सहित दर्जनों कांड के अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।जिस घटना मे 23 मार्च को हरपुर छतवा नहर के पास कुछ अपराधियों द्वारा अनिल कुमार सिंह इसुआपुर निवासी से 52 रुपये की लूट कर लिया था।जिस घटना मे पुलिस द्वारा वादी के फर्द बयान पर मामला दर्ज किया था,जिसपर करवाई करते बिटू पटेल मझौली निवासी तथा विकास राय बिंदलाल के रामपुर एकमा को गिरफ्तार कर इनके निशानदेही पर लूट के 86 सौ रुपये के साथ घटना मे प्रयुक्त चार मोटर साईकिल भी बरामद किया गया है।थानाध्यक्ष प्रेस नोट मे दो अपराधियों के दर्जनों अपराधिक घटनाओ मे संलिप्त्ता की भी जिक्र किया गया है।

## सूर्य कुंड में स्नान कर छठव्रतियों ने खरना किया

**दैनिक समाज जागरण**

छपरा (सारण) सारण जिले के कोठियां नरांव अवस्थित सूर्य-मंदिर में आज



छठ करने वाले छठव्रतियों ने सूर्य कुंड में स्नान कर भगवान भास्कर का दर्शन करते हुए चार दिवसीय चैती छठ का दुसरा दिन करना का प्रसाद ग्रहण किया।

बताते चलें कि लोक आस्था का महापर्व कल से शुरू है और मंगलवार को उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ समाप्त होगा।

कोठियां नरांव का प्रसिद् सूर्य मंदिर की महिमा दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है । यहां राज्य से बाहर के छठव्रती छठ करने आते हैं।

यहां भगवान सूर्य का घोड़े पर सवार काले रंग की मूर्ति स्थापित है इसके साथ ही सामने विशालकाय सूर्य कुंड भी है जहां व्रती चारों ओर बैठकर सूर्य भगवान को अर्घ्य देते हैं।

इस मंदिर के सेवा समिति इस मंदिर के विकास एवं प्रसिद्धि के लिए हमेशा तत्पर रहता हैं।

## गंगा नदी में नहाने के दौरान डूबने से स्क्यूटिव असिस्टेंट के इकलौते पुत्र की मौत

**दैनिक समाज जागरण शुभम सिन्हा आरा ब्यूरो चीफ**

आरा (बिहार) 26 मार्च 2023 : भोजपुर जिले के बड़हरा थाना क्षेत्र अंतर्गत रविवार को गंगा नदी में नहाने के दौरान स्क्यूटिव असिस्टेंट के पुत्र डूब गया। जिसके बाद वहां मौजूद लोगों ने उसे बाहर निकाला। फिर उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर द्वारा स्क्यूटिव असिस्टेंट के पुत्र को मृत घोषित कर दिया गया। मृतक टाउन थाना क्षेत्र के पश्चिम टोला नाला मोड़ वार्ड नंबर 9 निवासी उत्कर्ष ओझा उर्फ राजा था एवं वह स्नातक पार्ट वन का छात्र था। इधर मृतक के पिता कुमार गौरव ने बताया कि आज सुबह मेरा बेटा अपनी मां नीता देवी एवं मौसेरे भाई अभिनंदन के साथ मुफस्सिल थाना क्षेत्र के हेतमपुर गांव गया था। वहां से अपनी मां एवं अपने मौसेरे भाई के साथ सिन्हा घाट पर गंगा स्नान करने चला गया। जहां नहाने के दौरान दोनों डूबने लगे। तभी वहां मौजूद लोगों ने किसी तरह उसके मौसेरे भाई अभिनंदन को बचा लिया। जबकि वह डूब गया। इसके बाद स्थानीय गोताखोरों की मदद से उसे गंगा नदी से बाहर निकाला गया। उसके बाद उसे आनन-फानन में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले आए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों ने इसकी सूचना टाउन थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने माता - पिता का इकलौता संतान था।

## करंट की चपेट में आने से महिला की मौत

**दैनिक समाज जागरण शुभम सिन्हा आरा ब्यूरो चीफ**

आरा (बिहार) 26 मार्च 2023 : भोजपुर जिले के कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के सरैया गांव में रविवार की सुबह करंट की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। मृतका कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के सरैया गांव निवासी रंजय यादव की 24 वर्षीया पत्नी पूजा यादव थी। मृतका का भसुर संजय यादव ने बताया कि घर में प्लास्टर करने का काम हो रहा है। उसी दौरान अचानक बिजली का पंखा बिगड़ गया। जब वह पंखा ठीक कर रही थी। उसी दौरान वह करंट की चपेट में आ गई और बुरी तरह झुलस गई। जिसके बाद उसे हमलोगों ने इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले आएं। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद परिजनों ने इसकी सूचना टाउन थाना पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया। बताया जाता है कि मृतका को दो पुत्र यश एवं हर्ष है। मृतका का पति रंजय यादव दिल्ली में प्राइवेट काम करता है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही जाप नेता रघुपति यादव आरा सदर अस्पताल पहुंचे और मृतका के परिजनों से मिल घटना की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने मृतका के परिजनों को ढांढस बंधवाया।

## छिन्नतई एवं मारपीट के मामले में प्राथमिकी दर्ज।

**दैनिक समाज जागरण सुनील मिश्रा ,ब्यूरो चीफ मगध प्रमंडल**

औरंगाबाद जिले के रफीगंज थाना क्षेत्र के रफीगंज- ढोसिला पथ के रुकुमचक गांव के पास शनिवार की रात में बाईक सवार सहित तीन लोगों से पैसा ,मोबाइल, छिनने एव मारपीट के मामले में रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज किया गया। पिटाई में मो अनवर अंसारी एवं भरत कुमार घायल हो गए। दोनों का इलाज रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। ढोसीला टोला इस्लामपुर गांव निवासी मो अनवर अंसारी ने थाना में आवेदन दिया।उल्लेख किया कि टेंपो से हम तीनो लोग अपने गांव जा रहे थे तभी ढोसिला पथ के रुकुमचक रोड के सामने कई लोग आए और टेंपो रोकवा कर मोबाईल छीनकर मारपीट किया।इसके बाद ढोसीला गांव के भरत कुमार एवं सुधीर कुमार के साथ भी मारपीट कर पैसा व मोबाइल छीन लिया गया। थानाध्यक्ष राम इकबाल यादव ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की तहकीकात की जा रही है।

## सराहनीय कार्य जनपद अमेठी पुलिस महिला थाने के प्रयास से 01 वैवाहिक जोड़ा पुनः साथ रहने को हुआ राजी।

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

"मिशन शक्ति" नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन के तहत उ0नि0 ममता रावत थानाध्यक्ष महिला थाना मय टीम द्वारा पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद के संबंध में समस्याओं को सुना गया तथा समस्याओं को सुलझाते हुए पति-पत्नी को साथ रहने के लिए



समझाया गया । जिसमें 01 वैवाहिक जोड़ा राजी खुशी से आपस में एक साथ रहने के लिए सहमत होकर घर गया तथा अमेठी पुलिस को धन्यवाद दिया । अमेठी पुलिस द्वारा उनको आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गई ।

## प्रतिबंधित पॉलिथीन प्लास्टिक बेच रहे दुकानदारों का चालान किया गया

श्रावस्ती, जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निदेशानुसार नगर पंचायत इकौना में अधिशासी अधिकारी विनीत कुमार द्वारा कर्मचारियों के साथ इकौना नगर में



हो रहे जाम को लेकर संजय पार्क से पुरानी शराब भट्ठी तक सभी दुकानदारों जो अवैध तरीके से पटरियों पर अतिक्रमण करके दुकान लगाये हुए है, वहां अतिक्रमण हटवाया गया तथा शासन के निदेशानुसार प्रतिबन्धित पॉलीथीन, प्लास्टिक जो दुकानदार बेच रहे है, उन दुकानदारों का चालान किया गया। इस मौके पर भगत राम यादव, रीतेश कुमार, सौरभ आर्य, धर्मेन्द्र यादव, ओमप्रकाश गुप्ता, राजमणि वर्मा आदि मौजूद रहे।

## एन एस एसा ने किया प्रभात फेरी,वृक्षारोपण कार्यक्रम

**दैनिक समाज जागरण**

बनियापुर (सारण) लोक महाविद्यालय हाफिजपुर की एनएसएस इकाई प्रथम की सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन चयनित ग्राम खेदु छपरा में प्रभात फेरी की गई। डॉक्टर रविंद्र त्रिपाठी के निर्देशन में स्वयंसेवक एवं सेविकाओं को पी०टी० कराई गई। परियोजना कार्य के अंतर्गत महाविद्यालय के प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया तत्पश्चात पर्यावरण के विषय पर एक जुलूस महाविद्यालय से चयनित ग्राम खेदु छपरा तक निकाली गई। आज के बौद्धिक सत्र का विषय था "पर्यावरण प्रदूषणः समस्या के कारण एवं समाधान के उपाय" इस विषय पर डॉ दशरथ प्रसाद एवं प्रोफेसर रविंद्र नाथ ओझा ने अपने विचार व्यक्त किए छात्र एवं छात्राओं की ओर से अमित कुमार महावीर प्रसाद प्रिया कुमारी प्रियंका कुमारी नेहा कुमारी नीतू कुमारी रूबी कुमारी ने अपने विचार व्यक्त किए तथा इस अवसर पर श्याम सुंदर सिंह एवं पशु राम दुबे जी तारकेश्वर सिंह प्रोफेसर विक्रम राय श्रुति कुमारी नेहा खातून पूजा कुमारी सिमरन कुमारी रुकसाना खातून हुस्ना नाज अफरीना खातून सना नाज सब्या खातून सैदा खातून शाहिदा खातून सायरा खातून भी उपस्थित रहे अंत में कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर काशीनाथ राय ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## युवा सम्मेलन में नशामुक्ति का संकल्प

***नवचेतना जागरण गायत्री महायज्ञ अफोइया में सम्पन्न***

***सबको सद्बुद्धि, सबके उज्वल भविष्य के लिए सामूहिक प्रार्थना***

**समाज जागरण**
**अभिषेक तिवारी अमेठी**

अफोइया शाहगढ़ में नवचेतना जागरण गायत्री महायज्ञ व युवा सम्मेलन का समापन रविवार को हुआ। बाबा दूधनाथ धाम परिसर में आयोजित 2 दिवसीय कार्यक्रम में शनिवार की शाम को दीप यज्ञ का आयोजन हुआ जिसमें सैकड़ों दीपक की रोशनी में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गायत्री मंत्राहुति दी।
रविवार की सुबह पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ में बड़ी संख्या में गांववासियों ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। प्रधान प्रतिनिधि दयाशंकर मिश्र ने मुख्य यजमान के रूप में सपत्नीक मुख्य कुंड पर विधिवत पूजन अर्चन किया।
परिव्राजक इंद्रदेव शर्मा, सुशील शर्मा व जगन्नाथ यादव ने समस्त कार्यक्रम सम्पन्न कराया। उन्होंने लोगों को गायत्री मंत्र जप के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि सद्बुद्धि और उज्ज्वल भविष्य के लिए एक ही मंत्र है और वो है गायत्री मंत्र। इसके नियमित जप से संभावनाओं के नए द्वार खुलने लगते हैं और व्यक्तित्व में निखार आने लगता है। उन्होंने पूणार्हूति में यज्ञाहुति के साथ- साथ अपने अंदर की बुराइयों को त्यागने की भी प्रेरणा दी।
इस अवसर पर जिला समन्वयक डॉ० त्रिवेणी सिंह ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए लोगों को युग निर्माण योजना से जुड़ने का आव्हान किया। अफोइया में गृहे गृहे गायत्री महायज्ञ की योजना बनाई गई तथा ग्रामवासियों को अगले रविवार को श्रमदान करते हुए बाबा दूधनाथ धाम के परिसर की सफाई की योजना भी बनाई गई। का प्रज्ञा मंडल भी गठित किया गया जिसमें दयाशंकर मिश्र, अंजनी कुमार सिंह, भरत कुमार द्विवेदी, शिव बहादुर पाठक, अवधेश नारायण शुक्ला ने शांतिकुंज हरिद्वार के दिशा निर्देशन में मिशन के कार्यों को आगे



जिला युवा समन्वयक डॉ० प्रवीण सिंह दीपक ने अपने संबोधन में युवाओं को नशे से दूर रहने की प्रेरणा देते हुए कहा कि दुर्लभ मानव जीवन को सफल बनाने का सुअवसर है कि हम परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा के महाअभियान में अपना योगदान दे पायें। सेवा और परोपकार से ही मानव जीवन की सार्थकता है।
कार्यक्रम के अंत मे बेसिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष गायत्री परिवार के ब्लॉक समन्वयक अशोक मिश्र का जन्म दिवस भी मनाया गया। महामृत्युंजय मंत्रोच्चार के साथ पुष्पवर्षा कर सभी ने अपनी शुभकामनाएं दीं।
इस अवसर पर अफोइया ग्राम सभा बढ़ाने का संकल्प लिया
युवा मंडल में देवी प्रसाद विश्वकर्मा, संतोष कुमार चौहान, महेंद्र द्विवेदी, विष्णु प्रसाद द्विवेदी, जटाशंकर शुक्ला, शैलेन्द्र पांडेय, पुष्पांजलि व आरती ने रचनात्मक व सृजनात्मक कार्यों से जुड़कर समाज और राष्ट्र की सेवा का संकल्प लिया।
इस अवसर पर कई लोगों ने नशा छोड़ने का संकल्प लिया व सभी ने एक स्वर ने नशामुक्त अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।
कार्यक्रम को सफल बनाने में रामयश मौर्य, राम प्रकाश मिश्र, शशांक शुक्ला, दुर्गा शंकर मिश्रा, बाबूलाल पाण्डेय, अवधेश कुमार सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

## एचएम डॉ शहजाद के नेतृत्व में मिसाल बना सरकारी स्कूल

***रोटरी ने हैंड वाश स्टेशन का कराया निर्माण***

**दैनिक समाज जागरण**

छपरा (सारण) मध्य विद्यालय जोगणी परसा के एचएम और रोटरी के पास्ट प्रेसिडेंट डॉ शहजाद आलम की सक्रियता और कोशिशों का असर दिखने लगा है.। उनका स्कुल ग्रामीण क्षेत्र में होते हुए भी पढ़ाई, बच्चों की उपस्थिति, उनकी स्वच्छता और मूलभूत सुविधाओं में शहर के किसी निजी विद्यालय से किसी रूप में कम नहीं रह गया है।. डॉ शहजाद ने अपनी कोशिशों से इस कड़ी में एक नया इजाफा करते हुए रोटरी की मदद से हैंडवाश प्लेटफार्म का निर्माण कराया है.। पिछले दिनों उसका उद्घाटन एक समारोह आयोजित कर किया गया. मुख्य अतिथि रोटरी क्लब के अध्यक्ष डॉक्टर पार्थ सारथी गौतम ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि डॉ शहजाद के आग्रह पर रोटरी ने सुदूर गांव में बच्चों की सुविधा हेतु हैंडवाश प्लेटफार्म निर्माण में सहयोग किया. इमीडिएट पास्ट प्रेसीडेंट अमरेंदर सिंह ने कहा कि रोटेरी क्लब समाज हित में इस तरह के कार्य करते रहा है।. आगे भी अन्य स्कूलों में हैंडवाश प्लेटफार्म निमार्ण कराया जाएगा. रोटेरी क्लब छपरा के सचिव सुमेश कुमार ने स्कूल के प्रध्यापक को धन्यवाद दिया कि उन्होंने ने अपने स्कूल में काम करने का मौका क्लब को दिया. पूर्व अध्यक्ष डॉ मृदुल शरण ने इस प्रयास की प्रशंसा करते हुये अध्यक्ष को धन्यवाद दिया. इंजीनियर एसके श्रीवास्तव ने कहा कि सरकार बहुत सारे कार्य करती है फिर भी कही कुछ अति आवश्यक कार्य छूट जाते हैं ।तो रोटेरी कल्ब अपने फण्ड से उसे पूरा करने की कोशिश करता है।. मौके पर एचएम डॉ शहजाद ने सभी का शुक्रिया अदा किया. इस अवसर पर प्रोफेसर एड़ी मसीह, जीनत मसीह, आशा शरण, वीना शरण, एसके श्रीवास्तव, कामेश्वर सत्यार्थी, शंकर प्रसाद, फिरोज अहमद अंसारी, साजदा खातून, ज्योति कुमारी, सोहैल अख्तर, शफीउर रहमान, एनपीएस हरपूर के एचएम रंजीत कुमार, मो फहीम समेत गांव के राकेश कुमार, शमीम अंसारी आदि उपस्थित थे.।

## भाजपा नव मनोनीत जिलाध्यक्ष का भव्य स्वागत समारोह

**दैनिक समाज जागरण**

बनियापुर (सारण) बनियापुर मे प्रदेश भाजपा द्वारा भाजपा के नव मनोनीत जिला अध्यक्ष रंजीत सिंह का भव्य स्वागत समारोह सह अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया।जहा प्रखंड के पिठौरी पंचायत मे जिलाध्यक्ष का स्वागत सह अभिनंदन समारोह पूर्वक मनाया गया।जहा सभी ने प्रदेश कमिटी को रंजीत सिंह के मनोनयन पर हार्दिक अभिनंदन किया गया।मौके पर वरिय नेता वीरेंद्र कुमार ओझा भाजपा के जिला उपाध्यक्ष बृजमोहन सिंह अजित सिंह आनंद शंकर रामशंकर मिश्र नरेंद्र पाल सहित भारी संख्या प्रबुद्ध समाजसेवी व भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।सभी ने उन्हे फूलमाला के साथ बुके देकर सम्मानित करते अभिनंदन किया।

## असम करीमगंज जिले के राताबाड़ी में विकास की लहर

***आतिशबाजी के साथ एक ही दिन में चार सड़कों का शिलान्यास किया गया।***

***राताबाड़ी का वादा पूरा करने में विफल रही कांग्रेस, जो भाजपा की पार्टी को दशार्ता है: विजय मालाकार।***

**असम करीमगंज से**
**सचिंद्र शर्मा की रिपोर्ट.**

असम प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिश्व शर्मा राताबाड़ी क्षेत्र के पिछड़े चाय बागान मजदूर परिवार की शिक्षा एवं संचार सुविधाओं के साथ-साथ वर्तमान सरकार कार्य में भ्रष्टाचार ना हो इसलिए नजर रख कर सक्रिय भूमिका निभाने का प्रयास कर रही है. लेकिन पिछले लंबे समय से सत्ता पक्ष ने राताबाड़ी को सोने की राताबाड़ी बनाने का वादा किया और उसे पूरा करने में विफल रहा। जिसे वर्तमान सरकार बिना किसी प्रतिबद्धता के काम कर रही है। गत 25 मार्च (शनिवार) को राताबाड़ी विधायक विजय मालाकार ने




राताबाड़ी विधानसभा के दुल्लभछड़ा विकास खंड के अंतर्गत लगभग चार करोड़ रुपये की चार सड़कों का शिलान्यास किया.
मुख्यमंत्री पथ निर्माण के तहत दुल्लभछड़ा ग्राम पंचायत में दामछड़ा पीएमजीएसवाई रोड, लालछड़ा ग्राम पंचायत गम्भीरा टी और आमटीला में पीएमएस वाई रोड, दरगारबंद ग्राम पंचायत में सीआर रोड पश्चिमी सिंहला में सड़क कार्यों का शिलान्यास किया गया. इसके अलावा, यह कहा जाता है कि दुल्लभछड़ा सीवीपी विद्यालय के सामने से सड़क को मोकमछड़ा बाया कैईया रामचंडी बागान के हैलाकांडी जिले के लाला बाजार से जोड़ने की योजना बनाई जाएगी। समारोह में भाजपा पार्टी के पदाधिकारी, ठेकादार, प्रमंडल पदाधिकारी एवं पंचायत प्रतिनिधि

## असम करीमगंज जिले के राष्ट्रीय स्तर की पदक विजेता सुनीता कैरी को विधायक कृष्णंदु पाल ने सम्मानित किया।

**असम करीमगंज संवाददाता सचिंद्र शर्मा दैनिक समाज जागरण**

पाथारकांडी विधायक ने हाथीखीरा ग्राम पंचायत के लायारपोआ प्रखंड निबासी मोतीलाल कैरी की पुत्री सुनीता कैरी, थांता मार्शल आर्ट में राष्ट्रीय स्तर के पदक विजेता का अभिनंदन किया. 25 मार्च (शनिवार) को वे भाजपा के विभिन्न कार्यकताओं के साथ 18वीं लाइन स्थित सुनीता कैरी के घर पहुंचे और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की. सुनीता कैरी के कोच राजीव



कालोयार ने बताया कि सुनीता ने अक्टूबर 2022 में असम के होजई में आयोजित स्टेट प्रतियोगिता में भाग लिया और महिला वर्ग में पहली बार स्वर्ण पदक जीता. बाद में उन्हें राष्ट्रीय स्तर के खेलों के लिए चुना गया और इस साल फरवरी में तमिलनाडु के कन्याकुमारी में आयोजित 28वीं प्रतियोगिता में रजत पदक जीता। सुनीता कैरी के प्रदर्शन पर स्थानीय खेल प्रेमियों ने खुशी जाहिर की।

## मा. राज्यमंत्री ने विकास खंड बहादुरपुर अन्तर्गत ग्राम जमालपुर रामपुर चैपाल में सुनी जनता की समस्याएं।

***निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश।***

**समाज जागरण**
**अभिषेक तिवारी अमेठी**

अमेठी मा. राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश/जनपद प्रभारी मंत्री श्री गिरीश चंद्र यादव ने शनिवार देर शाम विकास खंड बहादुरपुर अन्तर्गत ग्राम जमालपुर रामपुर में लगी चौपाल में पहुंचकर जनता की समस्याओं को सुना एवं मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों के निस्तारण हेतु निर्देशित किया। रामपुर ग्राम सभा के पूरे बादे सिंह स्थित प्राथमिक विद्यालय पर लगी चौपाल में मौजूद जनता से शौचालय, प्रधानमंत्री आवास, इंडिया मार्का हैंडपंप, 460 जॉबकार्ड की जानकारी ली। बिजली कनेक्शन के बारे में पूछे जाने पर गांव की सुमित्रा ने बताया कि हमारे यहां अभी कनेक्शन नहीं है। जिस पर मंत्री ने बिजली विभाग को एक सप्ताह में जांच कर कनेक्शन लगवाने की बात कही। वहीं सुषमा ने दो साल से इंडिया मार्का हैण्डपम्प खराब होने की शिकायत की जिस पर जल्द बनवाने के लिए सचिव को निर्देशित किया गया। ग्राम प्रधान से सभी के आवेदन के लिए दो अप्रैल को पंचायत भवन पर कैम्प लगा कर फार्म भरवाने की बात कही। इस मौके पर डीएम राकेश कुमार मिश्र,



जॉबकार्ड उन्हें हर हाल में एक सप्ताह के अंदर वापस देने की बात कही । स्कूल के बच्चों से मिड डे मील की जानकारी ली। साथ ही राशन कार्ड के बारे में जानकारी ली। उसके बाद सभी बिंदुओं पर जनता से सीधे बात कर उनकी शिकायतों से संबंधित विभागों को गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। पेंशन एसपी डॉ. इलामरन जी, सीडीओ सान्या छाबड़ा, मा. विधायक जगदीशपुर श्री सुरेश पासी, एसडीएम फाल्गुनी सिंह, सीओ अजय कुमार सिंह, बीजेपी जिला अध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी, भवानी दत्त दीक्षित सहित संबंधित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

## पशुपालकों के लिए बड़ी योजना का शुभारंभ पशुओं का उपचार पशु पालकों के द्वार-मुख्य विकास अधिकारी

श्रावस्ती, देश के माननीय यशस्वी प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री के कर कमलों द्वारा आज उत्तर प्रदेश के पशुपालकों को बड़ा तोहफा प्रदान किया गया है। प्रदेश भर के पशुपालकों को टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1962 पर फोन करने के उपरांत घर बैठे उनके पशुओं का उपचार की सुविधा मिल सकेगी। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन लोकप्रिय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कर कमलों द्वारा लखनऊ में किया गया, जिसमें 201 करोड़ रुपये की लागत से 520 मोबाइल वेटरिनरी यूनिट का फ्लैग ऑफ करते हुए शुभारंभ किया गया। जिनका लाभ उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में प्राप्त होने जा रहा है। इस कड़ी में जिले में कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसके मुख्य अतिथि माननीय विधायक रामफेरन पाण्डेय थे, और कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह ने किया। जिसमें लखनऊ में आयोजित माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में आयोजित हो रहे कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। तत्पश्चात जनपद की वेटरनरी मोबाइल यूनिट को माननीय विधायक एवं मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।
इस अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अपने उद्गार व्यक्त करते हुए माननीय विधायक ने जनपद के पशु चिकित्सा अधिकारियों का आह्वान करते हुए कहा कि भारत के माननीय यशस्वी प्रधानमंत्री एवं लोकप्रिय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा आज पशुपालकों के लिए यह महत्वपूर्ण योजना प्रारंभ की गई है। उन्होंने सभी पशु चिकित्सा अधिकारियों से इस योजना को गुणवत्ता एवं मानकों के अनुरूप संचालित करने का आह्वान किया है ताकि माननीय मुख्यमंत्री जी की मंशा के अनुरूप इस महत्वाकांक्षी योजना का जनपद के समस्त पशुपालकों को भरपूर लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने



कहा कि इस योजना के तहत टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1962 पर पशुपालकों के द्वारा जो कॉल की जाए उनका तुरंत संज्ञान लेते हुए घर बैठे पशुपालकों को पशुओं का इलाज संभव कराया जाए, ताकि सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का सरलता के साथ सभी पशुपालकों को घर बैठे इस योजना का लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि यह बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना है। इसलिए जनपद में पशुपालकों के लिए इसे बहुत ही दृढ़ता के साथ संचालित किया जाए।
इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि पशुपालकों के लिए बड़ी योजना मोबाइल वेटरनरी यूनिट पशुओं का उपचार पशु पालकों के द्वार का शुभारम्भ किया गया है। उन्होने सभी वेटरनरी यूनिट कि मोबाइल टीमों को निर्धारित कार्यक्रम के तहत कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत तीन मोबाइल वेटरिनरी यूनिट निर्धारित रूट पर प्रतिदिन सुबह 08 बजे से अपरान्ह 02 बजे तक संचालित होंगी तथा अपातकालीन सेवा के लिए 01 एम0यू0वी0 प्रातः 08 बजे से रात्रि 10 बजे तक संचालित की जायेगी। इसलिए उनके जो मानक तय किए गए हैं सभी यूनिट अपने कार्यक्रम के तहत ग्रामों में पहुंचकर पशुपालकों को इस योजना का लाभ उपलब्ध कराएंगे। संबंधित यूनिट के चिकित्सा अधिकारी एवं अन्य स्टाफ टोल फ्री नंबर के माध्यम से काल प्राप्त होने के उपरांत तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए निर्धारित स्थान पर पहुंचकर पशुपालकों को इस योजना का लाभ पहुंचाने की कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे, ताकि माननीय मुख्यमंत्री जी की मंशा के अनुरूप इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम का जनपद के सभी पशुपालकों को भरपूर लाभ प्राप्त हो सके। कार्यक्रम के अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) डी0पी0 सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 मानव, आशुतोष पाण्डेय, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि गिलौला प्रकाश चन्द्र सहित प्रशासन/विकास/पशुपालन विभाग के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने असम का जिक्र किया

असम संवाददाता दैनिक समाज जागरणः भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में, असम के बीर लाचित बोरफुकन के बारे में बात की। मंत्री पीयूष हजारिका ने 26 मार्च (रविवार) को आयोजित प्रधान मंत्री के मन की बात कार्यक्रम में जागीरोड निर्वाचन क्षेत्र के बाघजाप में भाग लिया। पत्रकार के सम्मुख राहुल गांधी की सांसद पद से बर्खास्तगी पर मंत्री पीयूष हजारिका का बयान कानून से ऊपर



कोई नहीं है। ऐसा जया ललिता और लालू प्रसाद यादव के मामले में पहले भी हो चुका है। अगर कल मेरे खिलाफ कोई आरोप लगाए जाते हैं तो मेरे साथ भी ऐसा ही होगा। लेकिन कांग्रेस पार्टी और अखिल गोगोई इसे स्वीकार नहीं करते हैं। वे खुद को कानून से ऊपर मानते हैं।

## असम करीमगंज जिले के राताबाड़ी में विकास की लहर, आतिशबाजी के साथ एक ही दिन में चार सड़कों का उद्घाटन किया गया।

***राताबाड़ी का वादा पूरा करने में विफल रही कांग्रेस, जो भाजपा की पार्टी विकास के लिए कर रहे है: विजय मालाकार।***

**असम करीमगंज संवाददाता**
**सचिन्द्र शर्मा समाज जागरण**

असम प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिश्व शर्मा राताबाड़ी क्षेत्र के पिछड़े चाय बागान मजदूर परिवार की शिक्षा एवं संचार सुविधाओं के साथ-साथ वर्तमान सरकार कार्य में भ्रष्टाचार ना हो इसलिए नजर रख कर सक्रिय भूमिका निभाने का प्रयास कर रही है. लेकिन पिछले लंबे समय से सत्ता पक्ष ने राताबाड़ी को सोने की राताबाड़ी बनाने का वादा किया और उसे पूरा करने में विफल रहा। जिसे वर्तमान सरकार बिना किसी प्रतिबद्धता के काम कर रही है। गत 25 मार्च (शनिवार) को राताबाड़ी विधायक विजय मालाकार ने राताबाड़ी विधानसभा के दुल्लभछड़ा विकास खंड के अंतर्गत लगभग चार करोड़ रुपये की चार सड़कों का शिलान्यास किया.
मुख्यमंत्री पथ निर्माण के तहत दुल्लभछड़ा ग्राम पंचायत में दामछड़ा पीएमजीएसवाई रोड, लालछड़ा ग्राम पंचायत गम्भीरा टी और आमटीला दुल्लभछड़ा सीवीपी विद्यालय के सामने से सड़क को मोकमछड़ा बाया कैईया रामचंडी बागान के हैलाकांडी जिले के लाला बाजार से जोड़ने की योजना बनाई जाएगी।



में पीएमएस वाई रोड, दरगारबंद ग्राम पंचायत में सीआर रोड पश्चिमी सिंहला में सड़क कार्यों का शिलान्यास किया गया. इसके अलावा, यह कहा जाता है कि समारोह में भाजपा पार्टी के पदाधिकारी, ठेकादार, प्रमंडल पदाधिकारी एवं पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे.

## भाजपा छोड़ कर दर्जनों लोगों ने थामा रामविलास का लोजपा पार्टी

वीरेंद्र चौहान, दैनिक समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास पार्टी के जिला अध्यक्ष के अध्यक्षता में बहादुरगंज डाक बंगला में कार्यकर्ता सम्मेलन सह बैठक का आयोजन किया गया । सम्मेलन में दर्जनों लोगो ने भाजपा को छोड़ कर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की जिन्हे लोजपा जिला अध्यक्ष हबीबुर रहमान ने माला पहनाकर कर स्वागत किया।जिला अध्यक्ष हबीबुर्रहमान ने बताया की राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट के मिशन से



प्रभावित होकर सभी लोगो ने पार्टी को मजबूत करने का संकल्प लिया है। वही उन्होंने बताया की आगमी तीन महीने तक पार्टी द्वारा सदस्यता अभियान चलाया जायेगा।और बताया की 1 लाख 75 हजार लोगो को सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा की जिले के सभी प्रखंडों और वार्ड में सदस्यता अभियान चला कर संगठन को मजबूत किया जाएगा। इस मौके पर दलित सेना के जिला अध्यक्ष सोहन लाल दास, युवा जिला अध्यक्ष नीरज सिंह, जिला उपाध्यक्ष तबरेज आलम जिला कोषाध्यक्ष राजकुमार डोगरा, वरिष्ठ नेता मुजफ्फर आलम एवं मीडिया प्रभारी मुर्तजा अली सहित सभी प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष, पंचायत अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष एवं पंचायत अध्यक्ष मौजूद थे ।

## मोबाईल चोरी के आरोप में तीन गिरफ्तार 06 मोबाईल एवं मोबाईल के कई पार्टपुर्जा बरामद

वीरेंद्र चौहान, दैनिक समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज। 25 मार्च को त्रिवेणी दास उम्र करीब 54 वर्ष पिता रामगुलाम दास सा. डुमरिया वार्ड नं. 30 थाना व जिला किशनगंज ने एक लिखित आवेदन दिया। जिसमें उन्होनें तीन व्यक्ति सुरज कुमार सिंह पिता स्व. बिरेन्द्र सिंह सा. बारह बिघा थाना गिरियक जिला नालंदा, धीरज कुमार पिता श्री सुरेन्द्र प्रसाद सा.रूपहाता थाना नौखा जिला रोहतास,भोला कुमार हरिजन पिता स्व. नन्दी लाल हरिजन सा. धनतोला थाना दिघलबैंक जिला किशनगंज पर मोबाईल चोरी करने का आरोप लगाए गए। आवेदन के आधार पर किशनगंज थाना कांड सं.-125 / 23 धारा-379 भा.द.वि. दर्ज किया गया। आवेदक एवं उनके परिजन के द्वारा तीनों अभियुक्तों को किशनगंज में पश्चिम पाली से पुलिस केन्द्र जाते हुए देखा तथा तीनों व्यक्ति को रोक कर रखा। उनलोगों के द्वारा किशनगंज थाना को खबर किया गया। गश्ती दल एवं पुलिस पदाधिकारी पहुंचकर तीनों व्यक्ति को विधिवत गिरफ्तार किया। तीनों व्यक्ति ने पुछताछ करने पर सुरज कुमार और धीरज कुमार ने बताया कि वे बिहार पुलिस में सिपाही है और तीसरे व्यक्ति भोला कुमार हरिजन ने बताया वो चौकीदार है। पुछताछ के क्रम में तीनों व्यक्तियों ने बताया कि हम तीनों मिलकर पुलिस का धौंस दिखाकर लोगों से मोबाईल ले लेते है. जिसे ले जाकर नसमा पिता मो.अब्बास सा.खगड़ा माछमारा वार्ड नं.33 थाना व जिला किशनगंज को बेच देते है. और उसके एवज में स्मैक लेकर पी लेते है । पुछताछ के क्रम में इन तीनों व्यक्ति ने बताया कि नसमा के सम्पर्क में आने के बाद ये लोग स्मैक का सेवन करने लगे और उनके ही उकसावे पर लोगों से मोबाईल चोरी करने लगे। इन तीनों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। उक्त घटना में संलिप्त अन्य वांछित अभियुक्त नसमा की गिरफ्तारी हेतु छापामारी की जा रही है।

## पुलिस ने भटकी हुई एक बालिका को सकुशल उनके परिजन को सुपुर्द किया

वीरेंद्र चौहान, दैनिक समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज। रविवार 25 मार्च को समय 19.05 बजे एक भटकी हुई बालिका महिला थाना पर आयी और थाना पर तैनात म.सि./120 दिव्या कुमारी से बालिका सुधार गृह कहाँ है।के संबंध में पूछने लगी तभी पु.अ.नि. मासुम कुमारी, थानाध्यक्ष, महिला थाना द्वारा भटकी हुई बालिका से पुछताछ की बालिका द्वारा अपना नाम रौशनी खातुन पिता मो. शहीद सा.-मदारगंज, थाना- सिमराहा, जिला-अररिया की निवासी बतायी गयी। आगे बतायी कि घर में परिवारिक विवाद को लेकर वह गुस्से में बिना किसी को सूचित किये अररिया से बस से किशनगंज बस स्टैण्ड पहुँची थी । जहाँ से वह सीधे थाना आयी। बालिका के द्वारा यह भी बताया गया कि वह पहले भी बालिका सुधार गृह में रह चुकी हूँ. इसलिए वह बालिका सुधार गृह में जाना चाहती है। पुलिस के द्वारा इस संबंध में सनहा दर्ज करते हुए ङ्कँ ि ली'स्र छल्ली, ङ्करँल्लॉल्ल को सूचित किया गया। भटकी हुई बालिका को महिला सिपाही के देख-रेख में थाना सिरिस्ता में सुरक्षार्थ रखा गया ।

महिला थानाध्यक्ष किशनगंज द्वारा भटकी हुई बालिका के परिजन से सिमराहा थाना अररिया जिला के माध्यम से सम्पर्क किया गया। तत्पश्चात दिनांक - 26 मार्च को भटकी हुई बालिका के पिता मो. शहीद पिता स्व.मो.जनीब सा.-मदारगंज, थाना-सिमराहा, जिला - अररिया एवं माता अंजुमन खातुन पति-शहीद महिला थाना, किशनगंज आयी, उनके पहचान पत्र आधार कार्ड के आधार पर उक्त बालिका को उनके माता-पिता को सकुशल सुपुर्द कर दिया गया।

## विरोध प्रदर्शन : खोरीबाड़ी में कांग्रेसियों ने राहुल गांधी के समर्थन में किया आवाज बुलंद।

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

खोरीबाड़ी( दार्जीलिंग) । खोरीबाड़ी कांग्रेस संगठन ने राहुल गांधी को सांसद पद से बर्खास्त किए जाने का विरोध किया है ।




रविवार को खोरीबाड़ी प्रखंड कांग्रेस ने पार्टी कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया गया । पश्चिम बंगाल महिला कांग्रेस की अध्यक्ष नवनीता रितकी, अध्यक्ष मंजू सिन्हा, खोरीबाड़ी ब्लॉक युवा कांग्रेस नेता माणिक बर्मन और अन्य उपस्थित लोगों विरोध प्रदर्शन में शामिल रहे । साथ ही किशनगंज कांग्रेस सांसद डॉ मोहम्मद जावेद ने भी इस प्रदर्शन में हिस्सा लिया । महिला कांग्रेस अध्यक्ष नवनीता रितकी ने कहा कि यह विरोध सत्याग्रह आंदोलन को याद कर राहुल गांधी के साथ हुए अन्याय के खिलाफ विरोध है ।

किशनगंज सांसद डॉ मोहम्मद जावेद ने कहा, हम चाहते हैं कि अडानी के खिलाफ जेपीसी जाँच हो और यह जाँच निष्पक्ष रूप से जांच की जाए।

## वार्ड नंबर 1 के मसकन बरारी में बिहार सरकार एवं भारत सरकार के द्वारा 44 हैंडलूम बुनकरों को प्रदान किया गया

**दैनिक समाज जागरण/ निबराज आलम**

वार्ड नंबर 1 के मसकन बरारी में बिहार सरकार एवं भारत सरकार के द्वारा 44 हैंडलूम बुनकरों को प्रदान किया गया जिसमें वार्ड नंबर 1 के पार्षद प्रीति देवी ने खुद से अपने हाथों से 44 बुनकरों को हैंडलूम प्रदान किया है। वहीं वार्ड 1 के पार्षद प्रीति देवी ने बताया कि बुनकरों को बिजली की समस्या को लेकर आज बिहार सरकार एवं भारत सरकार के द्वारा बिजली से बचाव के कारण आज बुनकरों को 44 हैंडलूम दिया गया है जिससे बुनकरों में काफी खुशी एवं उत्साहित दिख रहे हैं। इसमें शामिल उर्मिला देवी, जूली देवी ब्यूटी कुमारी रेशम कुमारी, जितेंद्र कुमार भरत प्रसाद, विकास कुमार इत्यादि काफी बुनकर मौजूद थे।



## 10 दिवसीय मधुमक्खी पालन पर प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

**राहुल दैनिक समाज जागरण**

12वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल किशनगंज के द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम वर्ष 2022-23 के अंतर्गत सीमावर्ती 15 बेरोजगार युवाओं के लिए दिनांक 17.03.2023 से डॉ कलाम कृषि महाविद्यालय, किशनगंज में आयोजित 10 दिवसीय वैज्ञानिक तरीके से मधुमक्खी पालन पर प्रशिक्षण का समापन समारोह मनाया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ विद्या भूषण झा, अधिष्ठाता डॉ कलाम कृषि महाविद्यालय किशनगंज द्वारा काईखो अथिको कमान अधिकारी 12 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल एवं सनिहे सलिऊ, उप कमांडेंट 12 वीं वाहिनी को पुष्पगुच्छ भेंट करने के साथ ही काईखो अथिको, कमान अधिकारी 12 वीं वाहिनी द्वारा डॉक्टर विद्या भूषण झा, अधिष्ठाता डॉ कलाम कृषि महाविद्यालय किशनगंज को कार्यक्रम के संदर्भ में स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया. कमान अधिकारी 12 वीं वाहिनी ने उक्त प्रशिक्षण के प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा की प्रशिक्षण से प्राप्त जानकारी के आधार पर इसको सर्वप्रथम छोटे



स्तर पर उद्योग को आरंभ कर अनुभव के साथ धीरे-धीरे बड़े उद्योग के रूप में स्थापित किया जा सकता है. तो वही सनिहे सलिऊ, उप कमांडेंट 12 वीं वाहिनी ने डॉ कलाम कृषि महाविद्यालय के प्राध्यापकों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए प्रशिक्षणार्थियों को बताया कि भारत सरकार द्वारा लघु उद्योगों को आरंभ करने के लिए न्यूनतम दर पर बैंकों में लोन की व्यवस्था की गई है. इस कार्यक्रम में काईखो अथिको, कमान अधिकारी 12 वीं वाहिनी, श्री सनिहे सलिऊ, उप कमांडेंट 12 वीं वाहिनी, डॉ विद्या भूषण झा, अधिष्ठाता डॉ कलाम कृषि महाविद्यालय किशनगंज, डॉक्टर कलमेश एम. सहायक प्रोफेसर सहकनिष्क वैज्ञानिक, डॉक्टर ईराईया, सहायक प्रोफेसर कनिष्ठ वैज्ञानिक डॉ कलाम कृषि महाविद्यालय किशनगंज एवं 15 सीमावर्ती प्रशिक्षणार्थी तथा 12 वाहिनी के बलकर्मी उपस्थित थे.

## सिलीगुड़ी में करोड़ों रुपये के सोने के साथ तीन गिरफ्तार

**उत्तम सिंह संवाददाता दैनिक समाज जागरण सिलीगुड़ी(दार्जिलिंग)**

डीआरआई की टीम ने सिलीगुड़ी से वृंदावन में दुबई का सोना तस्करी होने से पहले ही तस्करों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के नाम मुरारीलाल सोनी, सोनपाल सोनी और श्री बैजू है। जिसमें मुरारीलाल राजस्थान का निवासी है। जबकि सोनपाल और श्री बैजू मथुरा का निवासी है। साथ ही एक चार पहिया वाहन को विशेष चेंबर बनाकर सोना तस्करी की जा रही थी, उसे भी जब्त किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार,एक चार पहिया वाहन को डीआरआई की टीम बागडोगरा एयरपोर्ट मोड़ पर गुप्त सूचना के आधार पर वाहन की तलाशी ली। तलाशी लेने के क्रम में उस वाहन के अंदर विशेष चेंबर पाया गया। इसके बाद जब डीआरआई की टीम विशेष चेंबर को खोला तो उससे 23 पीस सोना की बिस्कुट बरामद हुई। जिसका कोई वैध कागजात नहीं था।

जिसके बाद डीआरआई की टीम ने वाहन में बैठे तीनों आरोपियों को तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। डीआरआई पक्ष के अधिवक्ता त्रिदीप साहा ने कहा कि शनिवार को गुप्त सूचना पर डीआरआई की टीम बागडोगरा एयरपोर्ट मोड़ से एक वाहन से 2 किलो 668 ग्राम सोना बरामद किया



था। जिसका बाजार मूल्य 1 करोड़ 57 लाख रुपये से अधिक है। बरामद सोना में दुबई मार्का का है। त्रिदीप साहा ने आगे कहा कि मुरारीलाल सोनी, सोनपाल सोनी और श्री बैजू सिलीगुड़ी 3 नंबर वार्ड के रहने वाले राजू उर्फ राजकुमार अग्रवाल नामक एक व्यक्ति से विदेशी सोना खरीदने की डील किया था। जिसके तहत ये तीनों राजकुमार अग्रवाल को 24 लाख 40 हजार रुपये भी एडवांस में दिया था। इसके बाद ये तीनों वृंदावन से सिलीगुड़ी सोना लेने पहुंचा।

सोना लेकर ये तीनों वृंदावन जा रहे थे, लेकिन उससे पहले ही डीआरआई की टीम ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया। आज तीनों को सिलीगुड़ी अदालत में पेश किया गया। वहीं, इन तीनों के बयान के आधार पर बीती रात डीआरआई की टीम तीन नंबर वार्ड स्थित राजकुमार अग्रवाल के घर पर भी रेड किया। जहां से नगद 24 लाख 40 हजार रुपये बरामद हो गया, लेकिन राजकुमार अग्रवाल फरार हो गया। वहीं, बचाव पक्ष के वकील अखिल विश्वास ने कहा कि उनके मुवक्किल को गलत तरीके से डीआरआई ने फंसाया है। सोमवार को वे अपने मुवक्किल के लिए अदालत में जमानत याचिका दायर करेंगे।

## पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग के क्रम में 2600 लीटर नकली डीजल, पेट्रोलकिया गया बरामद

वीरेंद्र चौहान, दैनिक समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।दिनांक- 25 मार्च को पु.अ.नि. धनजी कुमार, टेढ़ागाछ थाना द्वारा थाना रिजर्व बल के साथ दिवा गश्ती क्रम में समय करीब 12:15 बजे फुलबरिया चौक पर वाहन चेकिंग कर रहे थे कि उसी समय गुप्त सूचना मिली कि साहेब आलम पे.स्व. नइमुल हुदा एवं अजीमुद्दीन पे. डोमन अली दोनों सा. झूनकी मुशहरा थाना टेढागाछ जिला किशनगंज अपने-अपने घर में काफी दिनों से नकली डीजल, पेट्रोल बनाकर चोरी-छिपे अवैध तरीके से व्यापार कर रहे हैं. जिससे आमजनों को नकली डीजल, पेट्रोल का उपयोग करने से इंजन पर काफी क्षति हो रही है। सूचना के सत्यापन हेतु ग्राम झूनकी मुशहरा में साहेब आलम के घर पर पहुँचे तो पुलिस बल को देखकर साहेब आलम एवं उसके परिवार के लोग भाग गये। उसके घर में तलाशी लेने के क्रम में कुल 09 ड्रम में 1800 लीटर उजला रंग का तरल पदार्थ पाया.वहां पर महाल चौकीदार को निगरानी में रखते हुए पुनः अजीमुदीन के घर पर छापामारी हेतु पहुंचे तो वहाँ भी अजीमुद्दीन सहित उसके घर के लोग फरार पाये गये । तत्पश्चात उसकी घर की तलाशी ली गयी। उसके घर से 04 ड्रम में 800 लीटर उजला रंग का तरल पदार्थ पाया गया। उक्त दोनों जगहों पर ड्रम में रखे पदार्थ की जांच करने पर पाया कि उसमें से डीजल,पेट्रोल जैसा हल्का गंध आ रहा था । ऐसा प्रतीत होता है कि ड्रम में रखे तरल पदार्थ से किसी नकली तरह से डीजल, पेट्रोल बनाया गया है तथा डीजल, पेट्रोल के नाम पर अवैध धंधा किया जा रहा है। इसकी पुष्टि के लिये स्थानीय पेट्रोल पम्प के संचालक द्वारा जांच करवाया गया तो नकली डीजल,पेट्रोल पाया गया ।

तत्पश्चात उक्त दोनों जगहों से बरामद कुल 09 ड्रम में 1800 लीटर एवं 04 ड्रम से 800 लीटर कुल - 2600 लीटर तरल पदार्थ डीजल,पेट्रोल जैसा को विधिवत जप्त किया गया एवं अवैध, नकली डीजल,पेट्रोल रखने एवं व्यापार करने के लिए साहेब आलम पे. स्व. नइमुल हुदा एवं अजीमुदीन पे. डोमन अली दोनों सा. झूनकी मुशहरा थाना टेढागाछ जिला किशनगंज के विरूद्ध टेढागाछ थाना काण्ड स.-24 / 23 दिनांक-25.03.2023 धारा-414,419,420 भा.द.वि. एवं 7 आवश्यक वस्तु अधिनियम दर्ज किया गया। उक्त दोनों अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु छापामारी जारी है।

## जदयू प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक ने मुख्यमंत्री से भेंट कर विभिन्न समस्याओं से अवगत करा कर उचित पहल करने की मांग किया

वीरेंद्र चौहान,दैनिक समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।जदयू प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक कोचाधामन मुजाहिद आलम ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से उनके सरकारी आवास 1- अन्ने मार्ग में भेंटकर क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराकर उचित पहल करने हेतु आग्रह किया। जदयू प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक कोचाधामन मुजाहिद आलम ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से आग्रह किया है। कि अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय डेरामारी मोजाबारी जिनका 04 फरवरी 2023 को आपके कर कमलों से लोकार्पण हुआ है के लिए 52 सृजित पदों पर बहाली प्रक्रिया प्रारंभ कर शैक्षणिक सत्र 2023-24 से पढ़ाई प्रारंभ करने की मांग की है।साथ ही उक्त विद्यालय के एकेडमिक कैम्पस से आवासीय कैम्पस तक आवागमन हेतु फुट ओवरब्रिज निर्माण कार्य जल्द प्रारंभ करने की मांग की है। पिछले दिनों पूर्णियां जिला अन्तर्गत रौटा थाना क्षेत्र के शीशाबारी कर्बला में अखाड़ा एवं प्रशासन के बीच झड़प के उपरांत रौटा थाना कांड संख्या 111/22 में लगभग 5000 लोगों पर एफआईआर दर्ज किया गया था। जिसमें अधिकांश लोग बेकसूर हैं।इस संबंध में पूर्व में एक डेलिगेशन के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिलकर उचित पहल करने की मांग की थी। मुख्यमंत्री ने तत्कालीन डीजीपी को मामले की जांच कर निर्दोष लोगों को बड़ी करने का निर्देश दिया था। परंतु अभी तक इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। मुख्यमंत्री से उक्त घटना की उच्च स्तरीय जांच कर निर्दोष लोगों को बड़ी करने की मांग की गई है। किशनगंज जिले में बीएड एवं ला की पढ़ाई नहीं होने से जिले के



स्टूडेंट्स को बीएड एवं ला की पढ़ाई के लिए बाहर जाना पड़ता है।बीएड कालेज के लिए अगर आवश्यकता पड़ी तो वक्फ की जमीन उपलब्ध कराया जाएगा। इसलिए किशनगंज जिले में बीएड कालेज खोलने एवं मारवाड़ी कालेज किशनगंज में ला की पढ़ाई शुरू करने हेतु उचित पहल करने की मांग की गई है। इसके साथ ही पूर्णियां जिला अन्तर्गत अमौर प्रखंड के खाड़ी घाट एवं रसैली घाट पुल के बचे हुए कार्य को जल्द पूरा कर आवागमन चालू कराने की मांग की गई है। किशनगंज जिला अन्तर्गत दिघलबैंक, ठाकुरगंज एवं टेढ़ागाछ प्रखंडों में नेपाल से सटे क्षेत्रों में आए दिन नेपाल के जंगलों से प्रवेश कर हाथियों के झुंड द्वारा जान माल की भारी तबाही मचाई जा रही है।इस साल अब तक दो लोगों की जान हाथियों के झुंड के हमले में चली गई है। साथ ही कई दर्जन घरों और सैकड़ों एकड़ फसलों को तबाह किया जा चुका है।इस संबंध में उचित पहल कर हाथियों के झुंड के भारतीय सीमा में प्रवेश पर रोक लगाए जाने के साथ साथ पीड़ित परिवारों को उचित सरकारी मुआवजा दिया जाए। महानंदा नदी पर अभेयपुर घाट,खरखरी-भेरभेरीघाट, निश्चितपुर घाट, तैय्यबपुर घाट एवं कनकई नदी में असुरा निशन्दरा घाट एवं मटियारी घाट पर पुल निर्माण पर चर्चा किए। इनके साथ ही अन्य समस्याओं पर भी चर्चा किए। माननीय मुख्यमंत्री ने उक्त समस्याओं के समाधान हेतु संबंधित विभागों से उचित पहल करने को कहा है।

## कांग्रेस कार्यकताओं ने किया प्रधानमंत्री का पुतला दहन

**राहुल दैनिक समाज जागरण**

शहर के पछिमपाली चौक पर किशनगंज युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष मो आजाद साहिल के अध्यक्षता में कांग्रेस नेताओं ने रविवार को राहुल गांधी के लोकसभा से सदयस्ता समाप्त किये जाने के विरोध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया. जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में किशनगंज के माननीय सांसद डॉ मो जावेद आजाद साहब मौजूद रहे. पछिमपाली चौक में पुतला दहन के बाद किशनगंज कांग्रेस जिला काँग्रस कमेटी के जिला अध्यक्ष पिंटू चौधरी जी के अध्यछता में गांधी घाट स्थल में महात्मा गांधी जी के प्रतिमा के समक्ष उपवास में कांग्रेस कार्यकर्ता बैठे. इस दौरान मुख्य रूप से मौजूद रहे कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष इमाम अली चिंटू, किशनगंज विधायक प्रतिनिधि अब्सरुल हुसैन, जिला उपाध्यक्ष नसीम अख्तर, अल्पसंख्य जिला



अध्यक्ष शमशीर अहमद दारा, जिला परिषद इमरान आलम, महिला जिला अध्यक्ष शाहजहां बेगम, महिला कांग्रेस नेत्री इला देवी, महिला प्रखंड अध्यक्ष सहिदा बेगम, नगर कांग्रेस प्रभारी जुल्फेकार अंसारी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सजल साहा, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव सरफराज खान, कांग्रेस नगर महासचिव मो हबीब, विचार मंच चेयरमैन नीरज कुमार, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष संभु यादव, युवा कांग्रेस नगर अध्यक्ष अमजद अली, युवा कांग्रेस जिला संयोजक वसीम अख्तर, युवा कांग्रेस नेता शौकत अली, युवा नेता मुस्तुफा , कांग्रेस नेता आदर्श कुमार साह, जिला महासचिव तौसीफ अंजार, सोशल मीडिया अध्यक्ष मो सहजाद, युवा कांग्रेस नेता अजहर अंजुम सहित कांग्रेस के दर्जनों कार्यकर्ता उपस्तिथ थे.

## नवजात बच्चों की खरीद बिक्री करने वाले गिरोह का पदार्फाश, तीन महिला सहित चार गिरफ्तार

**उत्तम सिंह संवाददाता दैनिक समाज जागरण सिलीगुड़ी(दार्जिलिंग)**

स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) व माटीगाड़ा थाना की सादे पोशाक की पुलिस ने नवजात बच्चों की खरीद बिक्री करने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिसमें से तीन महिला और एक पुरूष शामिल है। आरोपियों के नाम प्रभा देवी, बीना देवी, गौरी बहादूर छेत्री और प्रतिक देवनाथ है। प्रतिक देवनाथ और गौरी बहादूर छेत्री पति पत्नी है। इस दौरान 7 दिन की एक नवजात बच्ची को भी बरामद किया गया है। नवजात बच्ची को पुलिस ने सीडब्ल्यूसी के निर्देश पर उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में भर्ती किया है।

बच्ची स्वस्थ बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार प्रभा देवी बिहार के पटना की रहने वाली है। वहीं, बीना देवी और दंपति गौरी और प्रतीक सिलीगुड़ी के निवासी है। बताया गया है कि गौरी और प्रतीक ऐसे जोड़े की तलाश करते थे। जिन्हें बच्चे की चाहत होती थी। तलाश पूरी होने के बाद ये बिना देवी से संपर्क करते और नवजात बच्चे का ऑर्डर देते थे। इधर, ऑर्डर और एडवांस मिलने के बाद बिना देवी बिहार में अपने नेटवर्क को सक्रिय करती थी।

यह नेटवर्क खासकर आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को पैसे का लालच देकर अपने झांसे में लेते और फिर जन्म से पहले ही गर्भ में पलने



वाले बच्चे को खरीद लेते थे। इधर, जन्म होने के एक सप्ताह के अंदर बिना देवी बच्चे को गौरी और प्रतिक के हाथों सौंप देती। इसके बाद गौरी और प्रतिक बच्चे को लाखों रुपये में बिक्री कर देते थे। लेकिन आखिरकार यह गिरोह पुलिस के चंगुल में फंस ही गया। दरअसल, बीते कल आरोपी प्रभा देवी नवजात को लेकर उत्तर बंगाल विश्वविद्यालय के पास खड़ी किसी का इंतजार कर रही थी। इसकी सूचना मिलते ही एसओजी ने माटीगाड़ा थाना की पुलिस के साथ मिलकर विश्वविद्यालय के पास अभियान चलाया। इस दौरान प्रभा देवी से बच्चे के विषय में पूछताछ की गयी। लेकिन संदेह के आधार पर पुलिस ने प्रभा देवी को कड़ी पूछताछ के लिए थाना ले आयी। जिसके बाद पूरा मामला साफ हुआ। इस दौरान पुलिस को पता चला कि उक्त 7 दिन की नवजात बच्ची को 6 लाख रुपए में बिक्री किया जाना था। बताया गया है कि आगे की जांच डीडी को सौंप दी गयी है। डीडी के एसीपी राजेन छेत्री के नेतृत्व में पूरी घटना की गहन जांच शुरू की जा चुकी है।

इस बीच रविवार सभी आरोपियों को सिलीगुड़ी अदालत में पेश किया गया है।इस संबंध में एडीसीपी शुवेंद्र कुमार ने बताया कि एसओजी व माटीगाड़ा थाना की सादे पोशाक की पुलिस ने बच्चा खरीद बिक्री गिरोह का पदार्फाश करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान एक नवजात बच्चीं को भी बरामद किया गया है।

## मन की बात कार्यक्रम सीधा प्रशासन यूट्यूब के माध्यम से 99 वे संस्करण में मोदी जी ने कहा अंगदान के लिए जन भागीदारी जरूरी

वीरेंद्र चौहान दैनिक समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज। दिनांक 26 मार्च माह के चौथे रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की 'मन की बात' कार्यक्रम का सीधा प्रसारण यू ट्यूब के माध्यम से किशनगंज नगर मंडल वार्ड संख्या-10 में बूथ संख्या-244,245 बूथ, भाजपा नगर अध्यक्ष कुमार विशाल उर्फ डब्बा भाई के नेतृत्व में दिलावरगंज दुर्गा मंदिर के प्रांगण में सुना गया। मन की बात 99 वें संस्करण में मोदी जी कहा कि अंगदान के लिए जन भागीदारी होनी चाहिए ,अंगदान में डोमिसाइल नीति को खत्म कर एक नीति बनाई जा रही है । नवरात्रि की बधाई देते हुए मोदी जी ने बतलाया की नारी शक्ति की उपासना का यह पर्व हमें अहसास दिलाता है की नारी कमजोर नहीं है। सुरेखा यादव वंदे भारत एक्सप्रेस की पहली लोको पायलट महिला है,हाल में ऑस्कर पुरस्कार विजेता फिल्म एलिफेंट व्हिस्पर्स की निमार्ता निर्देशक महिला ही थी । नागालैंड जैसे क्षेत्र में पहली बार महिला विधायक एवम् मंत्री बनी है तुर्की में एन डी आर एफ की जो टीम भेजी गई थी उसमें महिला रक्षक दल ने सराहनीय भूमिका निभाई है। शालीजा धामी पहली महिला वायु सेना की पायलट है। जो 3000 घंटे की उड़ान की योग्यता धारण करती है । सोलर एनर्जी के क्षेत्र में भारत में अच्छा काम हो रहा है।पूना और दीव दो ऐसे शहर हैं जो मिसाल है।काशी तमिल संगम के तेज पर , सौराष्ट्र तमिल संगम का आयोजन किया जाएगा जो की हमारी



सांस्कृतिक विरासत को जोड़ने का काम करेगी । इसके साथ मोदी जी ने आगामी आने वाले त्योहार राम नवमी , रमजान माह , महावीर जयंती की शुभकामना व्यक्त की साथ ही महात्मा ज्योतिबा फूले जी की जयंती और बाबा भीम राव अंबेडकर जी की जयंती,मनाने के लिए आह्वान किया। आज के कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपाध्यक्ष पंकज कुमार साहा जिला महामंत्री राजेश कुमार गुप्ता ,जिला मीडया प्रभारी सह मन की बात जिला कार्यक्रम प्रभारी अधिवक्ता जय किशन प्रसाद कुशवाहा, अधिवक्ता प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मिथिलेश मिश्रा , शक्ति केन्द्र प्रमुख अधिवक्ता मिथलेश मिश्रा,गौतम पोद्दार,पवन सिंह,शक्ति केन्द्र सह प्रमुख अरुण यादव,अशीत सिन्हा, अधिवक्ता भास्कर मिश्रा, नगर उपाध्यक्ष संकर गुप्ता, नगर मंत्री मनोज तिवारी,दीपेश कुमार झा,मुकेश कुमार राय,सैनिक प्रकोष्ट से हरि किशोर साह, बिश्वजीत कुमार, बूथ अध्यक्ष गादू बोशाक, दिलीप कुमार चौहान,संदीप सोनार,सुनील केशरी,हरण लाल दास, कृष्ण कुमार,सुग्रिम चौहान ,भाजपा कार्यकर्ता विद्यानंद यादव , कन्हैया लाल,रवि दास , फागू लाल ,कौशल मोदक,संदीप कुमार,महेन्द्र महतो,गोपाल कुमार,लछमन साह, पंडित मनोहर कुमार झा,बैजनाथ प्रसाद, अर्जुन कुमार,मनोज जैन,किशोर कुमार केशव,संजय कुमार सिंहा, रवि कुमार दास,कल्याण कुमार बोस सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## रामपुर खुर्द पंचायत के लक्ष्मणबाग फूलवाड़िया में घरेलू विवाद में दो भाइयों ने मिलकर अपने ही सगे भाई को जिंदा जलाने को लेकर बदन पर गर्म तेल उलझ दिया

**दैनिक समाज जागरण निबराज आलम**

रामपुर खुर्द पंचायत के लक्ष्मणबाग फूलवाड़िया में घरेलू विवाद में दो भाइयों ने मिलकर अपने ही सगे भाई को जिंदा जलाने को लेकर बदन पर गर्म तेल उलझ दिया जिससे एक भाई गंभीर रूप से जख्मी हो गया। वहीं गंभीर रूप से जख्मी मिट्ठू साह ने बताया की संजय साह और रवि कुमार अचानक घर पर आ धमके और कहा कि धुएं से दीवाल गंदा



हुआ है उसे अभी साफ करो मैंने थोड़ी देर में साफ करने की बात कही यह सुनकर आग बबूला हो गया और जमकर मारपीट करने लगे उसके बाद चूल्हे पर रखे गर्म तेल को मेरे शरीर पर उलझ दिया। घायल मिट्ठू शाह नेआनन-फानन में मधुसुदनपुर थाना पहुंचकर दोनों भाइयों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई वहीं मधुसुदनपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपित भाई को हिरासत में लेकर अग्रेतर कार्रवाई में जुट गई है

## भागलपुर नगर निगम के वार्ड चार व रामपुर खुर्द समेत करीब एक दर्जन से ज्यादा पंचायत को जोड़ने वाली रेलवे पुल के रास्ते में अब भी भीषण जलजमाव की समस्या बनी हुई है।

**दैनिक समाज जागरण/निबराज आलम**

भागलपुर नगर निगम के वार्ड चार व रामपुर खुर्द समेत करीब एक दर्जन से ज्यादा पंचायत को जोड़ने वाली रेलवे पुल के रास्ते में अब भी भीषण जलजमाव की समस्या बनी हुई है। निगम के पार्षद समेत किसी भी अधिकारियों का इस ओर ध्यान नही है। यही एक मुख्य रास्ता है जिससे लाखों लोग रोजाना आवाजाही करते है।रामपुर खुर्द की ओर से नाले का पानी रेलवे पुल अंडर पास के भीतर प्रवेश कर रहा है,जिससे जलजमाव की समस्या उत्पन्न हो गई है। कई गाड़ियां इस जलजमाव में फंसकर खराब हो गई है। स्थानीय लोग बताते हैं कि इस सड़क से होकर आवाजाही करने में काफी परेशानी का



सामना करना पड़ता है विद्यालय आने जाने वाले छात्र-छात्राओं को भी काफी परेशानी होती है।आपको बता दें कि नाले की सफाई की समुचित व्यवस्था नहीं होने से यह समस्या उत्पन्न हुई है।

